राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-167
लखनऊ, रविवार 04 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

युवाओं को प्रशिक्षित करने में एन.सी.सी. का योगदान अहम : राज्यपाल 03

यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट मैच में लगाया दोहरा शतक 12

विकास कार्यों की ओर यूपी अग्रसर

मुख्यमंत्री योगी ने कन्नौज में 352 करोड़ की 59 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। शनिवार को कन्नौज पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 351 करोड़ की 59 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जिसमे 287 करोड़ की 43 परियोजनाओं का लोकार्पण किया एवं 64 करोड़ की लागत वाली 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभाविन्त भी किया। इस दौरान सीएम ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि सपा सरकार होती तो अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य मन्दिर नही बन पाता।

सीएम ने कहा कि कन्नौज में राजकीय मेडिकल कालेज का नाम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के नाम पर था, किन्तु समाजवादी पार्टी की सरकार ने उनका नाम हटाने का काम किया। कहा कि सपा ने अयोध्या में श्रीराम मन्दिर का विरोध किया। ये लोग परिवार के अलावा किसी और को बर्दाश्त नही कर सकते। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कन्नौज स्थित केके इण्टर कॉलेज के खेल मैदान (बोर्डिंग ग्राउण्ड) में आयोजित कन्नौजी माटी वंश समागम कार्यक्रम में पहुचे थे। यहां उनका हैलीकाप्टर बोर्डिंग ग्राउण्ड में उतरा और सीएम यहां से कार द्वारा स्व. एमएलसी बनवारी लाल दोहरे के आवास पहुंचे थे। वहां उन्होंने पूर्व एमएलसी को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मिले। इसके बाद उनका काफिला बोर्डिंग ग्राउंड में पहुंचा, जहां उन्होंने भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के पिता ओम प्रकाश पाठक की पांचवी पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर मंच से उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। सीएम ने यहां मातृशक्ति सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने आयुष्मान योजना, आवास योजना एव उज्ज्वला योजना तथा टैबलेट योजना के लाभार्थियों को चेक, आवास की चाबी और स्वीकृति पत्र प्रदान किए। सीएम ने कहा कि मै भरोसा दिलाता हूं कि मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बदलकर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर मेडिकल कालेज के नाम किया जाएगा। सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के कारण अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण हो पाया। उन्होने कन्नौज की जनता से अयोध्या आकर रामलला के दर्शन करने की अपील की।

▸ राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नाम पर किए जाने का ऐलान

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला श्रेणी-ए, छिबरामऊ के तालग्राम देहात में राजकीय पॉलिटेक्निक भवन, जीटी रोड के किमी 348 जसौली वाया महाचंदापुर से वीपी मार्ग के किमी 238 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तिर्वा-खैरनगर-औसेर हमीरपुर मार्ग के किमी 0 से 10 तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, छिबरामऊ तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले छिबरामऊ-विशुनगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, तहसील तिर्वा में 48.54 एकड़ में निर्मित इत्र पार्क का फेज-1, टी-4 हरसेन से बेला रोड, खरगपुर से खड़नी तक सड़क, बेहरापुर-गैसापुर, हमीरपुर, पट्टी- बीबीपुर, मियागंज, जाफराबाद, खाण्डेदेवर, असलताबाद, नगला-दनुआ, ताहपुर एवं गदौरा में पेयजल परियोजना।

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

नगर पंचायत समधन पेयजल पुनर्गठन परियोजना, ठठिया रजबहा के किमी 0 से किमी 20.203 तक पुस्र्थापना एवं नहरी भूमि की सीमांकन कार्य परियोजना, उमगरा से बारापुल, सुल्तानपुर से बंसरामऊ, हरौली से मन्नापुरवा, पाण्डेयपुरवा से मूसरि, अगौस से साहियापुर, सूरजपुर से परसरामऊ, एरुहो से बैरगरा, बसवारी से इब्राहीमपुर नगरीय, ककरैया मार्ग से नगला हसे, नगला विशुना से मिश्राबाद, बेहटा खास खानपुर कसवा, महमूदपुर खास नादनपुर की पुलिया से शंकरपुर लोकपुर, कसावा से पलिया बूचपुर एवं तालग्राम में इंदुयागंज से मीरपुर संपर्क मार्ग।

प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दी 70 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी

संबलपुर/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान करीब 70,000 करोड़ रुपये की कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन कर रहा है। आज जिन विकास कार्यों का उद्घाटन और आधारशिला रखी गई है वे ओडिशा की प्रगति को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा में सुविधाओं के साथ-साथ यहां के नौजवानों के लिए हजारों नए रोजगार के अवसर लाने वाली हैं।

पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं से ओडिशा को काफी फायदा हुआ है। केंद्र सरकार के मदद और प्रयासों से ओडिशा पेट्रोलियम और पेट्रो-रसायन के क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि ओडिशा के रेलवे सेक्टर को पहले की तुलना में 12 गुना ज्यादा बजट दिया गया है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण ओडिशा में लगभग 50,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है। पिछले 10 वर्षों में पेट्रो-रसायन के क्षेत्र में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।

खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को युवाओं और राष्ट्र के विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में जो उत्साह और आत्मविश्वास दिखा, वह आज हर खिलाड़ी और युवा की पहचान बन गया है। खेल के प्रति सरकार की भावना मैदान पर खिलाड़ियों की भावना के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से पाली सांसद खेल महाकुंभ को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सांसद खेल महाकुंभ में पाली के 1100 से अधिक स्कूली बच्चों सहित 2 लाख से अधिक एथलीटों की भागीदारी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ऐसे खेल आयोजनों के आयोजन में वर्तमान सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांसद खेल महाकुंभ जिलों और राज्यों के लाखों प्रतिभाशाली एथलीटों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह नई और उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और उनका दोहन करने का भी एक माध्यम बन गया है। मोदी ने खास तौर पर महिलाओं को समर्पित एक प्रतियोगिता के आयोजन का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक में खेल बजट में तीन गुना वृद्धि, टॉप्स सहित विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों एथलीटों को वित्तीय सहायता का प्रावधान और देश भर में कई खेल केंद्रों की स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स के तहत 3,000 से ज्यादा एथलीटों को 50,000 रुपये प्रति माह की मदद दी जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

उत्तर प्रदेश में तीन आईएएस अफसरों का हुआ ट्रांसफर

लखनऊ। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत यूपी में तबादले जारी हैं। एक सप्ताह के अंदर 35 से ज्यादा आईएएस अधिकारियों के तबादले किया गया। आज यूपी में 3 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए। हरदोई और मथुरा जैसे जिलों के डीएम रहे पुलकित खरे को विशेष सचिव नियोजन बनाया गया। वहीं आईएएस अर्चना गहरवार सचिव राज्य महिला आयोग को केजीएमयू का नया रजिस्ट्रार बनाया गया है। और 2013 बैच के आईएएस दिव्या मित्तल को सीईओ यूपीआरआरडीए बनाया गया है।

सिद्धू को कांग्रेस हाईकमान ने जारी किया नोटिस

चंडीगढ़। पिछले कई महीनों से पंजाब कांग्रेस से अलग चल रहे नवजोत सिंह सिद्धू पर हाईकमान सख्त हो गई है। पार्टी ने सिद्धू को नोटिस जारी कर दिया है। इससे पहले सिद्धू के करीबियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो चुकी है। पंजाब में कांग्रेस अपनी चुनावी रणनीति बनाने की तैयारी में है। इसके मद्देनजर एक फरवरी को कांग्रेस चुनाव समिति की अहम बैठक हुई थी। इस बैठक से पार्टी नेता नवजोत सिंह सिद्धू नदारद रहे। उन्होंने कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ अलग से बैठक की। अब इस मामले में कांग्रेस आलाकमान ने नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है। शनिवार को पार्टी ने सिद्धू को नोटिस जारी किया है। नोटिस के कुछ देर बाद सिद्धू ने शायराना अंदाज में एक्स पोस्ट किया।

कोर्ट ने सोरेन को फ्लोर टेस्ट में भाग लेने की दी अनुमति

रांची। पीएमएलए कोर्ट रांची ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में भाग लेने की अनुमति दे दी है। बता दें कि चम्पई सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार ने 5 फरवरी को फ्लोर टेस्ट कराए जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान चम्पई सोरेन अपनी सरकार की बहुमत साबित करेंगे। बता दें कि हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

बंगाल में पहली बार मिसाइल टेस्ट करेगा डीआरडीओ

कोलकाता। भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन पश्चिम बंगाल में दीघा के तट से मिसाइल टेस्टिंग करने वाला है। यह पहला मौका होगा, जब बंगाल के समुद्र तट से कोई मिसाइल टेस्ट होगा। आमतौर पर डीआरडीओ मिसाइल टेस्टिंग के लिए पड़ोसी ओडिशा के व्हीलर या बालासोर टेस्टिंग रेंज को ही प्राथमिकता देता है। मिसाइल की टेस्टिंग फरवरी के आखिरी या मार्च के पहले हफ्ते में की जाएगी। दीघा से होने वाली मिसाइल टेस्टिंग के दौरान ओडिशा के बालासोर से भी इसी समय मिसाइल लॉन्च की जाएगी।

यूपी विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही शनिवार को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। शाहजहांपुर जिले की ददरौल सीट से भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह और बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव को श्रद्धांजलि दी गई। ये दोनों मौजूदा विधानसभा के सदस्य थे।

सिंह का पांच जनवरी को, जबकि डॉ. यादव का 26 जनवरी को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दोनों मौजूदा सदस्यों के साथ-साथ छह पूर्व सदस्यों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। मानवेंद्र सिंह का निधन हम सभी के लिए दुखद है। वह दो बार विधायक रहे थे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। उनकी कमी सदन में हमेशा खलेगी।

आदित्यनाथ ने डॉ. यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, उनके निधन से हम सभी दुखी हैं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के पूर्व सदस्य मोबिन अहमद आजमी, सतीश चंद्र, जटा शंकर सिंह, मोहम्मद इरशाद खान, जगदीश गांधी और सुरेश संगल को भी श्रद्धांजलि दी। सपा, अपना दल (एस), रालोद, सुभासपा (ओम प्रकाश राजभर), कांग्रेस (आराधना मिश्रा) और जनसत्ता दल (रघुराज प्रताप सिंह) के नेताओं ने भी दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। विस अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मानवेंद्र सिंह के निधन से एक कुशल राजनीतिक नेता और समाजसेवी खो दिया।

सिविल जज ने सरकारी आवास में लगाई फांसी

लखनऊ। बदायूं में एक जज के फांसी लगाने की खबर से हड़कंप मच गया है। बदायूं शहर में शनिवार सुबह सिविल जज जूनियर डिवीजन का शव सरकारी आवास में फंदे से लटके मिलने से पुलिस प्रशासन में सनसनी मच गई। जिला जज पंकज अग्रवाल, डीएम मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी समेत न्यायिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवास के कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। घटना से न्यायिक अधिकारी से लेकर हर कोई सकते में है। खुदकुशी के पीछे क्या कारण रहा, इसकी जांच पुलिस की तफ्तीश के बाद साफ होगी। अधिकारियों ने मृतक सिविल जज के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी को मिलेगा सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां एक्स पर यह जानकारी दी। श्री मोदी ने लिखा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, देश के वरिष्ठतम नेता और हमारे मार्गदर्शक आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है। आज़ादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी की अहम भूमिका रही है।

नरेन्द्र गिरी आत्महत्या मामले की दोबारा हो जांच

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि महराज ने अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष और श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी के महंत नरेन्द्र गिरी मौत के मामले की दूसरी एजेंसी से जांच की मांग की है। परिषद के महामंत्री और और जूना अखाड़ा के संरक्षक हरि गिरि ने माघ मेला में कहा कि अब तक हुई जांच प्रक्रिया का अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आने से वह असंतुष्ट है। दोबारा जांच होने से सच्चाई सामने आएगी। पूर्व अध्यक्ष की मौत को दो साल से अधिक गुजर चुके हैं और जांच भी हुई लेकिन सच्चाई का पता नहीं चल सका है। इस मामले में एक बार पुनः नए सिरे नई एजेंसी से जांच की आवश्यकता है।

धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस ने केरल के दो लोगों को हिरासत में लिया

जालौन। जालौन के खुदादपुरा गांव में शनिवार को धर्म परिवर्तन कराने का मामला संज्ञान में आया हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। गांव खुदादपुरा निवासी हरिनारायण दोहरे केरल में रह कर कैंटीन का काम करता हैं। दो दिन पहले घर आया था। शनिवार दोपहर के वक्त उसके घर कार से दो लोग पहुंचे तो धर्म परिवर्तन की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी रजनेश सिंह चौहान पुलिस फोर्स के साथ मौके पहुंच कर दो लोगों को थाने में लाकर पूछताछ की गई है। उन्होंने अपने नाम केरल निवासी इब्राहीम व जोशमेन बताया और तलाशी के दौरान इनकी कार से दूसरे धर्म की किताबें पाई गईं।

यूपी में बढ़ेंगी आवागमन की सुविधाएं : दयाशंकर

▸ 1540 नए मार्गों के लिए फॉर्मूलेशन पूर्ण चलेंगी मंजिली गाडियां

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राज्यपाल ने मोटर यान अधिनियम, 1988 अधिनियम संख्या 59, सन् 1988 की धारा 68 की उपधारा 3 के खण्ड ग-क के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नए मार्गों पर मंजिली गाड़ी चलाने की अनुमति सहर्ष प्रदान कर दी है। उपरोक्त शासनादेश के माध्यम से 1540 मार्गों का परिवहन निगम के लिए फॉर्मूलेशन पूर्ण हो गया है। ,

परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि शासन की निगम को यह बड़ी सकारात्मक देन है। यह हमें अपनी सेवाओं के विस्तार करने व बस बेड़े के आकार में वृद्धि करने का सुअवसर प्रदान करती है। निगम के प्रयासों से निगम हित का यह बड़ा कार्य कई दशक बाद सिद्ध हुआ है।

ये मार्ग अधिसूचित मार्गों के सदृश है, यह विशेष उपलब्धि है। परिवहन मंत्री ने बताया कि हमारे सामने इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित कर सेवा देने का कार्य जल्द किया जायेगा। प्रत्येक स्तर पर एकीकृत व समेकित प्रयास मनोयोग से कार्य करने पर ही यह कार्य फलीभूत हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि यह कार्य शासन की भी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने टेंडर निर्गत करने की तैयारियां करने के निर्देश दिए है। परिवहन मंत्री ने बताया कि आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, गोंडा, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद मिर्जापुर संभाग के विभिन्न मार्गों पर मंजिली गाडियां संचालित की जाएंगी। एक ओर यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, दूसरी ओर परिवहन निगम को आर्थिक लाभ होगा।

उल्हासनगर थाने में फायरिंग, विधायक सहित तीन गिरफ्तार

मुंबई। उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस स्टेशन में शिंदे समूह के कल्याण शहर प्रमुख पर फायरिंग करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी विधायक गणपत गायकवाड़ सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना में घायल शिंदे समूह के महेश गायकवाड़ का इलाज ज्युपिटर अस्पताल में चल रहा है। हिल लाइन पुलिस के अनुसार, उल्हासनगर में जमीन विवाद को लेकर गणपत गायकवाड़ और महेश गायकवाड़ को पुलिस स्टेशन पर बुलाया गया था। थाने में भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने महेश गायकवाड़ पर फायरिंग कर दी। महेश गायकवाड़ को फौरन ज्युपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब के गवर्नर और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने अपने पद से शनिवार को इस्तीफा दे दिया। बीएल पुरोहित ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया। उन्होंने इस्तीफे की वजह निजी कारण बताए हैं। बनवारी लाल पुरोहित एक दिन पहले ही 2 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले थे।

भाजपा से लंबे समय से जुड़े रहे पुरोहित को 21 अगस्त 2021 को पंजाब का गवर्नर नियुक्त किया गया था। उन्होंने एक सितंबर 2021 को अपना पद संभाला। वह 2 साल 5 महीने 2 दिन पंजाब के राज्यपाल रहे। इससे पहले वह वर्ष 2017 से 2021 तक तमिलनाडु और वर्ष 2016 से 2017 तक असम के गवर्नर रहे।पुरोहित का जन्म 16 अप्रैल 1940 को राजस्थान के नवलगढ़ में हुआ था। बनवारी लाल पुरोहित ने राष्ट्रपति को भेजे 3 लाइन के इस्तीफे में लिखा-मैं व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के चलते पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक पद से अपना इस्तीफा देता हूं।

मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में हुई उल्लेखनीय वृद्धि : मांडविया

एजेंसी

▸ स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स में चौथे दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दस सालों में 16 नए एम्स की शुरुआत हुई हैं और साथ ही 1,60,00 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना की गई है।

इसमें स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, जीवनशैली शिक्षा और कल्याण घटक शामिल हैं। डॉ. मनसुख मांडविया शनिवार को एम्स जोधपुर में चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विस्तार करते हुए डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली ई-संजीवनी और टेली-मानस जैसे स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। डॉ. मांडविया ने सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम, टीबी मुक्त भारत अभियान जैसी पहल पर जोर देते हुए कहा कि देश के बड़ी संख्या में टीबी रोगियों को नि-क्षय मित्रों द्वारा अपनाया जा रहा है, जिन्हें आयुष्मान भारत के लक्ष्य के साथ जोड़ा गया है। डॉ. मनसुख मांडविया और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 5 उप-स्वास्थ्य केंद्रों, 15वें वित्त आयोग के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सिविल विंग की 63 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

बढ़ती ताकत

हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के साथ नौवहन मार्गों का निर्धारण करेगा पोत

पहला सर्वेक्षण पोत संध्याक नौसेना के बेड़े में शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में शनिवार को सर्वेक्षण पोत संध्याक औपचारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया।

नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उपयोग हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण में किया जाएगा जैसे चीनी नौसेना भारत और अन्य के निकट महासागर में करती है। रक्षा मंत्रालय ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के साथ 30 अक्टूबर, 2018 को 2435 करोड़ रुपये की कुल लागत से चार सर्वेक्षण पोतों (लार्ज) का निर्माण करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। इन पोतों को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग क्लासिफिकेशन सोसायटी के नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस पोत की प्राथमिक भूमिका बंदरगाह तक पहुंचने वाले मार्गों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करना और नौवहन मार्गों का निर्धारण करना होगी। इसके परिचालन क्षेत्र में ईईजेड, एक्सटेंडेड कॉन्टिनेंटल शेल्फ तक की समुद्री सीमाएं शामिल हैं। ये पोत रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा भी एकत्र करेंगे।

इन पोतों की दूसरी भूमिका युद्ध या आपातकालीन स्थिति के दौरान अस्पताल के रूप में कार्य करने की होगी। लगभग 3400 टन के विस्थापन के साथ 110 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा संध्याक अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों जैसे डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, स्वायत्त अंडरवाटर वाहन, रिमोट चालित वाहन, डीजीपीएस लॉन्ग रेंज पोजिशनिंग सिस्टम, डिजिटल साइड स्कैन सोनार से लैस है। दो डीजल इंजनों से संचालित यह पोत 18 समुद्री मील से अधिक की गति से चलने में सक्षम है। ये जहाज मौजूदा संध्याक श्रेणी के सर्वेक्षण जहाजों की जगह लेंगे, जो समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करने के लिए नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से लैस हैं। इस प्रोजेक्ट का पहला सर्वेक्षण जहाज संध्याक (यार्ड 3025) जीआरएसई ने बनाया है, जबकि शेष तीन जहाजों के निर्माण की परिकल्पना एलएंडटी शिपबिल्डिंग, कट्टुपल्ली में की गई है। इस पोत के निर्माण की प्रक्रिया 12 मार्च, 2019 को शुरू हुई और इस पोत को 05 दिसंबर, 2021 को लॉन्च किया गया। बंदरगाह और समुद्र में व्यापक परीक्षणों से गुजरने के बाद पिछले साल 04 दिसंबर को इसे भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। संध्याक का निर्माण 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ किया गया है।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

▸ शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर: डीएम

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील पलिया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय।

डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

डीएम ने गरीब और जरूरतमंद फरियादियों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि उन्हें कंबल भी प्रदान किए। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 25, पुलिस 07, विकास 06, पूर्ति और विधुत 02-02, अन्य विभाग 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ अजेंद्र यादव, डिप्टी सीएमओ अमित सिंह, तहसीलदार आरती यादव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संपूर्ण सुपोषण अभियान डीएम-एसपी ने सैम श्रेणी के बच्चों को बाटी सुपोषण किट

तहसील पलिया में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 04 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए। इस अवसर उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार, सीडीपीओ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

सरकारी भूमि (नाला) पर भू माफिया का अवैध कब्ज़ा, की शिकायत

बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर, तहसील- पलिया की सरकारी भूमि गाटा सं0 2413, 28, 1547, 18228, 1824ग, 22565, 1828च रकबा = 5.4710 आराजी स्थित शाहपुर आकृषित जलमग्न भूमि (नाला) पर भू माफियाओं का अवैध कब्जा हैं जो उक्त गाटा संख्या अभिलेख में दर्ज है। शिकायत कर्ता पवन सिंह, शंकर सिंह, मोहन सिंह,बलवंत सिंह,माया देवी,महेंद्र सिंह, रामरथ, व अन्य तमाम ग्रामीणों ने शनिवार को समाधान दिवस पलिया कला तहसील में उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप है ग्राम पंचायत शाहपुर के ही कुछ लोगो ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है जो भूमि सरकारी नाले के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ग्राम पंचायत के ही कुछ दबंग भूमाफिया किस्म के लोग लेखपाल की मिली भगत से जबरन कब्जा कर रखे हैं।

इसलिए उक्त सरकारी भूमि को जनहित में दबंगो से कब्ज़ा मुक्त कराया जाए। क्योंकि उक्त भूमि को दबंगो द्वारा कब्जा कर भूमि को विक्रय किया जा रहा है। इसलिए प्रार्थना पत्र संज्ञान में लेकर उक्त भू माफियाओं से सरकारी भूमि (नाला) को तत्काल प्रशासन द्वारा कब्जा मुक्त करवाया जाए और दोषी लोगों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। इस मौके पर तमाम ग्रामीण तहसील परिसर पलिया में मौजूद रहे।

बिजली कटौती को लेकर शिक्षा संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

▸ पदाधिकारियों ने एसडीएम धौरहरा को ज्ञापन देकर बिजली कटौती न किए जाने की मांग की

धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज

धौरहरा कस्बा सहित क्षेत्र मे हो रही बिजली कटौती व आगामी बोर्ड की परीक्षाओं मे बिजली कटौती न किए जाने के संबंध मे तहसील मे आयोजित समाधान दिवस मे पहुंचकर शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम धौरहरा को ज्ञापन देकर बिजली कटौती न किए जाने की मांग की। शनिवार को तहसील मे आयोजित समाधान दिवस मे शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के पदाधिकारियो ने पहुँचकर एसडीएम धौरहरा धीरेन्द्र सिंह को ज्ञापन देकर कस्बा धौरहरा सहित क्षेत्र मे की जा रही बिजली की कटौती व आगामी बोर्ड की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए बिजली की कटौती न किए जाने की मांग की। इस दौरान हिन्दू एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शर्मा,शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के जिला युवा अधिकारी राजहंस मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी उपेंद्र मिश्रा सहित सदस्य मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर आए कुल 21 शिकायती पत्र

मितौली खीरी। तहसील मुख्यालय पर संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। संपूर्ण समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग से संबंधित सात प्रार्थना पत्र तथा पुलिस विभाग से संबंधित चार प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित तीन प्रार्थना पत्र, बिजली विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्र, आपूर्ति विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। राजस्व विभाग से संबंधित चार प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। उप जिलाधिकारी मितौली ने संपूर्ण समाधान दिवस में आए शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्रेषित कर दिया गया। उप जिला अधिकारी मितौली ने संबंधित अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्रों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग, बिजली विभाग के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष प्रद्युम्न मिश्रा व महामंत्री अवनीश मिश्रा विजयी घोषित

मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज

बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद में प्रद्युम्न मिश्रा ने अपने निकटतम प्रत्याशी अवधेश चंद्र त्रिवेदी को 14 वोटो से हराया, वही महामंत्री में अवनीश मिश्रा ने अपने निकटतम प्रत्याशी नित्यानंद वर्मा को 35 वोटो से हराया। प्रातः काल सुबह 10:00 बजे से मतदान शुरू हुआ। 421 मतदाताओं में से 402 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया जिसमें प्रद्युम्न मिश्रा को 140 वोट, अवधेश चंद्र त्रिवेदी को 126, गोविंद खरे को 68, धर्मेंद्र वर्मा को 63 और विनोद वर्मा को 04 मत मिले। वही महामंत्री में अवनीश मिश्रा को 192, नित्यानंद वर्मा को 161 और पंकज कश्यप को 48 मत मिले जिसमें अध्यक्ष पद में प्रद्युम्न मिश्रा और महामंत्री में अवनीश मिश्रा चुनाव जीते घोषित किए गए। चुनाव कराने वाले समिति में प्रमुख रूप से चुनाव समिति अध्यक्ष वीरेंद्र नाथ गुप्ता, चुनाव अधिकारी जयप्रकाश त्रिवेदी ,सदस्य बीपी सिंह ,सरदार अली, नरेंद्र गुप्ता सहित पूरी टीम रही।

जीते पदाधिकारी को अधिवक्ताओं ने बधाई दी। सुरक्षा के दृष्टिकोण भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा जिसकी कमान प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने संभाली।

खबरें एक नजर में

युवक की हत्या में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

उचौलिया खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढढेल में बुधवार को की गई रंजिशन युवक की हत्या में फरार चल रहे आरोपियों में से पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को सुबह लगभग 11:40 पर बीरमपुर मोड निकट गांव ढढेल के पास सजेन्द पुत्र मिलाप और नेत्रपाल पुत्र कमलेश को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से हत्या में प्रयुक्त एक वास का डंडा और बेसवाल बरामद हुआ है जिनको जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उचौलिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, राम केवल तिवारी, दीपक प्रजापति, अंकित आदि शामिल रहे।

तहसील दिवस में आये 30 फरियादी, सुनी फरियाद

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। सम्पूर्ण समाधान दिवस सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल की अध्यक्षता एंव तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में हुआ। जिसमे कुल 30 प्रार्थना पत्र आये दो राजस्व सम्बंधित मामलों का मौके पर निस्तारण भी किया गया है।शनिवार को तहसील के पारिजात सभागार में हुये सम्पूर्ण समाधान दिवस मे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी ने दिवस में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को दिवस में आयी शिकायतों का गुणवक्तायुक्त निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, संजय कुमार,उप विद्युत खंण्ड अधिकारी राम गोपाल, सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह , अर्चना वर्मा,पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह,आनन्द कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत, प्रफुल्ल कुमार यादव थानाध्यक्ष बदोसराय उपस्थित रहे।

छात्र बनेंगे विकसित भारत अम्बेसडर, सांसद ने किया संवाद

बाराबंकी। विकास खण्ड देवां के अंतर्गत बबुरीगाँव में स्थित आर.पी.एस कालेज आफ फार्मेसी में बाराबंकी सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने विकसित भारत एम्बेसडर बनाने के लिए छात्र -छात्राओं से संवाद किया । तथा नमो एप डाउनलोड करवाया तथा नमो एप के बारे में छात्र -छात्राओं से जानकारी साँझा की। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक आर.पी सिंह, मण्डल अध्यक्ष विनय मौर्य, प्रदीप कुमार रावत, नितिन मौर्या, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, श्रवण रावत, अमरनाथ रावत सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

अखिलेश ने छात्रों को बांटे स्मार्ट फोन व टैबलेट

▸ जमकर साधा भाजपा पर निशाना, सरकार पूरे नही किये वादे

बेलहरा,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

नगर पंचायत बेलहरा में लैपटॉप वितरण समारोह में हेलीकाप्टर से पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने टॉपर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशान साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे वह पूरे नहीं किया। देश में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है, युवा बेरोजगार घूम रहा है और किसानो की आय दोगुनी नहीं हुई।

जब तक किसान खुशहाल नहीं होगा तब तक देश की खुशहाली का सपना पूरा नहीं होगा। करोड़ो नौकरी देने का वादा किया था लेकिन पूरा नहीं कर पाए। सब्जी, दाल से लेकर नमक तक के दाम बढ़े हुए हैं, देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ी हुई है, बीजेपी अर्थव्यवस्था ठीक होने की बात कर रही है जबकि 80 करोड़ को राशन मिल रहा है क्या यही अर्थव्यवस्था है?

छात्र-छात्राओं को लैपटॉप न देकर उन्हें मोबाइल थमाया जा रहा है इसका कारण यही है प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद लैपटाप चलाना नही जानते। उन्होंने कहा कि एनडीए को सपा का पीडीए ही हराने जा रहा है क्योंकि 90 प्रतिशत लोग इसमें हैं, पिछड़े,दलित और अल्पसंख्यक सभी इसमें शामिल हैं। यही 90 प्रतिशत गठबंधन इन्हें हराएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी बेमानी करके चुनाव जीतती है, बाराबंकी में बेमानी की गई जिसमे कुर्सी विधानसभा से राकेश वर्मा चुनाव जीते थे लेकिन उन्हें भी हरा दिया गया।

बेमानी का बड़ा उदाहरण अभी चंडीगढ़ में चंद दिन पहले हुए चुनाव में देखने को मिला जिसमें एक अधिकारी द्वारा पेन चलाकर वोट खराब किया जा रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग जो कहते हैं करते हैं,हमने छात्र-छात्राओं को लैपटाप और युवाओं को रोजगार दिया।

अखिलेश ने मंच से वादा किया की सपा सरकार आने पर बेलहरा में ब्लाक बनेगा और एक बड़ा अस्पताल बनाया जायेगा ताकि अच्छे इलाज के लिए दूर जाना न पड़े, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बड़े कालेज का निर्माण कराया जायेगा। चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज़ खान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंच पर 25 बच्चो को अयाज खान की तरफ से लैपटाप दिए जबकि हाई स्कूल और इंटर के कुल 50 टापरों को लैपटॉप वितरण किए गए। अखिलेश यादव को कार्यक्रम आयोजक अयाज़ खान ने माला पहनाकर और मुलायम सिंह यादव की चांदी की स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

क्रार्यक्रम का संचालन रिजवान संजय ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप,पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा,पूर्व मंत्री यामीन खान,विधायक गौरव रावत, प्रवक्ता जूही सिंह,पूर्व एमएलसी राजेश यादव,राम गोपाल रावत, विकास यादव,यासिर अरफाता किदवाई,सुरेंद्र वर्मा,कुलदीप सिंह, अदनान चौधरी, श्रेया वर्मा, लवली रावत,सरताज चौधरी,नसीम गुड्डू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कंबल के बिना निराश लौटे लाभार्थी

अखिलेश यादव के इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को लैपटाप के साथ कंबल वितरण का भी एलान कराया गया था जिसकी आस में बड़ी संख्या में क्षेत्र से गरीब बुजुर्ग और महिलाएं आई है लेकिन उन्हें तब निराशा हाथ लगी जब कार्यक्रम के समापन पर उनसे किसी ने हाल तक नहीं पूछा और वह बिना कंबल खाली हाथ लौट गए। आयोजक और नेतागण अपनी गाड़ियों में बैठकर निकल गए।

कार्यक्रम में नारद रहे पर्व मंत्री हाजी फरीद

अखिलेश यादव के इस कार्यक्रम में सपा की गुटबाजी साफ दिखी,जिले के तमाम नेता रहे लेकिन इसी विधानसभा से विधायक और पूर्व मंत्री रहे हाजी फरीद नारद रहे। पार्टी के सीनियर नेता और बड़े मुस्लिम चेहरे का गायब रहना चर्चा का विषय बना हुआ है।

ग्रामीणों के अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन ने ढहाया

हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत रनापुर गांव में मंजर भूमि गाटा संख्या 88/5 पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध अस्थाई निर्माण को राजस्व प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर ढहा दिया। प्रशासन की इस कार्यवाही से अवैध कब दीदारों में हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि गाटा संख्या पर कब्जा किए हुए लोगों के विरुद्ध न्यायालय में धारा 67 के तहत मुकदमा चल रहा था न्यायालय का आदेश आने के बाद उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सीताराम के नेतृत्व में राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम दोपहर बाद जेसीबी लेकर गांव पहुंची जहां सरकारी भूमि पर चार कब्जेदारो द्वारा अवैध रूप से निर्मित किए गए दो टीन शेड एवं दो झोपड़ी को जेसीबी के द्वारा ढहा दिया गया। सरकारी भूमि खाली कराने वाली राजस्व टीम में नायब तहसीलदार के अलावा राजस्व निरीक्षक उमेश पाल लेखपाल नीरज श्रीवास्तव संतोष कुमार ओमप्रकाश एवं भानु प्रताप आदि शामिल रहे।

पं. सुरेन्द्रनाथ अवस्थी को दी गई अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई बुलंदियों पर पहुचाने के लिए अपनी राजनीति का बलिदान देने वाले हैदरगढ़ के विकास पुरुष माने जाने वाले स्वर्गीय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू भैया की 12वी पुण्यतिथि ग्राम्यांचल महाविद्यालय स्थित स्मृति उपवन में नम आंखों के बीच मनायी गयी। इस अवसर पर उनसे जुड़े लोगों ने स्वर्गीय अवस्थी के विराट व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए हैदरगढ़ क्षेत्र के विकास के लिए किए गए उनके बलिदान को याद किया। स्वर्गीय अवस्थी के पुत्र शरद अवस्थी पिंटू भैया आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया एवं सिद्धार्थ अवस्थी सिद्धू भैया के अलावा स्वर्गीय अवस्थी के समय से अब तक जुड़े हुए सरवर सिद्दीकी वरिष्ठ कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी रामनगर से चलकर आए संजीव मिश्रा ने उनके साथ बिताएंगे वक्त को याद करते हुए कहा कि उनका दिल बहुत पड़ा था वह हमेशा अपने परिवार से ज्यादा हैदरगढ़ के इस बड़े परिवार के हितों उनके विकास की चिंता करते रहते थे किस तरह हैदरगढ़ और यहां के लोग विकास की रोशनी तक पहुंचे इसके लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते थे यही वजह रही कि उन्होंने हैदरगढ़ के स्वर्णिम विकास के लिए अपने विधायक पद से इस्तीफा देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के लिए अपनी राजनीति का बलिदान कर दिया और हैदरगढ़ के विकास को तरजीह दी। यही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में अत्यधिक पिछड़े हैदरगढ़ को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम्यांचल सेवा समिति के बैनर तले एक के बाद एक शिक्षण संस्थान खोलने का कार्य अनवरत जारी है। वक्ताओं ने ग्रामअंचल परिवार की उत्तरोत्तर उन्नति के लिए हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया। इससे पूर्व स्मृति उपवन में स्थित यशः काय पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुण्यतिथि के मौके पर ब्राह्मणों को भोजन करने के पश्चात दान दक्षिणा भी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर पूर्व सांसद बैजनाथ रावत इंडिया एलाइंस से संभावित सांसद प्रत्याशी तनुज पुनिया वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश प्रसाद शर्मा गंगा बक्स सिंह शिवकुमार चतुर्वेदी महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ लाखन सिंह, दिनेश शुक्ला, पवन यादव रामनगर बाराबंकी से आए संजीव मिश्रा के अलावा कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्राम्यांचल परिवार से जुड़े लोग मौजूद रहे।

12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

फतेहपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

स्थानीय वारिस चिल्ड्रेंस एकेडमी इंटर कॉलेज में शनिवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ द्य प्रधानाचार्या सुमन शुक्ला ने अपने शुभकामना सन्देश में कहा कि बाह्य सुंदरता की तुलना में आंतरिक सुंदरता पर विशेष ध्यान देना चाहिए द्य इसी कारण महान लोग अपने गुणों के कारण याद किये जाते हैं। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की।

कक्षा 12 की छात्रा इशिता जैन को स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर सम्मान से नवाज़ा गया तथा उमरा ,वैभव वर्मा, अखिलेश तिवारी, भरत जैन, पलक को स्टूडेंट ऑफ़ डब्ल्यूसीए सम्मान से नवाज़ा गया संस्थापक प्रबंधक विजय आनंद बाजपेई ने अपने आशीर्वाद उद्बोधन में विद्यार्थियों को सफल और सार्थक जीवन जीने के गुर बताए।

इस अवसर पर गिरींद्रनाथ मिश्र ,अनिल वर्मा, राजकमल सिंह, आशुतोष अवस्थी, के पी वर्मा, रीनू वर्मा, रेखा मिहिर,पूजा अवस्थी, आयुष्मति वर्मा,नीरज श्रीवास्तव, सुशील पाठक, कुलदीप शर्मा,संदीप शर्मा,रामानंद वर्मा सहित सभी स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

जीरो टॉलरेंस नीति का अपमान करने वाले व्यावसायिक वकीलों का रद्द हो बार काउंसिल का रजिस्ट्रेशन: सरवर अली

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

सरकारी ज़मीनो पर कब्ज़ा करने वाले कारोबारी वकीलों के खिलाफ अब अवाम में आवाज़ उठने लगी है, शनिवार को तहसील दिवस पर वक़्फ़ अमजद अली खां के सेक्रेटरी ने पेश होकर वक़्फ़ की ज़मीन पर दस्तवेज़ों में हेराफेरी कर कब्ज़ा और अवैध निर्माण कराने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के साथ दाखिल खारिज और नक्शा कैंसिल करने की मांग की है।

ज़िलाधिकारी/अपर वक़्फ़ आयुक्त के नाम दिए गए पत्र में सेक्रेट्री सरवर अली रिज़वी ने लिखा है कि बाराबंकी हेड पोस्ट आफिस के सामने वर्ष 1912 से रजिस्टर्ड वक़्फ़ अमजद अली खान रजि नंबर 1480 की वक़्फ़ संपत्ति गाटा संख्या 186 मि जो लोक सम्पत्ति है पर लंबे समय से श्री शाहजी इंफ्रा वेंचर्स की नीलम हाइट्स नाम से सुजीत शाह नामक व्यक्ति द्वारा संजय यादव बाबा और भुललन वर्मा से मिलकर करोडो की ज़मीन पर दस्तवेज़ों में हेरा फेरी अवैध कब्जा और निर्माण खुले आम करवाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती दी जा रही है।

इस संबंध में प्रदेश सरकार के अधीन यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक़्फ़ ,इंदिरा भवन लखनऊ में धारा 52 के तहत मदन टण्डन ,हर्षित टंडन ,नीलम शाह को नोटिस भेजकर 5 फरवरी को तलब भी किया गया है।

इसके बाद भी उपरोक्त लोगो द्वारा करोडो कि वक़्फ़ की संपत्ति पर अवैध कब्जा सरे आम कर वक़्फ़ संपत्ति को नुकसान पहुचाया जा रहा है, उपरोक्त लोगो द्वारा बार कौंसिल को दिए गए एफिडेविट में कहा गया है कि यह लोग खुलेआम प्रोपर्टी डीलिंग और ज़मीन हड़पने का कार्य किया जा रहा है। विवादित ज़मीन पर चैंबर का बोर्ड लगाकर हैबत तारी कर फ़र्ज़ी मुकदमों में फसवाने की धमकी देकर अदालत और सरकार का अपमान करते है।उपरोक्त लोगो द्वारा इसी ज़मीन के सामने लबे समय से लगा पीपल का हरा भरा पेड़ भी अपने फायदे के लिए कटवा कर गायब कर दिया गया है।जो सरासर गलत और गैर कानूनी है। सरवर अली रिजवी ने इस मामले में डीएम से की गई अपील में कहा है कि मामले को गम्भीरता से लेकर इनकी रजिस्ट्री दाखिल खारिज ,नक्शा जो पास ज़िला प्रशासन और वक़्फ़ बोर्ड को गुमराह कर करवाया गया है पर इनके विरुद्ध लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने के निर्देश के साथ,तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने और धारा 145 के तहत कुर्क किया जाए।

राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एन.सी.सी. कैडेटों को पदक और प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

युवाओं को प्रशिक्षित करने में एन.सी.सी. का योगदान अहम

एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को अनुशासित करना व देशप्रेम सिखाना

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को यहाँ राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित भव्य समारोह में नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर एवं परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एन.सी.सी. के कैडटों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी पदक विजेता और नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में सफलतापूर्वक प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स को उनकी उपलब्धि और योगदान के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने एन.सी.सी. कैडेट के इस अलंकरण समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि कार्यक्रम जोश, उत्साह और राष्ट्र प्रेम दर्शाने वाला था। उन्होंने उत्तर प्रदेश की समग्र छवि को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम की विशेष सराहना की और एन.सी.सी. कैडेट्स को देश के अन्य राज्यों की समग्रता प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम भी राजभवन में प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल ने युवाओं को प्रशिक्षित करने में एन.सी.सी. की विशेष सराहना की और कहा कि देश भक्ति के जज्बे के साथ यहाँ की संस्कृति, साहित्य, कला, उत्पादन, समाज कार्य जैसे विविध क्षेत्रों के ज्ञान से समग्र करके इन युवाओं को जो प्रशिक्षण एन.सी.सी. से आज प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे तब उनके काम आएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को भारत का भविष्य बताया है। आने वाला भारत कैसा हो इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। युवाओं की गतिविधियाँ ही देश के भविष्य को बनायेंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का दायित्व है देश को आगे ले जाना।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने देश में अस्पतालों की बढ़ती आवश्यकता और वृद्धाश्रमों की संख्या पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आगामी पीढ़ी का स्वस्थ होना और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होना भी जरूरी है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए मोटे अनाज की उपयोगिता पर विशेष चर्चा की और इस क्रम में हाल ही में राजभवन में आयोजित श्री अन्न प्रतियोगिता में प्रदर्शित पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए माता-पिता के प्रति संवेदनशील रहने को प्रेरित किया और भारतीय परम्पराओं के अनुसार वृद्धावस्था में उनकी सेवा करने और परिवार में ही साथ में रखने को कहा। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम हमारी संस्कृति और परम्परा में नहीं हैं।

छह कैडेटों को गवर्नर गोल्ड मेडल और छह को गवर्नर सिल्वर मेडल

एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा प्रदर्शित विविधतापूर्ण कार्यक्रम की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विविधता में एकता भारत की शक्ति है। जब प्रदेश आगे बढ़ता है तो देश आगे बढ़ता है। देश की लगभग 140 करोड़ की आबादी मिलजुल कर कार्य करती है, तो एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण होता है। उन्होंने देश के विकास में लड़कियों को भी समग्रता से योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता लड़के, लड़कियों में फर्क न करें, बेटियाँ भी साहस के कार्य करें। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में गुजरात की सीमा पर स्थित स्कूलों में एन.सी.सी. और सेना के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षण कार्य भी करके बच्चों को उचित दिशा प्रदान करने के संस्मरण भी साझा किए। कार्यक्रम में एन.सी.सी. निदेशालय उत्तर प्रदेश से ए.डी.जी. मेजर जनरल विक्रम कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि एन.सी.सी. का उद्देश्य युवाओं को अनुशासित करना और देश प्रेम सिखाना है। उन्होंने राज्यपाल के समक्ष उत्तर प्रदेश एन.सी.सी. वार्षिक प्रगति विवरण और उपलब्धियों की चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. का आदर्श वाक्य है एकता और अनुशासन। यहाँ उल्लेखनीय है कि आज के कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस शिविर में उत्तर प्रदेश एन.सी.सी. निदेशालय के प्रतिभागी 122 कैडटों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें 74 लड़के और 48 लड़कियां शामिल रहीं। उत्तर प्रदेश के उनके उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व की मान्यता में, राज्यपाल ने छह कैडेटों को प्रतिष्ठित गवर्नर गोल्ड मेडल और छह को गवर्नर सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। इसके अलावा, एनसीसी निदेशालय के 14 समर्पित स्टाफ सदस्यों को गणतंत्र दिवस शिविर के दौरान नई दिल्ली में गहन प्रतिस्पर्धा के लिए इन कैडेटों को तैयार करने में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

लक्ष्मण टीला की विवादित जमीन पर अवैध गतिविधि को लेकर सख्ती

समृद्धि न्यूज

विभाग के आदेशों का पालन कराए जाने को लेकर डीएम को पत्र

लखनऊ। लक्ष्मण टीला की विवादित भूमि पर बनी टीले वाली मस्जिद प्रबन्धन द्वारा विवादित भूमि पर किये गये अवैध निर्माणों को हटाये जाने को लेकर पुरातत्व विभाग के आदेशों का पालन कराये की मांग को लेकर जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है।

यह पत्र लक्ष्मण टीला में वर्षों से पूजा की मांग कर रहे धनवीर सिंह और अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि कुमार त्रिवेदी ने दिया है। इस पत्र में कहा गया है कि पुरातत्व विभाग के निर्देशों के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा लक्ष्मण टीला की विवादित जमीन पर हो रही अवैध गतिविधियों पर अनदेखी की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप में लक्ष्मण टीला से जुड़े सबूतों को मिटाने की कोशिशें टीले वाली मस्जिद के प्रबन्धन द्वारा की जा रही है। भारतीय पुरात्व विभाग जिलाधिकारी लखनऊ को 20 सितम्बर 2016 और बीते वर्ष 6 दिसम्बर 2023 को इमामबाड़ा आसफुद्दौला बड़ा इमामबाड़ा के प्रतिशिद्ध क्षेत्र जिसके अन्तर्गत लक्ष्मण टीला की विवादित भूमि भी शामिल है, में कराये गये अवैध निर्माण को हटाये जाने के आदेश जारी किये थे, लेकिन इन आदेशों के बावजूद टीले वाली मस्जिद का प्रबन्ध तंत्र स्थानीय पुलिस थाने और जिला प्रशासन के अधिकारियों की मिलीभगत से लक्ष्मण टीला की विवादित भूमि पर अवैध गतिविधियों को निरन्तर अंजाम देता रहता है। परिणामस्वरूप में लक्ष्मण टीला से जुड़े सुबूत नष्ट हो रहे है जो भविष्य न्यायिक लड़ाई में असर डाल सकता है। आज जिलाधिकारी को दिये गये पत्र में धनवीर सिंह और हिन्दू महासभा नेता ऋषि कुमार त्रिवेदी ने बताया है कि बीते वर्ष 17 सितम्बर 2023 को टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम फजलुल मन्नान ने लक्ष्मण टीला की विवादित जमीन को उत्खनन कर अवैध काररवाई को अंजाम दिया।

खबरें एक नजर में

बजट में होनी चाहिए जनहित व कल्याण की वास्तविक चिंता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को कहा कि बजट में जनहित और जनकल्याण की वास्तविक चिंता होनी चाहिए। मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल बजट सत्र के उद्घाटन पर राज्यपाल का अभिभाषण सरकारी दावों व वादों का मसौदा न होकर यहां के लोगों की ज़मीनी हक़ीक़त पर आधारित होता है तो यह बेहतर होता, जिससे सरकार पर इसका संभवतः थोड़ा प्रभाव पड़ता। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार अगर जनहित एवं जनकल्याण की वास्तविक चिंता करके, उनसे सम्बन्धित कार्यों को सही से लागू करवाती है तो इससे यूपी का पिछड़ापन व यहां के लोगों की ग़रीबी एवं बेरोजगारी कुछ तो जरूर दूर होगी। इन मामलों में सरकार अवश्य ध्यान दे।

विधानसभा में दी गई दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आज शनिवार को दो दिवंगत सदस्यों मानवेन्द्र सिंह और एसपी यादव को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व दलीय नेताओ ने इनके निधन को सदन की अपूर्णीय क्षति बताया। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने सदन के छह पूर्व सदस्यों के निधन पर भी शोक जताया। सदन के सदस्य रहे मोबिन अहमद आजमी,सतीश चन्द्र, जटाशंकर,इरशाद खां,डा सुरेश सिंघल, जगदीश गांधी के निधन पर दलीय नेताओं ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी।

आडवाणी को भारत रत्न देने पर केशव मौर्य ने जताया पीएम का आभार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दी है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में शामिल आडवाणी का भारत के विकास में महान योगदान है। पीएम मोदी की इस घोषणा के बाद यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने उनका आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा-देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, राजनीतिक एवं वैचारिक प्रतिबद्धता के आदर्श, भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है जिससे उनके योगदान और कार्यों को सार्वजनिक रूप से पहचान मिलेगी। मैं समस्त देशवासियों की ओर से मा0 प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ तथा देशवासियों को बधाई देता हूँ।

आईटीआई लखनऊ मे महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई लखनऊ राज कुमार यादव ने बताया कि 06 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में हीरो मोटोकार्प लि0, हरिद्वार, उत्तराखण्ड के द्वारा महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाना है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग के लिए महिला अभ्यर्थियों जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष के बीच, आईटीआई वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 में फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिष्ट, मोटर मैकेनिक डीजल, मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक एवं इलेक्ट्रीशियन से उत्तीर्ण की हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा सीटीसी वेतन 22,348 रूपये प्रतिमाह एवं इनहैण्ड वेतन 15,703 रूपये साथ ही पीएफ और ईएसआई तथा अप्रेन्टिसशिप हेतु वेतन 16,934 रूपये प्रतिमाह एवं कैन्टीन, यूनीफॉर्म, जूते एवं मेडिकल इन्श्योरेन्स दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 06 फरवरी 2024 को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

कम्पनी की जमीनें बेचने वाले जालसाजों पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आलमबाग के सिंगारनगर निवासी रोहित गुप्ता ने शिकायत करते हुये बताया वो उसकी पत्नी सारिका गुप्ता आर एस विजन इंफ्रा प्रापट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है, उसकी कम्पनी की बेशकीमती जमीन निगोहां के मस्तीपुर में स्थित है जालसाज नवीन सिंह निवासी वृदावंन योजना पीजीआई के कुटरचित दस्तावेजों के जरिये फर्जी प्रपत्र तैयार कर उसकी कम्पनी का डायरेक्टर बन मस्तीपुर गांव में स्थित बेशकीमती जमीनो का विक्रय अनुज सिंह राजावत निवासी वृदावंन योजना पीजीआई के नाम 2 मई 2023 को विक्रय कर दिया। जिसमें अजय कुमार चौरसिया निवासी बेहटा कला, रायबरेली व राबिन्द निवासी विभूतिखंड गोमतीनगर को गवाह बनाया गया। जालसाजों ने फर्जी तरीके से जिस अनुज सिंह राजावत के नाम जमीन विक्रय की है उसके विरूद्व पीजीआई थाने में पांच मुकदमें दर्ज है।

एडीएम को आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग देगा आईआईएम

समृद्धि न्यूज

आपदाओं से निपटने में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर शिविर

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों (एडीएम) को महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25-25 एडीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में जलवायु परिवर्तन, संवेदनशीलता और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र के आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे।

योगी सरकार पहले चरण में आईआईएम लखनऊ में 6 और 7 फरवरी को शिविर का आयोजन करने जा रही है, जिसमें 25 एडीएम प्रतिभाग करेंगे। शिविर को चार अलग-अलग सेशन में विभाजित किया गया है। अपर मुख्य सचिव (राजस्व) सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपदाओं से होनी वाली जनहानि को न्यूनतम करने पर खास फोकस है। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े 6 साल में प्रदेश में बाढ़ समेत अन्य आपदाओं से होने वाली जनहानि को काफी कम किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता और आपदा के पहले ही अधिकारियों के अर्लट होने से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि आपदाओं से निपटने और उसके उचित प्रबंधन के लिए प्रदेश के सभी जिलों के एडीएम का प्रशिक्षण कराने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत आईआईएम लखनऊ में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्रसभा ने फूंका इलाहाबाद विवि के प्रॉक्टर का पुतला

लखनऊ। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीते दिनों एक छात्र के साथ अभद्र व्यवहार और अमानवीय घटना के विरोध में शनिवार को समाजवादी छात्र सभा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। छात्र के साथ हुई रैगिंग के विरोध में समाजवादी छात्रसभा के छात्र नेताओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर का पुतला फूंककर विरोध जताया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस और समाजवादी छात्रसभा के छात्र नेताओं के साथ काफी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हिरासत में ले लिया। बता दें कि हाल ही में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में एक छात्र का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा था। जिसमें छात्र इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर और हॉस्टल वार्डन पर रैगिंग करने का आरोप लगा रहा था। छात्र का कहना था कि प्रॉक्टर और हॉस्टल वार्डन ने पैंट उतरवाकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

अधिक उत्पादन के लिए स्थापित होंगे 150 सेंटर

समृद्धि न्यूज

इंटरनेशनल बायर सेलर सम्मेलन व प्रदर्शनी का शुभारंभ

लखनऊ। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सहयोग से द्वितीय इंटरनेशनल बायर-सेलर मीट एवं प्रदर्शनी का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह द्वारा जेपी होटल एंड कन्वेशन सेंटर आगरा में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। 40 से अधिक स्टॉल का निरीक्षण कर उत्पादकों से जानकारी प्राप्त की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आगरा के निकटवर्ती अलीगढ़, कन्नौज, फर्रूखाबाद आदि में आलू की बहुत उन्नत खेती होती है। आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की स्थापना की जा रही है।

इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर से किसानों को होने वाले फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि पेरू की राजधानी लीमा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर है, वहां से अच्छा व सस्ता आलू बीज लाकर आगरा के इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर में विकसित कर आगरा के आसपास के किसानों को ज्यादा पैदावार व कीमत मिलेगी, किसानों को ट्रेनिंग भी मिलेगी। बॉयर-सेलर मीट तथा प्रदर्शनी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि यहां किसानों, उत्पादकों का प्रोसेसर, एक्सपोर्टर तथा वैज्ञानिक खेती में एक्सपर्ट इंस्टीट्यूट से मिलना, उनसे संवाद करना है जिससे कि कम कीमत पर अच्छी उपज, तथा फसलों को अच्छे दाम मिल सकेंगे। किसानों को कम कीमत पर अधिक उत्पादन प्राप्त हो, इस क्षेत्र में यूपीएल इंडिया कंपनी और अधिक कार्य करेगी तथा यूपीएल द्वारा 150 सेंटर यूपी में स्थापित किए जाएंगे।

कृषि क्षेत्र सर्वाधिक इनपुट तथा प्रोड्यूस मार्केट है, पूरी दुनियां में सर्वाधिक लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दूसरे दिन कृषकों को ड्रिप व स्प्रिंकलर प्रोजेक्ट का फील्ड विजिट कराने तथा लागत घटाकर उत्पादन तथा गुणवत्ता बढ़ाने की तकनीकी जानकारी दी जायेगी। उपभोक्ता को बेहतर उत्पाद मिले, उत्पादकों को कम लागत पर अधिक उत्पादन तथा कीमत के साथ बाजार मिले यही इस सम्मेलन का उद्देश्य है। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में उत्पादित कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहे दो दर्जन से अधिक निर्यातकों द्वारा बायर-सेलर मीट आयोजन में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस आयोजन के तकनीकी सत्र में कृषि फसलों के निर्यात को कैसे बढ़ाया जाय, इस पर वर्ल्ड इकानामिक फोरम, इन्टरनेशनल फाइनेन्स कारपोरेशन तथा सेन्टर फॉर फोर्थ इण्ड्रस्ट्रियल रिव्ल्यूशन द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। कृषि में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वर्ल्ड रिसोर्स ग्रुप द्वारा उत्तर प्रदेश माइक्रोइरीगेशन प्रोग्राम की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध करायी जा रही है। निदेशक मंडी अंजनी कुमार सिंह ने भी सम्मेलन को सम्बोधित कर सम्मेलन के उद्देश्यों एवं प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भता की ओर बढ़ रहा यूपी

ओबरा सी की पहली इकाई से बिजली का कामर्शियल उत्पादन शुरू

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रधानमंत्री के आशीर्वाद व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसी क्रम में ओबरा-सी 2 गुणा 660 मेगावॉट क्षमता की तापीय परियोजना की पहली ईकाई से शुक्रवार को कामर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी, साथ ही प्रदेश की बिजली उत्पादन की अपनी क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। प्रदेशवासियों को सस्ती बिजली उपलब्ध हो इस दिशा में राज्य सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाया है।

प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एकेशर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ऊर्जा विभाग प्रदेश के सम्मानित नागरिकों को बेहतर विद्युत आपूर्ति देने में निरंतर लगा है। उन्होंने इस परियोजना से जुड़े सभी विद्युत कर्मियों सहित ऊर्जा परिवार का अभिनंदन किया और राज्य की जनता जनार्दन को हार्दिक बधाई दी। उर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर विद्युत आपूर्ति एवं इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही यूपी में बिजली की किल्लत खत्म होगी।

ओबरा-सी परियोजना में 660-660 मेगावॉट की दो इकाइयां स्थापित की गई हैं। पहली इकाई से विद्युत का कामर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। जिससे प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में 660 मेगावॉट का और इजाफा हुआ है। इस परियोजना की दूसरी यूनिट से भी जून तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। जिससे आने वाले गर्मी के मौसम में राज्य में बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने में बहुत सहायता मिलेगी। साथ ही प्रदेशवासियों को बिजली कटौती से भी नहीं जूझना पड़ेगा। मई-जून की भीषण गर्मी से पहले ही राज्य में लगभग दो हजार मेगावॉट बिजली की उपलब्धता और बढ़ जाएगी। सोनभद्र जिले में स्थित 1320 मेगावॉट की ओबरा-सी परियोजना की 660 मेगावाट की दूसरी यूनिट से भी राज्य को बिजली मिलने लगेगी, वहीं जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावॉट की एक-एक यूनिट से भी अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। ओबरा-सी परियोजना सुपर क्रिटिकल तकनीकि और नवीनतम पर्यावरण उत्सर्जन मानकों पर आधारित है। इस इकाई से क्षमता का 105 प्रतिशत यानी 693 मेगावॉट तक बिजली का उत्पादन किया गया। इकाई से प्रतिदिन 158 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। परियोजना की लागत 13,005 करोड़ रुपये है। ओबरा-सी परियोजना के शुरू हो जाने से मांग बढ़ने पर महंगी बिजली खरीदने के ग्राफ में कमी आएगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

12 के बाद होगा नगर निगम सदन की बैठक

लखनऊ। नगर निगम सदन के लिए अब 12 फरवरी तक इंतजार करना होगा। विधान सभा सत्र 12 तक चलेगा। अब उसके बाद भी नगर निगम सदन की बैठक हो सकेगी। इसमें कार्यकारणी की तरफ से पास संशोधित बजट को रखा जाएगा। नगर निगम सदन का काफी लंबे समय से इंतजार चल रहा है। इसके बाद ही शहर के विकास कार्य को तेजी मिलेगी। उसके बाद सफाई, पानी समेत कई मुद्दों पर पार्षद नगर निगम प्रशासन को घेरने की तैयारी में है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी नगर निगम के प्रतिनिधियों की बात अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते हैं। ऐसे में उनको सदन के पटल पर पार्षद घेरने की तैयारी कर रहे हैं। कार्यकारिणी की तरफ से पास करीब 28 अरब 64 करोड़ 68 लाख रुपए के बजट को सदन में रखा जाना है। इसमें बजट के अलग-अलग मद को लेकर सपा और कांग्रेस के पार्षद मेयर और नगर निगम प्रशासन को घेरने की तैयारी कर रहे हैं। उसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था पर पार्षद बहुत ज्यादा हंगामा करने वाले हैं।

समाधान दिवस में आईं 180 शिकायतें, 65 का निस्तारण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। शनिवार को आयोजित हुए इस सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम ने की। डीएम के आगमन की जानकारी पाकर लोगों की भारी भीड़ लग गई। वहीं उनके साथ जिला से समस्त विभागों के अधिकारी भी पहुंचे। जहां शिकायतों की सुनवाई पर निस्तारण भी किया गया।

बीकेटी तहसील सभागार में माह के पहले शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस सम्पूर्ण समाधान दिवस पर बख्शी का तालाब तहसील में डीएम सूर्य पाल गंगवार ने अध्यक्षता की। वहीं उनके साथ जिले समस्त विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। डीएम के आगमन शिकायतकर्ताओं की भारी भीड़ पहुंची। जहां उन्होंने ग्रामीणों के शिकायतों पर सुनवाई की गई। डीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे समक्ष अब तक 180 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। जिसमें 65 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा चुका है। समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के समक्ष बीकेटी बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय सिंह के साथ सभी अधिवक्ता भी पहुंचे। जहां उन्होंने तहसील में खतौनी निकलवाने को लेकर शिकायत की। वहीं उन्होंने बताया कि अब अधिवक्ता अपने कम्प्यूटर से खतौनी स्वयं निकाल सकते हैं। अधिवक्ताओं ने न्यायालय में खतौनी प्रमाणीकरण को लेकर कहा कि इस महीने जिले में मॉनिटरिंग सेल के साथ होने वाली बैठक में इस बात को लेकर बताया गया कि अगर खतौनी प्रमाणित किया जाना आवश्यक है तो रियल टाइम खतौनी का क्या औचित्य है। वहीं रियल टाइम खतौनी ही मान्य होगी। प्रेसवार्ता में बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्रयास रहता है कि अधिकांश प्रस्तुत शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाये।

आवासीय स्कूल के 122 विद्यार्थियों को कमिश्नर ने दिया पुरस्कार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। अटल आवासीय विद्यालय, सिठौली कलां, लखनऊ कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने 75वें गणतंत्र दिवस के परेड के कार्यक्रम में शामिल होने वाले कर तृतीय स्थान प्राप्त किये 122 विद्यार्थियों को प्रसन्ना पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कमिश्नर का विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह द्वारा स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान, पुष्प वर्षा व करतल ध्वनि से पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह ने कहा विद्यालय की प्रगति एवं विद्यार्थियों के विकास में सहयोग व कुशल मार्गदर्शन के लिए कमिश्नर डा. रोशन जैकब के कार्यों व व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि यह आपका हमारे विद्यालय में लगातार चौथी बार बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए आगमन हुआ।

कमिश्नर ने कहा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए 75वें गणतंत्र दिवस की परेड, जो कि लखनऊ में आयोजित की गयी थी, उसमे साहस य लगन से भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छोटे-छोटे बच्चों को प्रशस्ति पत्र व एजुकेशनल किट देकर उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रशंसा की, तथा विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से विभिन्न स्थानों से वेडोल पत्थर से सुन्दर इमारत तैयार होती है उसी प्रकार विभिन्न परिवेश से आकर आपके चेहरे पर जो रौनक, ताजगी, एवं शैक्षिक उन्नति दिखाई दे रही है निश्चित ही आप अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। मुझे विश्वास है कि आप देश के आदर्श नागरिक बनेंगें।

पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए निःशुल्क रिफिल 15 तक

लखनऊ। प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि वर्तमान में निःशुल्क रिफिल वितरण योजना के तहत आच्छादित उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रथम चरण में माह नवम्बर से दिसम्बर तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। शासन द्वारा प्रथम चरण के अन्तर्गत निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल वितरण हेतु निर्धारित अवधि माह नवम्बर-दिसम्बर को 15 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत, जो लाभार्थी अपना प्रथम निःशुल्क रिफिल 31 दिसंबर तक नहीं प्राप्त कर पाए हैं, वह 15 फरवरी तक अपना प्रथम रिफिल निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं

सेमिनार | उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आरएसएसडीआई के सेमिनार का किया उद्घाटन

डायबिटीज पर काबू पाने को सुधारें जीवनशैली : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। डायबिटीज तेजी से बढ़ रही है। इसकी बड़ी वजह खराब जीवनशैली है। जीवनशैली में सुधार और इलाज कर बीमारी पर काबू पा सकते हैं। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में डायबिटीज मरीजों की जांच और इलाज की सुविधा है। मरीज डॉक्टर की सलाह पर जाँच और इलाज करायें। यह कहना है उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। वे शनिवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) की कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कान्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डायबिटीज के इलाज पर लगातार चर्चा होनी चाहिए।

कान्फ्रेंस में जो भी सिफारिशें आएंगी, सरकार उस पर अमल करेगी। नीति निर्धारण करेगी। इसका सीधा फायदा प्रदेश के डायबिटीज मरीजों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सचेत रहकर डायबिटीज से बच सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुधारा जा रहा है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गिने-चुने मेडिकल कॉलेज थे। मौजूदा समय में 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। 16 जनपदों में जल्द ही नए मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी है। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉल

मॉक ड्रिल की तर्ज पर गोंडा पुलिस ने किया बैंक डकैती का खुलासा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद मुख्यालय के गोंडा शहर स्थित वीआईपी इलाके में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में शुक्रवार को दिन दहाड़े हुई लूट की वारदात की जांच में जुटी पुलिस की शुक्रवार की देर रात आरोपी संग मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देख लुटेरे ने दो राउंड फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। इस ऑपरेशन में लुटेरे के पैर में गोली लगी है और वह घायल हुआ है। आरोपी को जिला अस्पताल ले जाया गया है।

बता दें कि गोंडा शहर के वीआईपी इलाके में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की सिविल लाइन शाखा में बाइक सवार लुटेरे ने शुक्रवार की सुबह 11:30 बजे बैंक कैशियर श्वेता गौड़ के गर्दन पर हंसिया रखकर 8.54 लाख रूपया लूट लिया था और फरार हो गया था। शहर के सबसे सुरक्षित समझे जाने वाले इलाके में हुई लूट की वारदात से जिले में हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना पर डीआईजी देवीपाटन मंडल अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी विनीत जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

लुटेरे की धरपकड़ के लिए एसओजी समेत पांच पुलिस टीमों को लगाया गया था। खुद को पुलिस के शिकंजे में फंसता देख आरोपी लुटेरा फोरबिसगंज के पास सीडब्लूसी दफ्तर के सामने बाइक व नगदी छोड़कर फरार हो गया था। लूट की रकम व बाइक बरामद करने के बाद

पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही थी। रात करीब 9 बजे एसओजी व नगर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम से लुटेरे की मुठभेड़ हो गई। गोंडा-लखनऊ हाईवे पर स्थित हारीपुर कुर्मिनपुरवा गांव के पुलिस टीम ने लुटेरे को घेर लिया। पुलिस की घेराबंदी से बचने के लिए आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि लुटेरे ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए लुटेरे को धर दबोचा। इस कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है और वह घायल हुआ है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। मौके पर कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

आरोपी की पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के फोरबिसगंज पंतनगर के रहने वाले राकेश गुप्ता के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। इस मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, साइबर सेल प्रभारी शादाब आलम, कांस्टेबल रणधीर सिंह, लोकेश नागर, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह और नगर कोतवाली टीम शामिल रही। जब इस प्रकरण पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से बीती रात जानकारी मांगी गई कि क्या आरोपी गिरफ्तार हो गया है तो उन्होंने कहा ऐसा कुछ नहीं है अमर उजाला अखबार में कैसे इसको छाप दिया मैं उनसे बात करूंगा किंतु मात्र कुछ ही घंटों में 8,54,000 की बरामदगी के साथ में लूटेरा भी गिरफ्तार हो गया बात कुछ हजम नहीं हुई क्योंकि बड़े ही नाटकीय ढंग से लूट भी हुई और उसका खुलासा भी हो गया।

बरौनी क्लोन एक्सप्रेस में महिला ने शिशु को दिया जन्म

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।
रेलवे स्टेशन मनकापुर जंक्शन पर शुक्रवार की रात दिल्ली से बिहार जा रही 02564 बरौनी क्लोन एक्सप्रेस में उस वक्त एक नवजात की किलकारी गूंज उठी जब ट्रेन से यात्रा कर रही एक? प्रसव पीड़िता ने महिला यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में ही एक बेटे को जन्म दिया। महिला की डिलीवरी कराने में मनकापुर रेलवे सुरक्षा बल की भी अहम भूमिका रही। कंट्रोल से सूचना प्रसव पीड़ा की मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर उदय राज ने मनकापुर में ट्रेन के रुकवाया और फौरन प्रसव पीड़ित महिला को फौरन चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी। डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ पाए गए। महिला के परिजनों ने इस सहयोग के लिए आरपीएफ, रेल विभाग और साथ यात्रा कर रही महिलाओं को धन्यवाद दिया। करीब 30 मिनट बाद ट्रेन को मनकापुर से छपरा के लिए रवाना किया गया।
बिहार के सारण जिले की रहने वाली

- परिजनों ने रेलवे सुरक्षा बल तथा सफर कर रही महिलाओं को दिया धन्यवाद



प्रियंका(30) अपने पति के साथ दिल्ली में रहती है। गर्भवती प्रियंका शुक्रवार को अपने पति धीरज सिंह और परिजनों के साथ दिल्ली से बिहार जा रही थी। प्रियंका और उसका परिवार 02564 बरौनी क्लोन एक्सप्रेस ट्रेन में कोच संख्या S-1 में यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान प्रियंका को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों ने इसकी सूचना ट्रेन क् कोच अटेंडेंट को दी तो प्रसव पीड़िता की मदद के लिए तत्काल कंट्रोल रूम को सूचित किया गया।

मेंहदी कार्यक्रम से शुरू हुआ श्रीश्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव

- आज निकलेगी भव्य निशान शोभायात्रा ..
- निशानयात्रा में बाबा श्याम और सती दादी जी का सजा रहेगा दरबार

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मन्दिर का 20वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को मेंहदी उत्सव के साथ प्रारम्भ हुआ,हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार प्रत्येक शुभ कार्य की शुरूवात हाथों में मेंहदी रचाकर किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराणी सती दादीजी के हाथा-पैरों में महिला मंडल की महिलाओं ने मैहंदी लगाकर किया। उसके बाद पुरूष, महिला एवं बच्चों ने मन्दिर प्रांगण में मेंहदी लगवाया,और मेंहदी उत्सव के

दौरान दादी को मीठे मीठे भजनों से रिझाया गया। आज रविवार को प्रात- 9 बजे से भव्य निशान शोभा यात्रा डी जे बैण्ड के साथ भजनों की धुन पर नगर में निकाली जायेगी। निशानयात्रा में श्री श्याम प्रभू एवं राणी सती दादी का भव्य दरबार सजाया जायेगा। पहली निशानयात्रा रानी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर बड़गांव पुलिस चौकी तक और दुसरी निशानयात्रा चौक बाजार के पीपल चौराहे से निकलकर बड़गांव पुलिस चौकी पहुंच कर दोनों निशानयात्रा ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम प्रभु खाटू श्याम जी के मंदिर प्रांगण में पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित करें गे।और बाबा -दादी का आर्शीवाद लेंगे। मेहंदी कार्यक्रम के दौरान श्रीश्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्षा सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल,बेनू मोदी, नीतू गर्ग, मीना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सरोज गर्ग, सुधा टेकरीवाल,पुष्पा सोमानी, वर्षा अग्रवाल, प्रीती अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, शारदा गर्ग, नीलम जैन, सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।

डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 120 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 07 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील

- संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारण अधिकारी-जिलाधिकारी
- संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील मनकापुर में लघु सिंचाई विभाग के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया

में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस मनकापुर के उपरांत मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित उथले नलकूपों पर डीजल पम्पलेट स्थापना के अन्तर्गत चयनित विभिन्न विकासखंडों के कृषकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ल, उपजिलाधिकारी मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मनकापुर, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी, एक्सईएएन सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, विद्युत विभाग, बीडीओ मनकापुर, छपिया, बभनजोत, एसएचओ मनकापुर, छपिया, खोड़ारे, सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

पोषाहार न वितरित करने की शिकायत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नौनिहालों को समूह द्वारा पोषाहार ना वितरित करने की शिकायत आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित एडीओ आईएसबी व ब्लॉक प्रमुख से की गई है।ग्राम पंचायत सेल्हरी के आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री अर्चना पाल ने बताया कि पाल स्वयं सहायता समूह द्वारा माह नवंबर,दिसंबर 2023 व माह जनवरी 2024 की दाल दलिया,सोयाबीन का तेल का उठान करके बच्चों में पोषाहार वितरण नहीं किया जाता है।कई बार लाभार्थियों को पोषाहार देने के लिए केंद्र पर बुलाकर वापस किया गया है,जिससे आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति कम होती जा रही है इसलिए इसकी शिकायत पूर्व में भी उच्च अधिकारियों से की गई थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।पत्र में उन्होंने उच्च अधिकारियों से किसी अन्य समूह द्वारा पोषाहार वितरण करवाने का अनुरोध किया है।बाल विकास परियोजना अधिकारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े बैंक में लूट की घटना से जहाँ क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मामला अभी थमा भी नहीं था कि क्षेत्र के जानकीनगर मोहल्ले में शुक्रवार की रात अज्ञात चोर एक घर का ताला तोड़कर घर में रखी नगदी जेवरात व लैपटॉप लेकर फरार हो गए। चोरों का यह कारनामा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चौबीस घंटे के अंदर ताबड़तोड़ इन दोनों वारदातों से पुलिसिया कार्यशैली व कानून व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र के हारीपुर मदनगरा गांव के रहने वाले अंकुर शुक्ला जानकी नगर मोहल्ले में स्थित मकान में रहते हैं। शुक्रवार की रात अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर भीतर घुस गए और घर में रखी नकदी,जेवरात व लैपटॉप उठा ले गए। उन्हें सुबह घटना की जानकारी हुई। चोरी की यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। स्थानीय कोतवाली पुलिस क्षेत्र में आये दिन हो रहे गंभीर अपराध एवं अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। क्षेत्र के कूरी गाँव में पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की सुबह घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की लात घूँसों से जमकर पिटाई करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे पीड़ित का सिर फट गया और उसे गंभीर चोटें आई है। पीड़ित ने घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही करने हेतु पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित शोभाराम पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम कूरी बरगदी कोट ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह शनिवार की सुबह 8~45 बजे अपने घर से बरगदी चौराहे पर चाय पीने जा रहा था, इतने में उसके गाँव के ही रहने वाले साहिल पुत्र नसीम, नियाज पुत्र वकील, मो0 हसीम पुत्र मो0 यूनुस, मंसूर पुत्र मो0 सगीर जो पहले से ही घात लगाए बैठे थे उन्होंने पुरानी रंजिश के कारण उस पर जानलेवा हमला कर दिया तथा लात घूँसों से जमकर पिटाई की और चाकू से हमला कर दिया जिससे पीड़ित का सिर फट गया और गंभीर चोटें आई हैं। विपक्षीगण सरकश व्यक्ति हैं जो किसी भी समय उस पर गंभीर हमला करके जानमाल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पीड़ित ने घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही करने हेतु पुलिस को तहरीर दी है।

भाजपा कार्यकर्ता पांच को जाएंगे अयोध्या

- 13 हजार कार्यकर्ता रामलला का करेंगे दर्शन : बृजेश पांडेय

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी बूथों से पांच कार्यकर्ता अयोध्या धाम श्री रामजन्मभूमि दर्शन के लिए पांच फरवरी को जाएंगे। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने जिला कार्यालय पर पदाधिकारी की बैठक कर सभी को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि किसी कार्यकर्ता को कोई परेशानी न होने पाए इसकी चिंता हम पदाधिकारीयो को करनी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 250 बसों से 13000 कार्यकर्ता 5 फरवरी को श्री राम लला का दर्शन करेंगे। जिसके लिए जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी को जिला संयोजक बनाया गया है। हेमा निगम

और कन्हैया सोनी को सह संयोजक बनाया गया है। बस व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह को सौपी गई है। सभी जाने वाले कार्यकर्ताओं को परिचय पत्र फोटो सहित जारी किया जा रहा है। सभी राम भक्तों के भोजन पानी आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दीपक सत्या, सुषमा चौधरी, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री सुनील सुनील श्रीवास्तव,जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्र, प्रमोद पांडे, अभिषेक गुप्ता, अनिल सिंह, अभय राज सिंह, उर्मिला शुक्ला, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

एसपी ने किया थाना मोतीपुर का औचक निरीक्षण

- थाने के समस्त स्टाफ को उच्च कोटि की कार्यशैली रखने की आवश्यकता : वृंदा शुक्ला

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना मोतीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर जाकर महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की। व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया गया। साथ ही महिला आगंतुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। माल मुकदमाती को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया एवं आकस्मिक रूप से पुराने मालों को खोज कर दिखलाने के लिए बताया गया और निस्तारित प्रार्थना पत्रों में फोन करके फ़ीडबैक लिया। मैस में साफ-सफाई तथा एक फिक्स मेनू के तहत खाना बनाने के लिए कहा गया।

थाने पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थाना मोतीपुर जनपद मुख्यालय से दूरस्थ होने के कारण थाने के समस्त स्टाफ को उच्च कोटि की कार्यशैली रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिससे आने वाले शिकायतकर्ता संतुष्ट हों तथा उन्हें जनपद मुख्यालय आने की कम से कम आवश्यकता पड़े।

एसपी ने शिकायतकर्ताओ से फोन कर किया वार्ता

एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर कुछ पूर्व की महिला शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर पुलिस द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से संतुष्टि के संबंध में स्वयं फीडबैक लिया गया। एसपी ने थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। थाने में शौचालयों की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। थाना मोतीपुर में लंबित विवेचनाओ के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। एसपी ने थाना परिसर की बैरकों का निरीक्षण कर उनकी बेहतर साफ-सफाई तथा सामान का उचित रख रखाव के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

डिहवा गुरुद्वारे से निकली भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा

- युद्ध कौशल और स्केटर्स ग्रुप के करतब रहे आकर्षण का केंद्र

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के डिहवा में श्री गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र में भव्य कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पंजाब से आए हुए मिशल खालसा गतका ग्रुप के युद्ध कौशल और स्केटर्स ग्रुप के करतब आकर्षण का केंद्र रहे।

जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी किया गया। गुरु गोविंद महाराज के प्रकाश पर्व पर शनिवार को गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा डिहवा से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। कीर्तन यात्रा डिहवा से धनौली, गौरा ,निहालपुरवा, मटेरा बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारे

पहुंचकर समाप्त हुई। गुरू ग्रंथ साहिब की अगुवाई में पंज प्यारे के साथ तमाम सिख श्रद्धालु प्रेम और शांति का संदेश देते हुए यात्रा में शामिल हुए। छोटे-छोटे बच्चों की ओर से भी लोगों को शांति और प्रेम का संदेश दिया गया। यात्रा के दौरान में गतका ग्रुप की ओर से युद्ध कौशल दिखाया गया।

कीर्तन यात्रा में मटेरा, बहराइच, डिहवा, गौरा, धनौली, हीरासिंहपुरवा, रघुनाथपुर, निहालपुरवा, पयागपुर, रूपईडिहा, और नेपाल , आदि के सिख समाज के लोग शामिल हुए। गुरुद्वारा के संरक्षक परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा डिहवा के संरक्षक परमजीत सिंह, शक्ति सिंह, अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष बाबू सिंह, महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, उपमंत्री रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष सतवंत सिंह, हरमीत सिंह, एडिटर रंजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, हाल इंचार्ज गुरजीत सिंह ,मंगू सिंह स्टोर, इंचार्ज लल्लू सिंह, लंगर इंचार्ज निर्मल सिंह ,दुर्गा सिंह, कलेशन इंचार्ज बिक्की सिंह, मौजूद रहे। डिहवा कीर्तन शोभायात्रा में मटेरा व नानपारा पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। और भारी संख्या मे पुलिस कर्मी तैनात रहे।

जुर्माना के अभाव में जेल काट रहे कैदी को भारत विकास परिषद के सदस्यों ने छुड़वाया

- किराया भाड़ा देकर घर वापस भेजने में किया सहयोग प्रदान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिला कारागार में अर्थदंड की राशि जमा न कर पाने के चलते जेल की सजा काट रहे कैदी को भारत विकास परिषद के सदस्यों ने छुड़वाया। वह चोरी के आरोप में जेल 21 जुलाई को बंद हुआ था। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के पबना गांव निवासी मोहम्मद शमीर पुत्र मोहम्मद खलील पर चोरी का केस दर्ज था। जिस पर पुलिस ने 21 जुलाई 2023 को जिला कारागार में बंद करवाया था।चोरी के मामले में

बंद कैदी को छह माह की सजा हुई थी। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि नौ दिसंबर को मोहम्मद शमीर की सजा पूरी हो गई थी। लेकिन जुर्माना की राशि जमा नहीं कर पाने के चलते वह 20 दिन से अधिक समय से जेल की सजा काट रहा था।इस पर भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता के द्वारा अध्यक्ष हनुमान गोयल को सूचना मिली।प्रान्तीय उपाध्यक्ष बैजनाथ रस्तोगी व उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता और कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने जिला कारागार जाकर जेलर से मिलकर उस कैदी की रिहाई में कार्यवाही पूरी करवाकर कैदी को आजाद कराया और किराया भाड़ा देकर उसको अपने घर वापस भेजने में सहयोग प्रदान किया। जेल अधीक्षक ने बताया कि पांच हजार रूपए जमा किया गया है।

पत्नी की शिकायत पर 21 दिन बाद कब्र से खोदकर निकाला गया युवक का शव

- सड़क हादसे में हुई थी मौत, बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया था अंतिम संस्कार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के बसंतापुर गांव निवासी एक युवक की 12 जनवरी को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया था। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को कब्र से शव खुदवाकर बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

फखरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बसंतापुर गांव निवासी हुसैन अहमद (27) पुत्र मोहर्रम अली की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। 12 जनवरी को गांव में हुए सड़क हादसे में मौत के मामले में परिवार के लोगों ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी और मृतक के शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। इसके बाद मृतक युवक की पत्नी जुलेखा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम करवाने जाने की मांग की। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर नायब तहसीलदार कैसरगंज, उप निरीक्षक राज नारायन यादव की अगुवाई में पुलिस टीम गांव पहुंची। पुलिस ने मृतक के लाश को खुदवाया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की सड़क हादसे में मौत हुई थी। पत्नी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। मजिस्ट्रेट के निर्देश पर शव को 21 दिन बाद कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

वैष्णो देवी के दर्शन को गया था परिवार, चोरों ने घर से उड़ाया नकदी समेत 10 लाख का माल

बहराइच, समृद्धि न्यूज। कोतवाली नगर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी राजू सिंह पुत्र देवी प्रसाद पुलिस विभाग में फालोवर हैं। उनकी तैनाती इस समय नानपारा सीओ के यहां है। राजू सिंह ने बताया कि वह 20 दिन का अवकाश लेकर जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन को गए थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वह परिवार के समेत वापस घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर अन्य कमरे के ताले टूटे मिले। फालोवर ने बताया कि 60 हजार रूपये नकदी, सात लाख मूल्य के सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान की चोरी हुई। लगभग 10 लाख की चोरी हुई है। पीड़ित की सूचना पर चौकी बशीरगंज और कोतवाली नगर की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील मोतीपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- रास्ते के विवाद को डीएम ने राजस्व व पुलिस की टीम भेजकर मामले का कराया निस्तारण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की

गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विश्वनाथ गांव के मजरा कंटोला में रास्ते के विवाद के प्रकरण में उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये कि मौके पर तत्काल राजस्व व पुलिस की टीम भेज कर मामले का निस्तारण कराया जाय। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। इस अवसर पर जिले सहित तहसील ब्लाकों के अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 17 में 03, सदर बहराइच में प्राप्त 26 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 122 में 12, नानपारा में प्राप्त 39 में 10 तथा पयागपुर में प्राप्त 98 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों को कराया अन्नप्रासन

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सीडीओ के साथ 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 03 बच्चों को अन्नप्रासन भी कराया।

शुरू हुआ बीजेपी का व्यापक जनसंवाद अभियान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी की गाँव-नगर चलो अभियान की मण्डल कार्यशाला के अंतिम दिन रायबरेली शहर के नगर पूर्वी मण्डल की कार्यशाला लोधवारी कोठी में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अध्यक्ष अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

गांव-नगर चलो अभियान की मण्डल कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि भाजपा गांव चलो अभियान के माध्यम से 4 फरवरी से 11 फरवरी तक प्रत्येक गांव तथा नगर में बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी।

इस अभियान में भाजपा के जनप्रतिनिधि,विधायक,पूर्व विधायक,जिला पंचायत अध्यक्ष,ब्लाक प्रमुख,नगर पंचायतों के अध्यक्ष,पंचायत एवं सहकारिता के प्रतिनिधि सहित पार्टी के सभी प्रदेश,क्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता गांव-नगर बूथ पर प्रवास करेगें तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं तथा विकसित भारत का विजन लेकर गांव-नगर मुहल्लों,मजरो, टीलो, चौपालो तथा बूथों पर चर्चा करेंगे।

श्री तिवारी ने कहा कि संगठन व विचारधारा के विस्तार की सतत प्रक्रिया है और संगठन के विभिन्न अभियान व कार्यक्रम लक्ष्य को प्राप्त करने का माध्यम है। हर बूथ, हर क्षेत्र में संगठन की मजबूती में गांव चलो अभियान नींव का पत्थर साबित होगा। यह अभियान मिशन 2024 में बड़ी विजय का आधार बनेगा।

उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान में प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास करेंगे,ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर तथा नगरीय क्षेत्रों में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। सक्षम कार्यकर्ता गांव एवं नगर मे प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए विकसित भारत का विजन तथा देश में परिवर्तन के कारकों के साथ प्रवास के दौरान चर्चा करेंगे।

राम नाम की मची है धूम, अखंड रामायण पाठ के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत से ग्राम सभा ताला में पौराणिक मंदिर बड़ा शिवाला में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया उसके बाद अगले दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया मंदिर के कोर कमेटी में शामिल श्री राम कुमार शुक्ला के द्वारा इस पूरे आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया गया जिसमें महेंद्र कुमार शुक्ला, भगवत कुमार तिवारी, दिनेश त्रिवेदी, गुड्डू शुक्ला, राहुल वाजपेई, अरुण बाजपेई, चंद्र कुमार शुक्ला, हितेश वाजपेई, प्रिंस शुक्ला और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

जिलाधिकारी ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

- गौवंशों को दिए जाने वाले खाने-पीने, रहने चिकित्सकीय सुविधा आदि का किया अवलोकन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ ब्लॉक सलोन स्थित अस्थाई गौशाला भवानीपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों को दिए जाने वाले हरे चारे, पानी, चरनी, शेड, प्रकाश, चिकित्सकीय सुविधा आदि का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई पशु बीमार होता है तो नियमित रूप से उसकी जांच कराई जाए और उसके ठीक होने तक उसे अन्य पशुओं से अलग रखा जाए। जिससे कि संक्रमण दूसरे पशुओं में न फैलने पाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी सलोन को भी निर्देश दिया कि समय-समय से वह भी गौशाला का निरीक्षण करें और संबंधित कर्मचारी और केयरटेकर को देखते रहे कि वह अपना कार्य नियमित रूप से कर रहे हैं या नहीं। यदि पशुओं को भोजन,पानी और चिकित्सा में किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा की गौशालाओं में किसी भी अज्ञात व्यक्ति को ना आने दिया जाए। साथ ही गौशाला में चारागाह का निर्माण और पौधारोपण भी कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार, खंड विकास अधिकारी सलोन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

ताइक्कांडो नेशनल प्रतियोगिता के लिए यूपी की कोच बनाई गई डिंपी तिवारी

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। ताइक्कांडो की नेशनल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम कोच बनाई गई डिम्पी तिवारी जिला एसोसिएशन तथा खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डिम्पी को शुभकामनाएं दी। रायबरेली जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव अताउर रहमान ने बताया जयपुर में 6 से 9 फरवरी के बीच आयोजित होने वाली नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए लालगंज की रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित तथा ताइक्कांडो में फोर्थ डान ब्लैक बेल्ट डिग्री धारक डिम्पी तिवारी को उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो के सचिव डा॰ रजत आदित्य दीक्षित ने टीम की बागडोर सौंपी है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुधा सिंह,ताइक्कांडो के जिला अध्यक्ष प्रशांत शुक्ला, ओलम्पिक जिला सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला,अजय सिंह चंदेल, सन्त लाल,मुजफ्फर आलम,पूनम यादव,अखण्ड दीप सोनकर,महताब आलम,सलमान खान, जितेंद्र प्रजापति,सुनील कुमार,ब्रजेश त्रिपाठी,अभिषेक सोनकर चन्दर आदि लोगो ने शुभकामनाएं दीं।

पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रायबरेली में परिवार के ही सदस्यों में आपसी मनमुटाव को लेकर हुई मारपीट के मामले में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र थाने में दिया गया था लेकिन थाने की पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की आपको बता दे कि शनिवार को रायबरेली जनपद के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे तिवारी गांव के रहने वाले पीड़ितों ने अपने घायल बुजुर्ग परिजन को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां एसपी को शिकायती पत्र देते हुए पीड़ितों ने बताया कि परिवार के सदस्यों में आपसी मनमुटाव के चलते मारपीट हो गई थी जिसको लेकर मारपीट करने वाले अजय के खिलाफ शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन थाने की पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की कार्यवाही न होने को लेकर पीड़ित परिवार ने घायल अवस्था में ही बुजुर्ग महिला को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे और शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है तथा आरोपी पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है

रील्स बनाते समय ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बच्चों और युवाओं में रील बनाने का क्रेज दिनों-दिन बढ़ते जा रहा है, जिसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आते हैं. कुछ ऐसे भी सिरफिरे युवक होते हैं जो रील्स बनाने के लिए कुछ खतरनाक काम को करने से भी नहीं कतराते हैं. लेकिन कभी-कभी रील बनाने जानलेवा साबित हो जाता है। ऐसा ही मामला रायबरेली जिले से आया है जहां रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर मोबाइल पर रील बनाना युवक को बड़ा महंगा ट्रेन की चपेट में आने से युवक की हुई दर्दनाक मौत मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोदय नगर रेलवे क्रॉसिंग का है जहां रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर मोबाइल से रील बनाते समय अचानक ट्रेन के आने से युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई मृतक युवक की पहचान सत्य प्रकाश पुत्र प्रताप नारायण निवासी कौरापुर थाना डीह के रूप में हुई सूचना पर पहुंची रेलवे व स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।

आवारा जानवरों से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रायबरेली में आवारा जानवरों से परेशान सैकड़ो किसानों ने गांव में घूम रहे हैं सैकड़ो गोवंशों को अंत्येष्टि की स्थल पर बंद करके किया प्रदर्शन मामला डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेतौरा गांव का है जहां लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे आवारा जानवरों से परेशान होकर ग्रामीणों ने सैकड़ो गोवंशों को अंत्येष्टि स्थल में बंद कर दिया ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग आवारा जानवरों से बहुत परेशान हो चुके हैं ठंड में रात रात भर हम लोग आवारा जानवरों से खेतों की रखवाली करते हैं इसके बावजूद भी आवारा जानवरों के झुंड खेतों में बोई हुई फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, हम लोगों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान नहीं किया गया तो हम लोग भूखे मरने पर मजबूर हो जाएंगे।

कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज। ब्लॉक सरेनी कांग्रेस कमेटी के कार्यालय की मासिक बैठक में जिला युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष अभिनव तिवारी संगम, जिला महासचिव मोहित सिंह विधानसभा अध्यक्ष सरेनी जितेंद्र द्विवेदी एवं जिला प्रवक्ता युवा कांग्रेस अंकित सिंह का सम्मान किया गया। जिसमें विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी एवं ब्लॉक प्रभारी दीपेंद्र गुप्ता नगर पंचायत लालगंज प्रतिनिधि ने भी संगठन के कार्यों पर विचार विमर्श किया। जिला उपाध्यक्ष अभिनव तिवारी संगम ने कहा कि युवाओ की ऊर्जा और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर सरेनी विधानसभा में कांग्रेस को और मजबूत करेंगे। कार्यक्रम समापन ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश गिरीश सिंह जी ने किया। इस मौके पर संतोष जायसवाल, रमेश कुमार शुक्ला, मयंक,अमरेंद्र, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इलाज का बिल मांगने पर डॉक्टर ने की हाथापाई

- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर डाक्टर के खिलाफ की कार्यवाही की मांग

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में जानवरों का इलाज करने वाला एक डॉक्टर खुद जानवर बन गया गलत इलाज का विरोध व किए गए इलाज की रसीद मांगने पर दबंग डॉक्टर ने की हाथापाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले का है जहां आलोक राव पुत्र महावीर प्रसाद राव निवासी आईटीआई थाना मिल एरिया ने अपनी पालतू बिल्ली के पैर में इंफेक्शन होने के कारण उसका इलाज करने के लिए इंदिरा नगर मोहल्ले में प्राइवेट क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर अंबर मिश्रा के यहां गए थे डॉक्टर ने हजारों रुपए का बिल बनने के बाद भी ठीक से इलाज नहीं किया, जिससे पालतू बिल्ली के पैर में इन्फेक्शन बढ़ गया, इसके बाद पीड़ित आलोक फिर डॉक्टर के यहां इलाज करने के लिए गया इसके बाद डॉक्टर ने पालतू बिल्ली की कुछ जांच करवाई और कहा इन्फेक्शन काफी फैल गया है इलाज का खर्चा लंबा आएगा जिस पर पीड़ित ने उनसे जांच के दिए हुए पैसे की रसीद मांगी जिसके बाद दबंग डॉक्टर हाथापाई पर उतारू हो गया पीड़ित ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से दबंग डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र दिया है।

पेड़ से टकराई बारातियों से भरी स्कार्पियो, एक की मौत

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- दूसरे युवक का कंधे से कटा हाथ और तीसरा लड़ रहा जिंदगी और मौत से जंग
- भीषण सड़क हादसे से दहल गया क्षेत्र बारात से वापसी कर रहे थे स्कार्पियो सवार युवक



अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई उड़े परखच्चे एक युवक की हुई मौत तो वही एक युवक का हाथ कट कर गिरा सड़क पर ट्रामा सेंटर में एक लड़ रहा है जीवन की जंग तो जिला अस्पताल में चल रहा है बाकियों का इलाज।

रोगटे खड़े कर देने वाले एक्सीडेंट से दहल गया क्षेत्र खुशियां बदल गई मातम में। कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव के निवासी मोहम्मद इदरीश के लड़के की बारात पहरेमऊ से चौहनिया के लिए गई हुई थी बारात तकरीबन 6:00 बजे शाम को निकली। रात तकरीबन 11 और 12 बजे के करीब बारात वापसी कर रहे नवयुवकों की टोली स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार हुई कुल 7 युवक राहुल कुमार पुत्र श्रवण कुमार मो सकिल पुत्र अशिक अली नदीम पुत्र साबिर आशीष पुत्र राजकुमार सुफियस पुत्र मो साबिर दीपक पुत्र पवन श्रीवास्तव असकान पुत्र मोबिन स्कॉर्पियो गाड़ी से वापस अपने गांव पहरेमऊ लौट रहे थे तभी अचानक स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर रायबरेली रोड पर स्थित एसजेएस स्कूल के पास पेड़ से टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि एक्सीडेंट इतना भयंकर था की गाड़ी करीब 20 फीट ऊपर उछल गई और वहीं पेड़ से टकराने से जहां गाड़ी के परखच्चे उड़ गए गाड़ी पर सवार सात लोगों को गंभीर चोटें आई किसी तरह इन्हें महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद असकान पुत्र मोबिन उम्र 16 वर्ष को मृत घोषित कर दिया और बाकियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक युवक की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया बाकी युवकों की इलाज चल रहा है एक की हालत ज्यादा नाजुक बनी हुई है वहीं मृतक युवक असकान के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इसकी सूचना जैसे ही ग्रामीणों को हुई ग्रामीणों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा एक तरफ बारात की खुशी तो वहीं दूसरी तरफ इस एक्सिडेंट ने खुशी को माताम मे बदल दिया।

कबाड़ में खड़ी हुई गाड़ियां शादी विवाह में रौनक बनने पहुंच रहीं

शादी विवाह का सीजन चल रहा है इस समय कबाड़ में भी खड़ी हुई गाड़ियां शादी विवाह में रौनक बनने पहुंच जाती हैं वहीं इस स्कॉर्पियो की बात करें तो सूत्रों द्वारा यह पता चला है कि 3 वर्षों से इस गाड़ी का नहीं है बीमा और लोगों की जान लेने के लिए स्कॉर्पियो मालिक शादी विवाह में करता है बुकिंग पहरेमऊ निवासी अजय श्रीवास्तव की बताई जा रही है स्कॉर्पियो जिसका नंबर यूपी 33 वाई 1230 है।

कलेक्ट्रेट कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी पटलों का शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों को बारीकी से देखा और निर्देश दिया कि अभिलेखों का संरक्षण व्यवस्थित तरीके से किया जाए। जिससे कि दोबारा आवश्यकता पड़ने पर इनका सत्यापन किया जा सके। साथ ही कहा कि यदि किसी प्रकार की कमी हो तो उसे समय रहते ही दूर कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0 रा0) पूजा मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम, एसडीम सर्वेश यादव तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी लोगों की समस्याएं

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- समस्याओं का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सलोन सभागार में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए और समय से उसका निस्तारण किया जाए। उसके निस्तारण में यदि किसी भी प्रकार की बाधा आती है तो उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर उसे शीघ्र निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर सड़क, सुरक्षा, बिजली, पानी, पेंशन, राजस्व और विकास से संबंधित कुल 117 मामले आए। जिनमें से मौके पर ही सात का निस्तारण कर दिया गया। इनमें राजस्व के 53,पुलिस विभाग के बीस, विकास के तेरह ,विद्युत से चार, चकबंदी के दो, समाज कल्याण के तीन,पशु विभाग के ग्यारह, एलडीएम के एक और जल विभाग के तीन मामले थे। उन्होंने कहा की समस्याओं का निस्तारण करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि संबंधित व्यक्ति प्रशासनिक कार्रवाई से पूर्ण रूप से संतुष्ट हो। राजस्व के मामले में समस्याओं का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए और भौतिक सत्यापन करने के उपरांत ही मामले निस्तारित किये जाए।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर सुरक्षा से संबंधित मामले सुने और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र अति शीघ्र उनका निस्तारण किया जाए। साथ ही महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाए।

एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- 38 शिकायतों मे दो का हुआ निस्तारण

महराजगंज। एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी द्वारा की गई तहसील दिवस में कुल 38 शिकायतें आई जिसमे से केवल दो शिकायतों का ही निस्तारण तहसील दिवस में हो पाया राजस्व विभाग की 16 शिकायत पुलिस विभाग के 15 शिकायतें विकास से संबंधित चार अन्य तीन शिकायतें तहसील दिवस पर आई वहीं तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी ने कहा की आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने और उनका निस्तारण करें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बक्सा नहीं जाएगा इस मौके पर एसडीम राजितराम गुप्ता एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह सीओ यदुवेन्द्र नाथ पाल कोतवाल बालेंद्रु गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

समाधान दिवस में 27 में से 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण

डलमऊ। तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार ने आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है शनिवार को डलमऊ में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव एवं क्षेत्राधिकारी डलमऊ ने फरियादियों की समस्याएं सुनी किसान नेता मनोज यादव सुशील यादव ने फसलों की सिंचाई के लिए नहरो में पानी छोड़े जाने की मांग की किसान नेता ने बताया कि इस समय किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी की अत्यंत आवश्यकता है जबकि सिंचाई विभाग के द्वारा नहरो में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी हो रही है जिस पर तहसीलदार ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों से बात कर तत्काल नहरो में पानी छोड़े जाने के लिए निर्देशित किया है समाधान दिवस में आई हुई 27 में से पांच शिकायतों का ही निस्तारण हो सका से शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है इस मौके पर कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजनीति सेवा करने का मार्ग है, कांग्रेस पार्टी में रहकर ही की जा सकती है सेवा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

- राजनीति सत्ता पाने का अवसर नहीं, सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम है : शत्रोहन सोनकर

धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के द्वारा हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। उक्त उद्गार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने आगामी दिनांक 6 फरवरी को होने वाले नेत्र चिकित्सा शिविर की जानकारी देते हुए कही। श्री सोनकर ने बताया कि इन्दिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र लखनऊ द्वारा स्थानीय रामाकृष्णा पब्लिक इण्टर कालेज इन्दिरा नगर रायबरेली में मोतियाबिन्द का आपरेशन करके लेन्स डालने की सुविधा निःशुल्क रूप में उपलब्ध करायी जायेगी, लेन्स हेतु भर्ती मरीजों का आपरेशन एवं लेन्स प्रत्यारोपड़ इन्दिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ में निःशुल्क होगा। शिविर स्थल से अस्पताल तक मरीजों को ले जाने व आपरेशन के बाद शिविर स्थल तक पहुँचाने की व्यवस्था भी निःशुल्क होगी, उन्होनें शहरवासियों को उक्त तिथि एवं समय पर शिविर स्थल पर पहुँचकर नेत्र जांच कराये जाने की अपील की है। जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजनीति के क्षेत्र में किया जाने वाला संघर्ष बिल्कुल वैसा ही है, जैसा हीरा चमकाने के लिए एक जौहरी को करना पड़ता है, सेवा के साथ-साथ मन में समर्पण का भाव आवश्यकता होता है, जो पालिकाध्यक्ष के स्वभाव से परिलक्षित हो रहा है।

नारायण के उच्चारण से मिलता है मोक्ष : आत्मानंद सरस्वती जी महाराज

- अजामिल व भक्त प्रहलाद की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

सरेनी(रायबरेली)। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन बीती 31 जनवरी से ग्राम पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में किया जा रहा है!भागवत कथा का यह आयोजन मंगलवार 6 फरवरी तक चलेगा,वहीं बुधवार 7 फरवरी को पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंड़ारे का आयोजन किया गया है!श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथावाचक श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने अजामिल की कथा का मंथन किया!इस दौरान महाराज ने बताया कि परमात्मा का मनन करने से मनुष्य को मोक्ष मिलता है!जिस तरह अजामिल को नारायण के उच्चारण से मोक्ष मिला!बताया कि अजामिल कान्यकुब्ज ब्राह्मण कुल में जन्मे थे और कर्मकांडी थे!वह एक नर्तकी से विवाह रचा लेते हैं!25 संतों का एक काफिला अजामिल के गांव से गुजर रहा था!यहां पर शाम हो गई तो संतों ने अजामिल के घर के सामने डेरा जमा दिया! रात में जब अजामिल आया तो उसने साधुओं को अपने घर के सामने देखा,इससे वह बौखला गया और साधुओं को भला बुरा कहने लगा!इस आवाज को सुन कर अजामिल की पत्नी जो नर्तकी थी वहां आ गई!पति को डांटते हुए शांत कर दिया!अगले दिन साधुओं ने अजामिल से दक्षिणा मांगी!इस पर वह फिर बौखला गया और साधुओं को मारने के लिए दौड़ पड़ा,तभी पत्नी ने उसे रोक दिया!साधुओं ने कहा कि हमें रुपया पैसा नहीं चाहिए!साधुओं ने कहा कि वह अपने होने वाले पुत्र का नाम नारायण रख ले,बस यही हमारी दक्षिणा है!अजामिल की पत्नी को पुत्र पैदा हुआ तो अजामिल ने उसका नाम नारायण रख लिया और वह नारायण से प्रेम करने लगा!अजामिल हर समय नारायण नारायण करते रहता! इसके बाद जब अजामिल का अंत समय आया तो वह अपने पुत्र नारायण को आवाज लगाता है,जिससे यमदूत चौक जाते हैं!नारायण रटने से अजामिल को मोक्ष मिलता है!महाराज जी ने बताया कि जो महिला पुरूष भगवान नारायण का स्मरण करते हैं वह पुण्य के भागी होते हैं!कथाव्यास श्री स्वामी जी ने कहा कि भगवान बड़े ही दयालु और कृपालु हैं!सच्चे भक्त की पुकार पर भगवान दौड़े आते हैं!घोर आतताई राक्षस हिरणाकश्यप के घर विष्णु भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ!पिता के लाख मना करने के बाद भी प्रहलाद का मन भगवान विष्णु की भक्ति में राम रहा!जिससे आजिज आकर हिरणाकश्यप ने पहलाद को मारने के हर संभव प्रयास किए! यहां तक कि उनकी बुआ होलिका से भी अपने पुत्र को मरवाने का प्रयास किया,जिसमें होलिका स्वयं जलकर समाप्त हो गई!ऐसे में राक्षस राज ने प्रहलाद से पूछा कि उसका भगवान कहां है,जिस पर प्रहलाद का उत्तर आया कि भगवान तो कण-कण में विराजमान है! प्रहलाद की करुण पुकार सुनकर भगवान नरसिंह खंभा फाड़ कर निकले और हिरणाकश्यप का वध कर दिया! वहीं पंडाल भगवान नरसिंह की जय जयकार से गूंज उठा!

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. लखनऊ

पत्रांक : 428/ई-टेण्डर/2024 दिनॉक : 29.01.2024

ई-निविदा

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत रोड साईनेज कार्य हेतु श्रेणी 'ए' 'बी' "सी" एवं "डी" के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	आंकलित धनराशि (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी. (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	लखनऊ	लखनऊ-मोहान मार्ग (एस०एच०-40) पर रोड साइनेज का कार्य।	15.00	1.50	Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges)+ 144.00 (GST18%) =944/-	30 दिन	नि0ख0-2, लो0.नि.वि, लखनऊ	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ
2	लखनऊ	बिजनौर माती परवर मार्ग (अ०जि०मा०) लं० 1 से 9(850) पर रोड साइनेज का कार्य।	29.00	2.90	Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges)+ 144.00 (GST18%) =944/-	30 दिन	नि0ख0-2, लो0.नि.वि, लखनऊ	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ
2	लखनऊ	बिजनौर-सिसेण्डी मार्ग (अ०जि०मा०) पर रोड साइनेज का कार्य।	17.50	1.75	Rs. 300.00 + 500.00 (Stationary Charges)+ 144.00 (GST18%) =944/-	30 दिन	नि0ख0-2, लो0.नि.वि, लखनऊ	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोड़कर लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 05.02.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 12-02-2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, एवं दिनांक 12-02-2024 के अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है । उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 12-02-2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या -1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग /कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

www.upgov.nic.in
Upid-202063 Date-02.02.2024

(अनूप कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.
लखनऊ

आपदा के सबक

बहुत समय नहीं हुआ जब मानसून में भारी वर्षा व भूस्खलन के चलते हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में जन-धन की व्यापक क्षति हुई थी। ढहती मंजिलें और दरकते पहाड़ पूरे देश को भयाक्रांत कर रहे थे। कहीं न कहीं संवेदनशील हिमालयी पहाड़ आबादी के बोझ और अनियोजित निर्माण का दबाव सहन नहीं कर पा रहे हैं। हिमाचल जैसी स्थितियों से उत्तराखंड के कई शहर भी जूझ रहे हैं। जोशीमठ का धंसना इस कड़ी का विस्तार ही है। मानसून के दौरान हिमाचल की राजधानी व अन्य शहरों में अतिवृष्टि से हुई व्यापक क्षति के बाबत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का आकलन इस दिशा में व्यापक अवलोकन की जरूरत बताता है। ताकि नियमित निगरानी के साथ मानकों के पालन को सुनिश्चित किया जा सके। प्राधिकरण की रिपोर्ट पिछले मानसून में हुई व्यापक क्षति के कारणों और ऐसी स्थिति से बचने के उपायों पर प्रकाश डालती है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि राज्य सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निष्कर्षों और सिफारिशों पर गंभीरता पूर्वक विचार करे। निश्चित रूप से इन घटनाओं से सबक लेने और चेतावनी के संकेतों को नजरअंदाज न करने की जरूरत है। साथ ही जरूरी है कि जनमानस के अवचेतन में उन विनाशकारी घटनाओं के कारणों से बचने की चेतना विद्यमान रहे। निश्चित रूप से तेजी से होता शहरीकरण पहाड़ी राज्यों की बड़ी चुनौती है। भूमि का गलत उपयोग और ग्रामीण इलाकों में भवन निर्माण मानदंडों की अनदेखी घरों की सुरक्षा के लिये गंभीर चुनौती पैदा कर रही है। दरअसल, संवेदनशील पर्वतीय पारिस्थितिकी में अनियोजित विकास पर्यावरणीय संकट के साथ ढांचागत चुनौतियां भी पैदा कर रहा है। कहीं शासन-प्रशासन की नियमित निगरानी के अभाव में भवन निर्माण के सुरक्षित मानकों की अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते आपदा के जोखिमों में वृद्धि ही हुई है। स्थानीय निकायों के स्तर पर जिस जिम्मेदार व्यवहार का पालन किया जाना चाहिए, वह भी नदारद है। राजनीतिक हस्तक्षेप व निहित स्वार्थों के चलते भवन निर्माण से जुड़े कानून ताक पर रख दिए जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के हालिया अध्ययन में बार-बार कहा गया है कि नियमों के कड़ाई से पालन और निर्माण कार्यों के नियमित ऑडिट का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। निस्संदेह, पर्यावरण व भवन निर्माण से जुड़े विशेषज्ञ बार-बार इन्हीं मुद्दों की ओर ध्यान दिलाते रहे हैं। लेकिन सत्ताधीश इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आते। दरअसल, शहरों की योजना सीमा के बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी ढलानों पर अनधिकृत संरचनाएं और निर्माण मानदंडों की अनदेखी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में जन-धन की सुरक्षा के लिये एक गंभीर चुनौती पैदा करती है। वास्तव में, पहाड़ी इलाकों में भवन निर्माण से जुड़े नियमों-उपनियमों पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की जरूरत है। साथ ही प्राकृतिक जल निकासी प्रणालियों को अवरुद्ध करने वाले कारकों पर रोक लगाने की सख्त जरूरत है। जो अतिवृष्टि की दशा में जानलेवा संकट पैदा कर देते हैं। जरूरत इस बात की भी है कि पहाड़ों की प्रकृति के अनुरूप भवन निर्माण शैली को प्रोत्साहन दिया जाए। खासकर भवन निर्माण की उस परंपरागत शैली को, जिसमें लकड़ी और मिट्टी का उपयोग होता रहा है, जो दीवारों में लचीलापन पैदा करती है। निस्संदेह, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शहरीकरण और पर्यटन की पहाड़ी राज्यों की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लेकिन कहीं न कहीं ये सब नीतिगत बदलावों के मार्ग में बाधक भी बनते हैं।

नीतीश ने जो चाल चली है उसके परिणाम अभी आने बाकी

2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई।

भारतीय गांवों का एक खेल है, दोल्हा-पाती। इसमें खिलाड़ी अपने को बचाने के लिए लगातार एक डाल से दूसरी डाल पर फांदते-कूदते रहते हैं। इस तरह वे खुद को खेल के नियम के अनुसार बचाने की कोशिश करते रहते हैं। वैसे तो यह खेल भारत के तकरीबन हर इलाके के गांवों में प्रचलित है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में यह खेल कुछ ज्यादा ही प्रचलित रहा है। शायद यही वजह है कि बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है।

दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था।

लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए। बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी 2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में स्थायी हो गई। राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही फिर वही दल साथ आ जाते हैं तो जमीनी स्तर पर दुश्मनी निभाने वालों के सामने खीस निपोरने और ठगा महसूस करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बिहार में भी यही हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को नहीं सूझ रहा कि वे अब उस नीतीश को कैसे पचाएं, जिन्होंने उन्हें अछूत बताया, उनके नेताओं को विधानसभा में खरी-खोटी सुनाई। विधानसभा अध्यक्ष का आसन सदन में सबसे ऊंचा होता है। लेकिन नीतीश ने उस आसन पर बैठे विजय सिन्हा को भी नहीं छोड़ा था। सदन में महिलाओं को लेकर उन्होंने अभी कुछ ही महीने पहले तकरीबन अश्लीलता की हद तक का बयान दिया था। तब भाजपा की एक विधायक फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। बदले हालात में उनकी स्थिति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। जनता दल यू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उनका अपना कोर वोटर, जिसमें नीतीश की अपनी कुर्मी जाति के भी लोग हैं, अब गाली देने लगे हैं। उनके सामने भी नीतीश की लानत-मलामत की गई।

दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

विचार

कर्पूरी ठाकुर का सम्मान या राजनीतिक एजेंडा

प्रो रविकान्त

बीस जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इसके 11 दिन पहले से मोदी दक्षिण भारत के तमाम मन्दिरों में घूम -घूमकर अनुष्ठान करने में लगे थे। मीडिया के जरिये इस अनुष्ठान को चुनावी माहौल में तब्दील कर दिया गया। भाजपा, संघ, विश्व हिन्दू परिषद और अनेक हिंदूवादी संगठनों ने इस आयोजन को देशव्यापी बना दिया। मीडिया ही नहीं तमाम राजनीतिक विश्लेषक भी ये कहने लगे थे कि राम मंदिर की लहर में मोदी को 2024 में रोकना नामुमकिन है। यानी हिंदुत्व के मुद्दे पर बीजेपी की जीत तय है। लेकिन 24 घंटे के भीतर नरेंद्र मोदी के एक ऐलान ने सबको चौंका दिया।

नरेंद्र मोदी ने जननायक कहे जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान किया। मंडल कमीशन से पहले, कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में ओबीसी आरक्षण लागू किया। उन्होंने ओबीसी को 30 फीसदी आरक्षण दिया और इसे पिछड़ा, अति पिछड़ा में विभाजित किया। अति पिछड़ा (लोवर ओबीसी) को 12 फीसदी और पिछड़ों (अपर ओबीसी) को 8 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया। इसे सामाजिक न्याय के कुशल फॉर्मूले के तौर पर याद किया जाता है। अति पिछड़ा य जिसमें कारीगर, हुनरमंद और दस्तकार तथा सेवादार जातियां आती हैं। ब्रिटिश राज में औद्योगिकीकरण के चलते इनकी आर्थिक स्थिति बहुत बदहाल हुई। इनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान करके कर्पूरी ठाकुर ने बड़ा काम किया था। इसलिए आज अतिपिछड़ा तबका उन्हें मसीहा के तौर पर देखता है।

कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया जाना सराहनीय है। लेकिन यहां कई सवाल उठते हैं। क्या यह वास्तव में कर्पूरी ठाकुर का सम्मान है या छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा? क्या नागरिक सम्मानों के पीछे भी राजनीति होगी? जो काम बिहार में कर्पूरी ठाकुर ने किया, वही काम तमिलनाडु में करुणानिधि ने किया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि करुणानिधि को भारत रत्न क्यों नहीं? हालांकि कई और ऐसे नाम हैं, जिनके बारे में चर्चा हो सकती है। लेकिन यहां मसला सामाजिक न्याय और आरक्षण के जरिए पिछड़ों के सशक्तिकरण का है। इसीलिए कर्पूरी ठाकुर की तरह करुणानिधि की चर्चा जरूरी है। करुणानिधि की चर्चा इसलिए भी की जा रही है क्योंकि तमिलनाडु पहला राज्य है, जिसने सामाजिक न्याय के लिए पिछड़ों को सबसे पहले आरक्षण दिया। ब्रिटिश हुकूमत की मद्रास प्रेसीडेंसी में सबसे पहले 1921 में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। लेकिन तात्कालिक विरोध के चलते यह 1927 में लागू हुआ। दरअसल, मद्रास प्रेसीडेंसी में आरक्षण लागू करने का ठोस और बुनियादी कारण मौजूद था। इस प्रेसीडेंसी में ब्राह्मणों का वर्चस्व और पिछड़े-दलितों की बड़ी दयनीय स्थिति थी। आंकड़ों के अनुसार मद्रास प्रेसीडेंसी में ब्राह्मण आबादी केवल 3.2 फीसदी थी, लेकिन (1912 में) 55 फीसदी डिप्टी कलेक्टर, 72.6 फीसदी जिला मुंसिफऔर 83 फीसदी उप न्यायाधीश पदों पर ब्राह्मण काबिज थे। 1921 की जनगणना के अनुसार तीन चौथाई ब्राह्मण शिक्षित थे। जबकि यहां पर देवदासी जैसी अमानवीय प्रथा मौजूद थी। जमीनों पर एक खास तबके का कब्जा था। दलितों-पिछड़ों का शोषण और उत्पीड़न होता था।

इसके खिलाफ मद्रास प्रेसीडेंसी में 1915-16 में पिछड़ी जातियों के नेतृत्व में जस्टिस आंदोलन शुरू हुआ। इसे द्रविड़ आंदोलन भी कहा गया। सी. एन. मुलियार, टी. एन. नायर, त्यागराज चेट्टी जस्टिस आंदोलन के मजबूत स्तंभ बने। आगे चलकर जस्टिस आंदोलन एक राजनीतिक दल में तब्दील हो गया। 1920 में जस्टिस पार्टी ने पहला चुनाव जीता। देवदासी प्रथा को समाप्त किया गया। भूमि सुधार लागू किए गए। दलितों की वंचना को गैर कानूनी घोषित किया गया। स्वतंत्रता के बाद बने मद्रास प्रान्त में 1954 में दलितों-पिछड़ों के लिए 41 फीसदी आरक्षण था। 1968 में मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु हो गया। 1957 में पहली बार विधानसभा पहुंचने वाले करुणानिधि ने 13 बार जीत हासिल की। हमेशा अपराजेय रहने वाले करुणानिधि 1969 में पहली बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। 1990 में करुणानिधि ने 41 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 69 फीसदी कर दिया।

डीएमके नेता करुणानिधि ने तमिलनाडु में बहुत वैज्ञानिक ढंग से आरक्षण का निर्धारण किया। ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया। इसको पिछड़ा और अति पिछड़ा में विभाजित किया गया। इनकी भी दो-दो अलग कैटेगरी बनाई गई। पिछड़ा को दो कैटेगरी में विभाजित किया गया। बीसी जनरल को 26.5 फीसदी और बीसी मुस्लिम को 3.5 फीसदी आरक्षण दिया गया। दूसरी कैटेगरी, मोस्ट बैकवर्ड क्लास के 20 फीसदी आरक्षण को दो भागों में विभाजित किया गया। मोस्ट बैकवर्ड कम्युनिटीज को 13 फीसदी और डी नोटिफाईड कम्युनिटी को 7 फीसदी। इसी तरह अनुसूचित जाति के लिए 18 फीसदी आरक्षण को 15 और 3 फीसदी की दो कैटेगरी में बांटा गया। अनुसूचित जनजाति के लिए 01 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया। यानी कु ल मिलाकर 69 फीसदी आरक्षण तमिलनाडु में किया गया।

कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया जाना सराहनीय है। लेकिन यहां कई सवाल उठते हैं। क्या यह वास्तव में कर्पूरी ठाकुर का सम्मान है या छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा? क्या नागरिक सम्मानों के पीछे भी राजनीति होगी? जो काम बिहार में कर्पूरी ठाकुर ने किया, वही काम तमिलनाडु में करुणानिधि ने किया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि करुणानिधि को भारत रत्न क्यों नहीं? हालांकि कई और ऐसे नाम हैं, जिनके बारे में चर्चा हो सकती है। लेकिन यहां मसला सामाजिक न्याय और आरक्षण के जरिए पिछड़ों के सशक्तिकरण का है।

झारखंड में 'चम्पई' सरकार

झारखंड में आखिरकार झामुमो के नेतृत्व में गठबन्धन सरकार पुनः गठित हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्य का सबसे बड़ा क्षेत्रीय दल है जिसके नेता और मुख्यमन्त्री हेमन्त सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विगत बुधवार की रात्रि को गिरफ्तार किये जाने के बाद राज्य में इसी पार्टी के नेता श्री चम्पई सोरेन के मुख्यमन्त्री बनने में ऐसी अड़चनें दो दिन तक आयीं जिनका उत्तर लोकतन्त्र में आसानी से ढूंढा जा सकता है क्योंकि लोकतन्त्र संविधान से चलने वाली व्यवस्था होती है। फिर भी राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज उनके बहुमत को देखते हुए उन्हें मुख्यमन्त्री पद की शपथ दिला दी। श्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को गिरफ्तार होने से पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और अपनी जगह गठबन्धन के नेता पद पर श्री चम्पई सोरेन को सर्वसम्मति से बैठा दिया था।

चम्पई सोरेन के साथ 81 सदस्यीय विधानसभा में कुल 47 विधायक और हैं। मगर झारखंड में पिछले दो दिनों में राजभवन के भीतर जो भी घटनाक्रम घटा उसकी चर्चा आज राज्यसभा में भी हुई और इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे व भाजपा नेता पीयूष गोयल के बीच वाद-विवाद भी हुआ। जिस भी राज्य में इस प्रकार की आकस्मिक घटनाएं होती हैं उसमें राज्यपाल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और उन्हें संविधान के दायरे में रह कर अपना दायित्व निभाना पड़ता है। राज्यपाल का पहला कर्त्तव्य यह होता है कि राज्य में निर्वाचित व लोकप्रिय और पूर्ण बहुमत की स्थायी सरकार रहे। झारखंड में श्री चम्पई के पास पूर्ण बहुमत था जिसे उन्होंने पहले दिन ही राज्यपाल को स्पष्ट रूप से बता दिया था। राज्यपाल के समक्ष किसी और दल के नेता ने नई सरकार गठित करने का दावा भी पेश नहीं किया था। ऐसे में राज्यपाल पहली ही नजर में उन्हें सरकार गठित करने की दावत दे सकते थे। क्योंकि श्री हेमन्त सोरेन के इस्तीफे के बाद राज्य में कोई सरकार नहीं थी और न ही उन्होंने श्री हेमन्त से अगली व्यवस्था होने तक अपने पद पर बने रहने का आग्रह किया था। उन्होंने राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा भी नहीं की थी।

इस प्रकार झारखंड बुधवार रात्रि से शुक्रवार दोपहर तक बिना किसी संवैधानिक शासन के रहा लेकिन बहुत जल्दी राज्यपाल ने इस स्थिति में सुधार किया और श्री चम्पई की सरकार गठित करा दी हालांकि वह ऐसा बुधवार की रात्रि को भी कर सकते थे जब श्री चम्पई ने उन्हें अपने समर्थक विधायकों की सूची सौंपी थी और उनसे दो दिन के भीतर ही अपना बहुमत विधानसभा में सिद्ध करने के लिए कह सकते थे। इस मामले में राज्यपालों के सामने 1994 को सर्वोच्च न्यायालय का वह बोम्मई मामला है जिसमें साफ कहा गया है कि सरकार का बहुमत विधानसभा के पटल पर ही तय होना चाहिए। राज्यपाल का बहुमत के लिए आश्वस्त होना तो जरूरी है क्योंकि सरकार का गठन पूर्ण संवैधानिक तरीके से पवित्रता के साथ होना चाहिए। राज्यपालों के लिए केन्द्र-राज्य सम्बन्धों के बारे में गठित सरकारिया आयोग ने भी कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें की थीं। इन सिफरिशों के अनुसार राज्यपाल का दायित्व सरकार बनवाने का होता है। वह स्थायी व संविधान सम्मत सरकार बनवायेगा और राज्य को विधायकों की खरीद-फरोख्त की मंडी बनने से रोकेगा।

इसमें वह अपने सद् विवेक का इस्तेमाल करेगा और परिस्थितियों का आकंलन करके वातावरण को शुद्ध व पवित्र बनाये रखने का प्रयास करेगा। लोकतन्त्र में कोई भी सरकार पूर्णतः शुद्धता व शुचिता के सिद्धान्त पर खरी भी उतरनी चाहिए। इसी वजह से 1986 में संसद में दल-बदल विधेयक लाया गया था जो कानून बना और बाद में इसमें संशोधन करके इसे और सख्त बनाया गया। परन्तु इसका तोड़ हमने 'विधायक इस्तीफा संस्कृति' के रूप में देखा जिसके लिए सभी राजनीतिक दल स्वयं जिम्मेदार हैं। झारखंड एक ऐसा आदिवासी राज्य है जिसे कुदरत ने अपनी नेमतों से भरपूर अन्दाज में नवाजा है। यहां के लोगों का दिल 'जल-जंगल और जमीन' के लिए धड़कता है।

राशिफल

मेषः- जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

वृषः- भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

मिथुनः- महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

कर्कः- क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें।

कन्याः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

तुलाः- हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

वृश्चिकः- शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

धनुः- कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे।

मकरः- कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी।

कुंभः- ''खाली मन शैतान का घर'' अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

मीनः- भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

डीके सुरेश की भारत तोड़ने की धमकी पर कांग्रेस देश से मांगे माफी

हृदयनारायण दीक्षित

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था। लेकिन उनकी पार्टी के ही बेंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डीके सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निन्दा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है। लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता। भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखण्ड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं।

संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई %हम भारत के लोग% है। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शान्ति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखण्ड श्रद्धा है। भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है।

भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर दक्षिण या पूरब पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने सम्पूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम %वन्दे मातरम% है। भारती कहते हैं, %%पराधीन जीवन वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी। विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के। लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चारधामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारम्भिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है।

संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई हम भारत के लोग है। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शान्ति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखण्ड श्रद्धा है। भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रका

आभूषण एवं नगदी वसूलने वाली महिला सहित चार गिरफ्तार

▸ कब्जे से ब्लेकमेल कर वसूले गये आभूषण एवं 1,45,000 रुपये बरामद किये

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/ सर्विलांस टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस ने आभूषण एवं नगदी वसूलने वाली आरोपी महिला सहित 4 आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से ब्लेकमेल कर वसूले गये आभूषण एवं 1,45,000 रुपये बरामद किये।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के निवासी द्वारा थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी गई कि बबली पत्नी रवि ने अपने परिवारिक मामले को सुलझाने के बहाने उसे अपने घर बुलाया तथा अपने पति रवि के साथ मिलकर योजनाबद्ध षड़यंत्र के तहत उसकी न्यूड वीडियो बल पूर्वक बना ली और ब्लैकमेल करके उसे फर्जी बलात्कार के मुकदमे में फसाने की धमकी देकर उसकी पहनी हुई अंगूठियां, चैन एवं ब्रैसलेट तथा 38500 रुपये यूपीआई के माध्यम से आयुष उर्फ लोरी पुत्र रामवीर सिंह के खाते में ट्रान्सफर करा लिये।

एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना के आधार पर ब्लेकमेल कर आभूषण एवं नगदी वसूलने वाले रवी यादव पुत्र शिवराज निवासी नगला बुधू थाना वैदपुरा इटावा, बबली यादव पत्नी रवी यादव निवासी शिव शंकर का मकान दलबीर नगर फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा, आयुष उर्फ लोरी पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम हिंदूपुर नगरिया थाना ऊसराहार इटावा को कुनैरा से आगे दतावली नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से ब्लेकमेल कर वसूले गये आभूषण एवं नगदी बरामद की गयी । जिनके संबंध में पूछताछ की गयी उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगो द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र के निवासी व्यक्ति को अपने परिवारिक मामले को सुलझाने के बहाने उसे अपने घर बुलाया था । हम लोगों ने साथ मिलकर उसकी न्यूड वीडियो बल पूर्वक बना ली और ब्लैकमेल करके उसे फर्जी बलात्कार के मुकदमे में फसाने की धमकी देकर उसकी पहनी हुई अंगूठियां, चैन एवं ब्रैसलेट तथा 38500 रुपये यूपीआई के माध्यम से करा लिये । कुछ आभूषण हम लोगो द्वारा सुनार पवन कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय उमेश नारायण गुप्ता निवासी 80 सैयद वाडा रामगंज रोड थाना कोतवाली जनपद इटावा को सस्ते दामों में बेच दिये है ।

गिरफ्तार आरोपी की निशादेही पर सुनार पवन कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय उमेश नारायण गुप्ता निवासी सैयद वाडा रामगंज रोड इटावा को 1 ब्रेसलेट (सोने का) तथा 1 जंजीर (सोने की) सहित गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन जनपद इटावा मय टीम का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सराहानीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 से पुरस्कृत किया गया।

प्रति सप्ताह पीएचसी में लग रही 120 वैक्सीन

मौसम में बदलाव से बढ़ी घटनाएं

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। पिछले एक माह से पड़ रहे कोहरे एवं ठंड के चलते आवारा पशु हिंसक हो गए हैं। सबसे ज्यादा आतंक अवारा कुत्तों का बढ़ा है। एक सप्ताह में कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 120 लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। यहां सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को वैक्सीन लगती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट डा ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि कुत्ता के काटने पर सप्ताह में दो दिन वैक्सीन लगाई जाती है। बुधवार को 61 लोगों को वैक्सीन लगाई गई थी। शनिवार को दोपहर दो बजे तक 60 लोगों को वैक्सीन लग चुकी थी। सप्ताह का आंकड़ा 120 चल रहा है। दोबारा लगने वालों को मिलाकर संख्या 180 के पार हो जाती है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व यह आंकड़ा इतना नहीं था। इस वर्ष आंकड़े में इजाफा हुआ है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा अंकुर सचान ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण कुत्तों के अंदर सक्रियता बढ़ जाती है। इस वजह से यह हिंसक हो जाते हैं। जैसे ही गर्मी की शुरुआत होगी। उनकी सक्रियता कम होगी और उनके काटने की घटनाओं में कमी आएगी।

चमरूआ ग्राम पंचायत में गौवंशों की स्थिति दयनीय

जैतपुर महोबा, समृद्धि न्यूज।

गौशाला संचालन हेतु प्रति वर्ष भूसे की आपूर्ति के लिए रुपये 10 लाख का प्रधान व सचिव बंदरबाँट कर रहे हैं। एक बार फिर से अखिल भारतीय गौरक्षा परिषद की जिला अध्यक्ष प्रियंका सक्सेना ने मौके पर जाकर गौशाला मैं गोवंशों की देखी बदतर स्थिति जैतपुर विकासखंड के अंतर्गत चमरूआ गौशाला में कागजों में दर्ज है 95 गोवंश जिनके लिए सरकार से एक वर्ष में भूसा आपूर्ति हेतु लगभग 10 लाख दिया जाता है।95 गोवंशों के लिए प्रतिदिन भूसा खिलाने के लिए लगभग 2800 रुपए की धनराशि निकाली जा रही है। लेकिन मौके पर मात्र 30 गौवंश मिले। भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा इस धनराशि का वर्षों से बंदरबांट किया जा रहा है। गोवंशों को उचित मात्रा में भूसा नहीं खिलाया जा रहा है जिससे अधिकांश गोवंशों की हालत खराब दिखाई दे रही है। गौशाला में कहीं भी गेहूं का भूसा दिखाई नहीं दे रहा है ।

गौशाला की यह दुर्दशा स्वयं अखिल भारती गौ रक्षा परिषद की

▸ जिम्मेदारों की उदासीनता से गौशाला का संचालन बाधित

जिला अध्यक्ष प्रियंका सक्सेना ने देखी और चरवाहों से बात की तो उन्होंने बताया कि समय से वेतन नही मिलता है। ग्राम प्रधान ने भी समय से धन प्राप्त न होने की बात कही ।

इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी मूलचंद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इसकी में जांच करवाता हूं यदि ऐसी स्थिति है तो निश्चित रूप से ठोस कार्रवाई की जाएगी।

नवजात गौवंश को नोचकर खा गए कुत्ते

चरखारी महोबा। गौमाता का बच्चा पैदा होते ही कुत्तों ने नोच डाला। एक तरफ सरकार गोशालाओ के लिए लाखो रुपए ग्राम पंचायतों को दे रही है तो दूसरी तरफ कुछ ग्राम प्रधान गोमाता का भोजन ही डकार रहे हैं जिसके चलते गौवंश को मरने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

ऐसा ही मामला आया है विकासखंड चरखारी के ग्राम पंचायत लुहारी का जहां पर छेदीमऊ में बनी गौशाला का हाल बत से बत्तर दिखाई दे रहा है गांव के पूरनलाल,राम प्रकाश, तुलसीदास, मोहनलाल, नंदकिशोर, अरविंद हरी सिंह ,आदि ने बताया की एक गाय अपने बच्चे को जन्म दे रही थी। गाय इतनी कमजोर थी की वो अपने होने वाले बच्चे की जान किसी जानवरो से नही बचा पाती जैसे ही गाय ने बच्चे को जन्म दिया की कुत्ता ने उस बच्चे को नौच डाला और खा गए

इस गोशाला में एक गाय नही बल्कि बहुत सी गाय ऐसी है जो भूख के कारण आए दिन खत्म हो जाती है, अब देखना ये है की सरकारी अमला क्या इस गोशाला की दशा वा दिशा सुधार पाते हैं या नही?

खबरें एक नजर में

गाँव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया

इटावा, समृद्धि न्यूज। भाजपा मण्डल इकदिल में गाँव चलो अभियान की कार्यशाला का आयोजन सरवती गेस्ट हॉउस इकदिल में हुआ। जिसकी अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख महेवा अशोक चौबे, मण्डल प्रभारी एवं सहकारी संघ इकदिल के अध्यक्ष राम कुमार त्रिपाठी जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रेम नारायण त्रिपाठी, डॉ.सुशील सम्राट, सर्वेश मिश्रा, पवन दुबे आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में राम स्वरुप दिवाकर, देशराज राजपूत, शिवेंद्र मिश्रा, सर्वेश राजपूत,महेन्द्र जाटव, सभासद सुनील राजपूत, रामप्रवल शर्मा के साथ मण्डल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं सक्रिय कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे।

25 प्रार्थना पत्र प्राप्त दो को हुआ निस्तारण

इटावा, समृद्धि न्यूज। तहसील चकरनगर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी ब्रम्हानंद ने की इस दौरान पोर्टल पर कुल 25 प्रार्थना पत्र पंजीकृत किए गए जिसमें 2का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जानकारी के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम उप जिलाधिकारी ब्रम्हानंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 25 प्रार्थना पत्र पोर्टल पर दर्ज किए गए जिसमें दो का निस्तारण मौके पर किया गया बाकी के 23 प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कि स्थलीय निरीक्षण कर और मौके पर निस्तारण किया जाए। इस मौके पर राजस्व विभाग की 9, खंड विकास अधिकारी चकरनगर से संबंधित 7, खंड विकास अधिकारी महेवा से संबंधित 1, आपूर्ति विभाग के चार प्रार्थना पत्र, नलकूप विभाग के दो प्रार्थना पत्र, पीडबलूडी से संबंधित एक और विद्युत विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र इस प्रकार कुल 23 प्रार्थना पत्र जिन्हें निस्तारण हेतु विभागाध्यक्षों को सोंप दिए गए हैं। इस मौके पर तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र के अलावा सम्बन्धित सभी आधिकारी भी मौजूद रहे।

दो बाइकों की टक्कर में चार गंभीर, दो रेफर

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया। मुस्करा थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी अभिषेक राजपूत (38) ने बताया कि वह रानी अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर तैनात है। बताया के अपने सहयोगी अध्यापक सुमित्रानंदन (40) निवासी गुंदेला के साथ बाइक से विद्यालय जा रहे थे। तभी मुस्करा हमीरपुर मार्ग में स्थित विद्यालय गेट के अंदर जाने के लिए मुड़े तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार से सीधी टक्कर हो गई। जिसमें उसका साथी शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसे हल्की चोंटे आई हैं। वहीं दूसरे बाइक सवार रईस (17) पुत्र मुन्ना खान निवासी टिकरिया, राठ व उसका भाई शहीद (19) गिरकर घायल हो गए। घायल शहीद ने बताया कि वह अपने भाई के साथ एक गांव से रामलीला कार्यक्रम का अभिनय कर वापस अपने घर जा रहे थे। बताया कि दोनों भाई रामलीला में डांसर का अभिनय करते हैं। कहा कि अचानक सामने से बाइक आ जाने पर बाइक अनियंत्रित हो गई और टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी बृजमोहन ने सभी घायलों को अपने वाहन से सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉ. शरद विश्वकर्मा ने घायल सुमित्रानंदन व रईस को गंभीर हालत में उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

संविधान बचाने के लिए लड़ें अगला चुनाव : चौधरी

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का है। इसलिए सभी जी जान से अभी से जुट जाएं। इस मौके पर नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग सभा के प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव का जोरदार स्वागत किया गया। मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए अंबेडकर वाहिनी के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव संविधान बचाव के रूप में लड़ा जा रहा है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव पूरे मनोबल से लड़ा जाएगा। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, शोषित, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के हकों को खत्म करने की कोशिश में जुटी हुई है। जिलाध्यक्ष ने सभी से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में अजय उर्फ कल्लू यादव, ओमप्रकाश वारसी, रितेश उर्फ बाबा लोधी के प्रदेश पदाधिकारी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। बैठक में रामप्रकाश प्रजापति, ज्ञान सिंह यादव, चंद्रावती वर्मा, नीरज कश्यप, गोकुल राजपूत, रामसजीवन यादव, छाया प्रजापति, बदलू फौजी, मनप्यारे निषाद, सौरभ यादव, नीलू यादव, पिंटू यादव, संजय यादव, जितेंद्र यादव, सुनील यादव, अशोक यादव, छोटू सिंह, रामभजन खंगार, प्रकाशबाबू शिवहरे आदि मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव राजेश विश्वकर्मा ने किया।

शादी के पहले छिपाई पति के बीमारी की बात

▸ विरोध करने पर किया उत्पीड़न, हुई कार्यवाही

महोबा, समृद्धि न्यूज।

चरखारी के मुहाल अमरगंज निवासी मिथलेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 22 जून 2022 को जितेंद्र पुत्र चेतराम निवासी ग्राम गौरिहार छतरपुर मप्र के साथ संपन्न हुआ था। उसके पिता ने हैसियत के अनुसार जेवरात, गृहस्थी का सामान व एक लाख रुपया दिया था। वह जब ससुराल गई तो पति नपुंसक था। उसने यह बात ससुरालियों से की तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी।

उससे कहा गया कि देवर महेंद्र के कहने के अनुसार चलो। इसके बाद देवर उससे गलत काम करने के लिए दबाव बनाने लगा। ससुराल के लोग उसका सहयोग करते है। विरोध किया तो कहने लगे कि कम दहेज मिला है और खाना पीना भी उसका बंद कर दिया। उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न के साथ ही मारपीट की जाने लगी। उसने यह बात पिता को बताई। पिता 20 अगस्त 2023 को ससुराल पहुंचे और कहा कि जितेंद्र की नपुंसक वाली बात क्यों छिपाई। तब बताया गया कि उसका इलाज चल रहा हे। इन लोगों ने धोखा करके उसके साथ शादी कराई। पिता के सामने पति, सास ससुर व देवर आदि ने उसके साथ गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पिता उसको लेकर आ गए। 23 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे पति सित ससुरालीजन उसके घर आए और कहने लगे की एक लाख रुपया व बाइक दहेज में और दो। पिता ने इंकार किया तो सभी ने मारपीटा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता ने सूचना चरखारी थाने में दी। पुलिस ने पति जितेंद्र, ससुर चेतराम, सास केता देवी, देवर महेंद्र व ननद शीलता पर धारा 498-ए, 323, 504, 506, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीएम ने चकदाहा के मनरेगा कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने तहसील मौदहा में लोगो द्वारा क्रय की गई भूमि में कम मूल्य के स्टांप अदा किए जाने के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें सर्किल रेट के अनुसार कम स्टांप अदा करना पाया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय चकदहा का निरीक्षण कर हो रहे भवन निर्माण कार्यो व भोजन तथा शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। इसी के साथ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही ग्राम चकदहा में चल रहे मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जॉब कार्ड धारकों से जानकारी ली वहीं समय से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

▸ सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु दूरभाष के जरिए दिए निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/ जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को मौके पर दूरभाष से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी। साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

एसडीएम-सीओ की मौजूदगी में बैठक आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले के तहसील कुलपहाड़ के उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार व प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ज्ञानवापी पर कोर्ट के फैसले को सम्मान करते हुए लोगों शांति बनाए रखने की अपील की है। बैठक में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद ने कहा कि कोर्ट के ज्ञानवापी फैसले को लेकर सभी को सम्मान करना है, और आपसी सद्भाव बनाए रखें।

किसी प्रकार की एक दूसरे पर टीका टिप्पणी न करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और मोबाइल फेसबुक पर कमेंट आदि न करें। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने कहा

कि सभी लोग शांति का परिचय दें। बाहरी व्यक्ति पर कड़ी नजर रखें। कहीं कोई गड़बड़ी की संभावना हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, डॉ हरगोविंद सैनी, सगीर पहलवान, दुर्गेश सोनी, हरीदास अनुरागी, सभासद, ओमप्रकाश साहू, सत्यवीर यादव, सुरेश साहू, पुष्पेंद्र सिंह यादव, अमित द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

खराब फसलों को लेकर तहसील पहुंचे किसान

महोबा, समृद्धि न्यूज।

▸ किसानों ने प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शनिवार को बड़ी संख्या में किसान सदर तहसील पहुंचे और खराब फसल लेकर जोरदार प्रदर्शन कर एसडीएम जीतेंद्र कुमार को ज्ञापन देकर फसल की जांच कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की।

खराब मौसम और बारिश ने किसानों की चना मटर की फसल बर्बाद कर दी। फसल खराब होने से किसानों के सामने परिवार के भरण पोषण की चिंता सता रही है। शनिवार को बड़ी संख्या में किसान सदर तहसील पहुंचे और खराब फसल लेकर जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाज की एसडीएम को ज्ञापन देकर खराब फसल की जांच कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। केंद्र प्रभारी ने अवैध खरीद को सरकारी खरीद में दिखाकर केंद्र सरकार कि महत्वाकाक्षी योजना न्यूनतम समर्थन मूल्य का दुरपयोग किया है। इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कि जाय, किसानों का फसल बीमा का भुगतान कराया जाए सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन दिया गया।इस मौके पर विभिन्न गांवों के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर पान किसानों ने डीएम से मांगा मुआवजा

महोबा। सर्दी के कारण देशावरी पान की खेती में अत्यधिक पाला पड़ जाने से ज्यादातर पान की फसल खराब हो गई है। फसल खराब होने से पान की खेती से आश्रित पान किसानों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे पान किसान बुरी तरह परेशान है। पान किसानों ने डीएम मृदुल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर खराब हुई पान की फसल का सर्वे कराकर राहत दिलाने की मांग की है। किसान दिनेश चन्द्र चौरसिया ने बताया कि उद्यान अधिकारी द्वारा पान बरेजा में जाकर नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। पान किसान विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि भीषण सर्दी के कारण 90 प्रतिशत तक फसल खराब हो गई है। जिसके चलते पान किसान की खेती से आश्रित परिवारों के सामने भुखमरी जैसी विकराल समस्या खड़ी हो गई है। किसानों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर राहत दिलाने की मांग की है। इस दौरान रामदास, छिद्दू, परसराम चौरसिया, रामेश्वर चौरसिया, विजय, संतोष, दिनेश, नरेशचंद्र चौरसिया, राजू, श्यामबाबू, जगदीश व राजाराम आदि पान किसान मौजूद रहे।किसानों ने कहा है कि मुआवजा मिलने पर उनकी परेशानी दूर होगी और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

डंपर की टक्कर से स्कूटी बनी आग का गोला

▸ महिला की मौत, पति व नातिन गंभीर रूप से झुलसे

▸ यमुना पुल पर हुए हादसे के बाद हाईवे में लगा जाम

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

गोद भराई की रस्म से लौट रहे स्कूटी सवार लोगों को शनिवार की दोपहर यमुना पुल पर तेज रफ्तार डंफर ने पीछे से टक्कर मार दी।साथ ही डंफर महिला को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं टक्कर से स्कूटी में लगी आग से छह वर्षीय नातिन गंभीर रूप से झुलस गई। नातिन को बचाने में स्कूटी चालक भी झुलस गया। घटना की

सूचना पर फायर ब्रिगेड के साथ कोतवाली पुलिस पहुंची और क्षत-विक्षत शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजी। डंपर की तलाश की जा रही है। घटना से हाईवे में जाम लग गया। जिसे पुलिस ने धीरे धीरे बहाल कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के भिलावां मोहल्ला निवासी बर्तन दुकानदार रामकिशोर सचान (55) ने बताया शुक्रवार को साले की पुत्री की गोद भराई में शामिल होने के लिए पत्नी मीरा सचान (50) व नातिन वाणी (06) पुत्री विंशुल सचान के साथ पुखराया गया था। शनिवार को सुबह पत्नी व नातिन के साथ स्कूटी से वापस घर आ रहा था। दोपहर करीब 12:30 बजे कानपुर नगर के सजेती थानाक्षेत्र में कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में यमुना पुल में पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। घटना में पत्नी स्कूटी से उछलकर सड़क में गिर गई। जिससे डंपर उसे कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं टक्कर से स्कूटी में आग लग गई। जिससे उसकी नातिन व वह स्वयं गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दमकल ने आग पर काबू पाया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

विभिन्न मार्ग दुर्घटनाओं में हुए कई घायल

राठ, समृद्धि न्यूज। बाइक का टायर फटने से बाइक पर सवार पिता पुत्र सहित अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में छह लोग घायल हुए हैं। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया गया है। जरिया थाना क्षेत्र के अमूंद गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद (46) आज सुबह अपने पिता भगवान दास (70) पुत्र स्वामीदीन को बाइक पर बैठा कर महोबा जनपद के कुलपहाड़ तहसील जा रहा था। तभी राठ पनवाड़ी मार्ग पर कैंथा गांव के पास उनकी बाइक का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे उसमें सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं अन्य मार्ग दुर्घटनाओं में धमना गांव निवासी आरती (17) पुत्री पन्नालाल, खेड़ा शिलाजीत गांव निवासी रामबाबू (40) पुत्र डरूआ, जालौन जनपद के कदौरा कस्बा निवासी नरेंद्र (24) पुत्र शिवकुमार तथा नगर के छोटी जुल्हेटी मोहल्ला निवासी गुलफ़सा (55) पत्नी मुन्ना घायल हो गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ से चिकित्सक ने भगवानदास की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

आवारा कुत्तों व बंदरों के आतंक से लोगों में दहशत

▸ 20 लोगों को काटकर किया घायल

राठ, समृद्धि न्यूज। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तें व बंदरों का आतंक छाया हुआ है। जिससे प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक लोग उनका शिकार हो रहे हैं। शुक्रवार को 20 लोगों पर हमला कर दिया है। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।

शनिवार को कुर्रा गांव निवासी कल्लू, वर्षा, सिकरौधा गांव निवासी योगेंद्र, धनौरी निवासी राजबहादुर, इटायल गांव निवासी हितेश, करगवां गांव निवासी मुमताज और राठ कस्बा निवासी छत्रपाल, अंश, लता, अमरुद्दीन, मूलचंद सहित 20 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। तीन दिन में 50 से अधिक लोगों को आवारा कुत्ते अपना शिकार बन चुके हैं। जख्मी लोगों ने सीएचसी में रेबीज के इंजेक्शन लगवाएं। इसी तरह कस्बे में बंदरों का आतंक बढ़ चुका है।

पठानपुरा मोहल्ला के अभिषेक छत पर पढ़ाई कर रहा था। तभी कटखने बंदर ने उसे काट कर घायल कर दिया। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला सहित कई मोहल्ले में बंदर आतंक फैलाए हुए हैं। जिनके डर से लोग छतों पर जाने से घबराने लगे हैं। नगर पालिका ईओ राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि टेंडर निकाला था लेकिन किसी ने डाला नहीं है। बंदर और कुत्ते के पकड़वाने के टेंडर फिर से निकाले जाएंगे।

जिले में रेंग रही मनरेगा योजना मजदूरों के साथ सामग्री का 32 करोड़ बकाया

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

मनरेगा योजना में मजदूरों का भुगतान ढाई माह से नहीं हुआ है। जिले के सातों ब्लाकों में मजदूरों की मजदूरी का 14 करोड रुपए बकाया है। इसी तरह सितंबर माह से मनरेगा की सामग्री मद का भुगतान नहीं हुआ है। सप्लायरों का पूरे जनपद में 18 करोड रुपए बकाया है। मनरेगा योजना के कर्मी एपीओ, अकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवकों को जून माह से मानदेय नहीं मिला है। जनपद के किसी भी ब्लाक में मनरेगा योजना का कोई बड़ा कार्य संचालित नहीं है। केवल पीएम, सीएम आवास योजना के साथ मॉडल शाप की दुकानों के निर्माण में मजदूरों को खपाया जा रहा है। किसी तरह का बड़ा कार्य संचालित न होने से मजदूर जिले से पलायन करने को मजबूर है।

मनरेगा वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सातों ब्लाकों में मजदूरों की मजदूरी का 14.01 करोड़ बकाया है। इसमें सुमेरपुर ब्लाक में 1.99 करोड़, कुरारा में 86.30 लाख, मौदहा में 3.08 करोड़, मुस्करा में 3.72 करोड़, राठ में 2.40 करोड़, गोहांड में 2.19 करोड़, सरीला में 1.93 करोड़ रुपए मजदूरी का भुगतान बकाया है। यह भुगतान 16 नवंबर से बकाया है। इसी तरह सामग्री मद में गोहांड में 2.38 करोड़, कुरारा में 49 लाख, मौदहा में 5.77 करोड़, मुस्करा में 6 करोड़, राठ में 70 लाख, सरीला में 1.46 करोड़ , सुमेरपुर में 1.03 करोड़ धनराशि सप्लायरों की बकाया है। जनपद में कार्यरत एपीओ, अकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों को जून माह से अब तक का मानदेय नहीं दिया गया है। जिले के किसी भी ब्लॉक में कोई बड़ी परियोजना संचालित नहीं है। मजदूरों को पंचायत में बना रहे पीएम, सीएम आवासों के साथ मॉडल शाप की दुकानों के निर्माण में खपाकर योजना को जिंदा रखा जा रहा है। पंचायत में मनरेगा के कार्य ठप होने से मजदूर पलायन को मजबूर हैं। मनरेगा योजना के मजदूर धुंधपुर निवासी रज्जन विश्वकर्मा, रामरती, संतराम प्रजापति ने बताया कि उन्हें ढाई माह से मजदूरी नहीं मिली है। श्रम उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार राय ने बताया की एफटीओ बनाकर डिमांड लगी हुई है। धनराशि रिलीज होते ही सभी के खातों में धनराशि पहुंच जाएगी।

तीन युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप

राठ। किशोरी की मां ने घर में घुसकर पुत्री के साथ तीन युवकों पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह 28 जनवरी की दोपहर करीब दो बजे वह बाजार गई थी। घर पर उसकी 12 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। तभी झांसी जनपद के राजगढ़ निवासी एक युवक अपने दो साथियों के उसके घर आए और पुत्री से उसके पति के बारे में जानकारी ली। जब उसकी पुत्री ने बताया कि मां बाजार गई है। आरोप लगाया कि उक्त युवकों ने पुत्री का हाथ पकड़ अश्लील हरकतें करने लगे। जब वह बाजार से आईं तो उक्त युवक उसकी पुत्री को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जब उसने विरोध किया तो उक्त युवक गाली गलौज कर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर र

डीएम ने पांच शिकायतों का कराया निस्तारण

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में गल्ला मंडी में स्थित तहसील उरई के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष 32 शिकायतें प्राप्त है जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व एसपी।

गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरण में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा की गई शिकायतों का निस्तारण की क्रॉस जांच भी कराई जाएगी साथ ही शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा, उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है।

तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता के तहत हस्ताक्षर करते हुए अभियान की शुरुआत की। उसके बाद परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सुरेश पाल, क्षेत्र अधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद में जुटा महकमा

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद में शनिवार को लगभग 5 घंटे तक आपूर्ति बंद रही। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों द्वारा उपकरणों की साफ सफाई की गई ।

उप खण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव के मुताबिक सर्दी का मौसम अंतिम चरण में और गर्मी में विद्युत की मांग बढ़ जायेगी इसी के चलते बिजली घर की मशीनों को दुरुस्त करने की कवायद शुरू की गई है। शनिवार को अवर अभियन्ता जितेन्द्र देव वर्मा की अगुआई में विद्युत कर्मचारी अमित पोरवाल, फहीद, विमल, सादिक, अनूप, इसरार दिलीप जाटव सहित सभी कर्मचारियों द्वारा

▸ उपकरणों की साफ सफाई के चलते पांच घंटे ठप रही आपूर्ति

बिजली घर स्थित आपूर्ति मशीनों, केबिल, 10-10 एमबीए ट्रांसफारमर, इंसुलेटर, डिस्क आदि की हकीकत जांची इस दौरान कमियां पाये जाने पर उपकरणों को बदला भी गया हालांकि इस कार्य में लगभग आठ घंटे का समय लगा जिससे इस दौरान विद्युत आपूर्ति भी बन्द रही और लगभग 7 बजे शाम को आपूर्ति शुरू हो सकी थी लेकिन इस दौरान आपूर्ति प्रभावित रहने से नगर के लोग हलकान रहे। अवर अभियंता के अनुसार विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के लिए मशीनों को दुरुस्त किया गया है इससे अब गर्मी में विभाग को ज्यादा परेशानी नही उठानी पड़ेगी।

सट्टा पर्ची लिखते पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

जालौन (उरई)। सट्टे की पर्ची समेत कोतवाली पुलिस ने एक युवक को पकड़ा। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने 1050 रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

कोतवाली में तैनात एसआई ओंकार सिंह को सूचना मिली कि उरगांव तिराहे के पास एक युवक सट्टे के नंबर लगा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सट्टे के नंबर लगाते हुए महफूज निवासी कुसमरा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन और सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्ची समेत 1050 रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं से बढ़ेगी प्रदेश की जीडीपी

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

राम मंदिर आंदोलन में हम लोगों ने भी लड़ाइयां लड़ी थी। इसके लिए मैं जेल भी गया था।आज जब अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना हो चुकी है तो उस पल को अपनी आंखों के सामने साकार होते देखना मेरे जीवन का बेहद महत्वपूर्ण क्षण रहा।

राम मंदिर केवल धार्मिक ही नहीं है,बल्कि ऐतिहासिक है सांस्कृतिक है और जिस तरह मर्यादा पुरुषोत्तम राम का स्वरूप रहा है। राम सभी को जोड़ने के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके लिए कोई एक शब्द सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। मोदी जी जिस तरह अपने हाथों में थाल लेकर श्रद्धा भाव से प्रभु राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने जा रहे थे, यह पल बेहद भावुक कर देने वाला था। क्योंकि 500 सालों बाद यह ऐतिहासिक पल सनातनियों के जीवन में आया था जो हम सभी के लिए बहुत ही गौरवशाली और भावुक कर देने वाला था। हम इसे अपने जीवन में कभी भुला नहीं सकते। प्रधानमंत्री के हाथों में जिस तरह पूजा का थाल था, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि त्रेता युग में जिस तरह भरत अपने हाथों में प्रभु राम की खड़ाऊ लेकर जा रहे थे वैसा ही कुछ भाव उस वक्त भी महसूस हो रहा था। ने कहा कि राम मंदिर बन जाने के बाद से लगातार श्रद्धालुओं का यहां दर्शन करने के लिए ताता लगा हुआ है। भारी संख्या में लोग श्री राम लला के दर्शन करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। जिससे प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा और जीडीपी भी सुधरेगी। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला आज गोरखपुर में मौजूद थे जहां उन्होंने राम गढताल स्थित नौका विहार पर जाकर पर्यटकों का हाल-चाल लिया।

तहसील समाधान दिवस में 49 मामले आए नौ मामलों का निस्तारण

दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

आज शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस पर विभिन्न समस्याओं से युक्त 49 मामले आए जिसमें 9 मामले का निस्तारण किया गया। तहसील दिवस की अध्यक्षता उप जिला अधिकारी सुरेश चंद्र राय ने किया। उन्होंने अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता परक निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी। तहसील दिवस के मौके पर पुलिस क्षेत्रा अधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल अजय विक्रम यादव के अलावा काफी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील संबंधी वादों के निस्तारण हेतु प्री ट्रायल बैठक आयोजित

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र के अनुपालन में आगामी 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता,अपर जिला न्यायाधीश व जिला विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव और अपर जिला जज व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी बृजेश कुमार सिंह की देखरेख में जनपद न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

इसी क्रम में शनिवार को तहसील से सम्बन्धित वादों के निस्तारण हेतु तहसीलदार/ सचिव,तहसील

विधिक सेवा समिति, सोहावल, मिल्कीपुर, सदर,रूदौली और बीकापुर के साथ प्री-ट्रायल मींटिग आयोजित की गयी। इसमे तहसील में लम्बित वादों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों चिन्हित कर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर प्राधिकरण सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक संख्या में वादकारी और अधिवक्ता पहुंच कर अपने अपने वादों का निस्तारण कराके इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

खबरें एक नजर में

पशु आश्रय स्थल बनवाने की मांग

बलरामपुर। विकास खंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत साहेब नगर के ग्रामीणों ने पशु आश्रय स्थल बनवाने की मांग विभाग के उच्च अधिकारियों से की है।ग्राम पंचायत साहेब नगर के अंतर्गत गांवों में किसानों की फसलों को बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए महेश वर्मा, श्री निवास, जग्गे, उमेश तिवारी, बेचन, बाबू लाल, मंगली, आदि ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत स्तर पर पशु आश्रय स्थल बनवाने की मांग की है ।ग्राम पंचायत स्तर पर पशु आश्रय स्थल बन जाने से किसानों की फसल को बेसहारा पशुओं से बचाया जा सकता है। पशु आश्रय स्थल न होने से पशुओं द्वारा किसानों के फसलों को नष्ट कर दिया जा रहा है। फसलों को बचाने के लिए किसान रतजगा करने को विवश हैं। इसके बाद भी पशुओं द्वारा फसलों को रौंदकर नष्ट कर दिया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने बताया पशु आश्रय स्थल निर्माण के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों का अवगत करा दिया जाएगा।

कम्पटीशन की तैयारी के लिए स्मार्ट लायब्रेरी का शुभारंभ

तुलसीपुर ,बलरामपुर। नगर के लाल चौराहे के पास कंपटीशन की तैयारी करने वाले सभी के लिए स्मार्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। स्मार्ट लाइब्रेरी का शुभारंभ शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित करके किया स्मार्ट लाइब्रेरी के संस्थापक उमंग लाठ ने बताया लाइब्रेरी का उद्देश्य तराई क्षेत्र के शिक्षित और शिक्षा प्राप्त करने वाले दोनों के लिए महत्वपूर्ण है । लाइब्रेरी में सभी तरह के कंपटीशन की तैयारी की पुस्तक व उसकी जानकारी मौजूद रहेगी। कार्यक्रम में नित्यम लाठ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज दिलीप गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

घर जैसा 2.0 की हुई प्री लॉन्चिंग

अयोध्या। रामनगरी में बीते दिनों भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में तमाम प्रतिष्ठित समूहों और व्यक्तियों द्वारा समाज सेवा के कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में घर जैसा 2.0 के सुल्तान खान,पायनियर ट्रेडर्स के रोहित अग्रवाल,घर जैसा के मालिक महमूद खान और रोहित पोरवाल द्वारा ब्रिटानिया के उत्पादों का वितरण अयोध्यावासियों को प्रसाद स्वरूप किया गया। इस अवसर पर सुल्तान खान ने बताया कि घर जैसा 2.0 की प्री लॉन्चिंग है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उभर रहा है तो यहां आने वाले श्रद्धालुओं को हमारे घर जैसा 2.0 जो महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और हनुमानगढ़ी नाका के बगल स्थित है तथा जहां आधुनिक और पारंपरिक तत्वों का मिश्रण प्रदर्शित करते हैं,जो मेहमानों के लिए आरामदायक हैं। बताया गया कि कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त आधुनिक और अच्छी तरह से सुसज्जित स्थान शामिल हैं। आगंतुक यहां स्थानीय और पसंदीदा व्यंजनों को चुन सकते हैं तथा होटल की छत पर रेस्तरां में वास्तव में विशिष्ट अनुभव का आनंद ले सकते हैं।

कांग्रेस ने संवाद कार्यक्रम से लोकसभा फतह की बनाई रणनीति

म्योरपुर सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस का संवाद कार्यक्रम शनिवार को म्योरपुर ब्लॉक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामचन्द्र पनिका की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड मौजूद रहे।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि ब्लॉक संवाद कार्यक्रम के जरिये न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने लिए हर ब्लाक पर बैठक किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद

हर गांव और पंचायत में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेगी कांग्रेस

कर आगामी लोकसभा चुनाव में फतह के लिए रणनीति तय की गई, रॉबर्ट्सगंज लोकसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्यासी डॉक्टर रामाधार जोसेफ ने कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब जल्द की यूपी की सरहद चंदौली में प्रवेश करेंगी, जिसको लेकर जनपद के कोने कोने में लोगो को आमंत्रण देकर यात्रा में शामिल होने की गुजारिश किया जा रहा है। राहुल गांधी युवाओं, गरीबों, महिलाओ, के न्याय के लिए संघर्ष कर रहे है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा जनता की समस्याओं को लेकर सड़को पर काम कर रहे है। भारत जोड़ो यात्रा के जरिये किसानों, युवाओं, मजदूरों, कर्मचारियों से सीधे संवाद कर रहे है। राहुल गांधी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, इससे बीजेपी में बौखलाहट है।

कांग्रेस प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि बीजेपी सरकार में आदिवासियों, महिलाओ पर अत्याचार लागतार बढ़ रहा है। जनपद में ब्यपक भ्रस्टाचार चरम पर है। पीसीसी सदस्य रुक्सार नाज ने कहा कि बीजेपी सरकार में महंगाई से जनता त्रस्त है।

उक्त मौके पर चंदौली कांग्रेस प्रवक्ता शशि उपाध्याय, प्रदीप मिश्र,ब्लॉक अध्यक्ष म्योरपुर रामचन्द्र पनिका, ऋषिराज पासवान, अरुण चौबे, रामसेवक पनिका, किस्मत देवी, रामकेश पनिका,विनोद मौर्य,, शारदा पनिका, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दुद्धी तहसील के लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने विनय कुमार गुप्ता

दुद्धी सोनभद्र। तहसील सभागार में आज शुक्रवार को उत्तरप्रदेश लेखपाल संघ के तत्वाधान में आज लेखपालों का चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई जिसमें तहसील लेखपाल संघ दुद्धी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे लेखपाल संघ के दुद्धी तहसील अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा बने है। वही कनिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार कन्नौजिया, मंत्री प्रवीण कुमार सिंह, उप मंत्री अमरजीत कुमार, कोषाध्यक्ष शौरभ कुमार, व ऑडिटर हौशिला सिंह बनी है। तहसील लेखपाल के अन्य सदस्यों ने अपने नए निर्वाचित अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है

प्रायोगिक परीक्षा आज से शुरू

सोनभद्र। आदर्श इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र में प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि इस प्रकार है आदर्श इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र के प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार मौर्य के आदेशानुसार कक्षा 12 के सभी वर्गो के परीक्षार्थी इस बात से अवगत हो कि भूगोल की परीक्षा 4 फरवरी 2024, गृह विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 4 फरवरी 2024, शस्य विज्ञान प्रथम की प्रायोगिक परीक्षा 5 फरवरी 2024, कृषि भौतिकी की की प्रायोगिक परीक्षा 5 फरवरी 2024, कृषि अभियंत्रण की प्रायोगिक परीक्षा 5 फरवरी 2024, कृषि रसायन की प्रायोगिक परीक्षा 5 फरवरी 2024 ,भौतिक विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 7 फरवरी 2024 और रसायन विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 7 फरवरी 2024 को सुनिश्चित है।

आडवाणी को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने से भाजपाई खुश

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ÷भारत रत्न÷ मिलने की घोषणा होते ही भाजपा नेता राजेश वर्मा आदि ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी और कहा कि लालकृष्ण आडवाणी भाजपा के तीन बार राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्र सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री व देश के उपप्रधानमंत्री रह चुके है श्री आडवाणी के नेतृत्व में ही राम मंदिर निर्माण के लिए पहली बार रथयात्रा देश में निकाला गया था बाबरी विध्वंस के समय श्री आडवाणी अयोध्या में मौजूद थे जिन्हे बाद में मुख्य आरोपी बनाया गया था, लाल कृष्ण आडवाणी 1947 में भारत पाक विभाजन के समय अपना घर बार छोड़कर भारत आ गए थे जिनका नाता बाद में आरएसएस से जुड़ गया जो जीवनभर इसी के होकर रह गए राजेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने के ऐलान से भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस मौके राजेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष बीजेपी,दुष्यंत चौधरी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष बीजेपी,राजेंद्र पटवा ,दिलीप श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, सुनील शुक्ला समेत कई कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद रहे।

फर्जी बैनामा कांड का एक और नामजद आरोपी संविदा कर्मी गिरफ्तार

कालपी (जालौन)। फर्जी बैनामा काण्ड का जिन्न फिर बाहर आ गया है। कई माह तक चली जांच के बाद शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले के एक और नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।

विदित हो कि गत कुछ माह पहले छौंक गांव निवासिनी विद्या देवी की जमीन का एक फर्जी महिला द्वारा उसकी वेशकीमती जमीन का बैनामा कर दिया था। मामले का पता चला तो हंगामा खड़ा हो गया था। आनन फानन राजस्व विभाग ने फर्जी रजिस्ट्री को निरस्त कर जमीन महिला को बापस कर दी थी लेकिन जमीन के क्रेता कोमल सिंह यादव ने इस मामले में 7 नामजदों सहित एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया था। सुर्खियों में रहे इस मामले में पुलिस ने कुछ नामजदों तथा बैंक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आरोपितों को जेल भेज दिया था। इस मामले में रजिस्ट्री कार्यालय में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत राहुल को भी नामजद किया था जिसे पुलिस ने तत्काल हिरासत में लिया था लेकिन बाद में शांति भंग की कार्यवाही कर दी थी लेकिन इस मामले के तीन माह बीत जाने के बाद अब पुलिस ने उसे अब दोषी मान लिया है।

सूचना

मैंने अपने पुत्र रितेश कुमार के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
प्रमोद कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी नवाबगंज, तहसील कायमगंज, थाना नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद।

कार्यालय ग्रा0पं0 असगरपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 03/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत असगरपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 04/02/2024 से 07/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	अनिल के दरवाजे से नवल किशोर के घर तक नाली मरम्मत व पटिया निर्माण कार्य	1.80 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्तेः- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
प्रधान (अंशुल गंगवार) ग्रा0पं0 असगरपुर, शमशाबाद सचिव (अरुन कुमार)

कार्यालय विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः मीमो/मनरेगा/ वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 03/02/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुपुर, ऊगरपुर सुल्तान पट्टी, ईसेपुर, महोई विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 04/02/2024 से 11/02/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11/02/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/02/2024 से 11/02/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 200.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

क्रं.	कार्य का नाम	ग्राम	सामग्री का विवरण	स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में)	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1-	सतेन्द्र जाटव के घर से गोरेलाल भुर्जी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	दुर्गुपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	5.72 लाख	2 प्रतिशत	200
2-	नरेन्द्र के घर से सुनील के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य	दुर्गुपुर	// //	4.09 लाख	2 प्रतिशत	200
3-	विजेन्द्र // // // विवेक // // // // // // //	दुर्गुपुर	// //	1.71 लाख	2 प्रतिशत	200
4-	अशोक के घर से रामसेवक जाटव के घर तक सीसी निर्माण कार्य	दुर्गुपुर	// //	2.48 लाख	2 प्रतिशत	200
5-	पंकज के घर से सुखवीर के घर तक सीसी निर्माण कार्य	दुर्गुपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	2.89 लाख	2 प्रतिशत	200
6-	तेजराम के घर से बालाजी के मंदिर तक इंटरलाकिंग कार्य	दुर्गुपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	5.71 लाख	2 प्रतिशत	200
7-	संजू के घर से कल्लू के घर तक नाली व सीसी निर्माण कार्य	ऊगरपुर सुल्तान पट्टी	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	2.47 लाख	2 प्रतिशत	200
8-	कल्लू के घर से सोनू के घर तक नाली व सीसी व निर्माण कार्य	ऊगरपुर सुल्तान पट्टी	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	2.47 लाख	2 प्रतिशत	200
9-	जयप्रताप के घर से रामसिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य	ऊगरपुर सुल्तान पट्टी	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	5.39 लाख	2 प्रतिशत	200
10	अरविन्द पाल के घर से रवि बाथम के घर तक नाली व सीसी कार्य	ऊगरपुर सुल्तान पट्टी	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	1.49 लाख	2 प्रतिशत	200
11	कल्लू कठेरिया के घर से सर्वेन्द्र के घर तक सीवर लाइन	ईसेपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	1.98 लाख	2 प्रतिशत	200
12	ध्रुव के घर से जगमोहन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	ईसेपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	7.96 लाख	2 प्रतिशत	200
13	कल्लू कठेरिया के घर से इंद्रपाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	ईसेपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	2.96 लाख	2 प्रतिशत	200
14	कर्मवीर के घर से सुरेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	ईसेपुर	बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार	1.20 लाख	2 प्रतिशत	200
15	दीपक के घर से राजकुमार के घर तक सीसी व नाली कार्य	महोई	// //	4.07 लाख	2 प्रतिशत	200
16	शक्तिमान के घर से डामर रोड तक सीसी व नाली कार्य	महोई	// //	4.07 लाख	2 प्रतिशत	200

नियम व शर्तेः- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
(सचिव), ग्राम पंचायत दुर्गुपुर, सुल्तान पट्टी, ईसेपुर, महोई वि0ख0 कमालगंज

निर्देश — **जमीन से जुड़े विवादों का लेखपाल मौके पर जाकर करें निस्तारण**

डीएम की अध्यक्षता में तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

शासन की मंशानुरूप अमजानमास की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु माह के प्रथम शनिवार पर संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में तहसील उतरौला में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आमजनमानस की शिकायतो एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। अन्य शिकायतों का संबधित विभागों

के अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण करते हुए 03 दिवस के भीतर निस्तारित कियें जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे, जनमानस कों शिकायतों के निस्तारण के लिए बार- बार दफ्तरों के चक्कर ना लगाना पड़े। उन्होंने कहा की लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील सभी विवादों को गंभीरता से लिया जाए एवं अति सक्रियता के साथ निस्तारण किया जाए। जमीन से जुड़े विवादों में कनूनगो एवं लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों से जुड़ी शिकायते/समस्याएं ज्यादा आ रहीं है ,इसका संबंधित अधिकारी आकलन करें एवं कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए एवं फील्ड में जाकर प्रमुखता से जनसमस्यो को हल करें। आगामी वित्त वर्ष अपनी समाप्ति की ओर है पीडब्ल्यूडी समेत सभी विभाग वित्त वर्ष में स्वीकृत सभी कार्य प्रारंभ करा दे। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सभी नोडल अधिकारी समेत सभी जनपद स्तरीय अधिकारी सौपे गए कार्यों से भलीभाती अवगत हो जाए तथा पूरी ईमानदारी,निष्ठा एवं दक्षता के साथ चुनाव ड्यूटी का निर्वहन करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एसडीएम उतरौल, सीओ उतरौला, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सरकार अपने स्तर से इत्र के व्यापार को वैश्विक मंच प्रदान कराने का भी करेगी कार्य: योगी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व0 ओम प्रकाश पाठक की पांचवी पुण्य स्मृति पर आयोजित कन्नौजी माटी वंश समागम कार्यक्रम में पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ
- सीएम योगी ने कन्नौजवासियों को अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए किया आमन्त्रित
- कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व0 ओम प्रकाश पाठक की पांचवी पुण्य स्मृति पर आयोजित कन्नौजी माटी वंश समागम के तहत मातृशक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज का अपना इतिहास रहा है। महाराजा हर्षवर्धन अपनी दानवीरता के लिए जाने जाते थे और प्रयागराज कुम्भ की बात करते हैं तो महाराजा हर्षवर्धन के बगैर सब अधूरा माना जाता है। कहा कि यह कन्नौज की धरती है, मां गंगा की कृपा से हर्षवर्धन को भी राजा के रूप में स्थापित करने का सौभाग्य मिला। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जब अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इसके लिए आप सबका अभिनंदन एवं बधाई देता हूं।

सीएम योगी ने कहा कि जब हम सही और अच्छा जनप्रतिनिधि चुनते हैं तो वह आपके सुख-दुख में सहभागी होता है। शासन की योजनाओं को आप तक पहुंचाता है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है और प्रफुल्लित भी होता है। उन्होने कहा कि अभी कुछ दिन पहले आपने मोदी गारंटी की गाड़ी देखी होगी। गाँव-गाँव मे योजना का प्रचार प्रसार करती थी। कोई भी लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे और जो लोग बचे हैं उनके हाथों-हाथ फॉर्म भरे जाएं और इसे आगे लगातार बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। सीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी में भी गारंटी है। मकान के लिए जिन्होंने आवेदन किया था उन सबके लिये इस बजट में भारत सरकार ने व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला का मंदिर बना यह डबल इंजन की सरकार की देन है। यह न केवल डबल स्पीड के साथ चलती है बल्कि डबल इंजन की सरकार आपकी आस्था का सम्मान भी करती है और सुरक्षा का विश्वास दिलाती है। कहा कि इत्र का सुगध को दुनिया तक पहुंचाने के लिए न केवल पार्क बनेगा बल्कि उसे आगे बढ़ाने के लिए जिस प्रकार सहयोग की आवश्यकता होगी, डबल इंजन की सरकार करेगी। कन्नौज के उद्यमियों के तकनीकी, समस्या का समाधान हो, उसकी पैकेजिंग की समस्या का समाधान हो, मार्केटिंग, एक्सपोर्ट की समस्या का समाधान हो, इस सब विषयों के साथ ही सरकार अपने स्तर से इत्र के व्यापार को वैश्विक मंच प्रदान कराने का भी कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सांसद सुब्रत पाठक ने अपने पिताजी की स्मृतियों को यादगार बनाए रखने के लिए यहां पर दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग उपकरण वितरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। 5000 से अधिक यहां पर कृत्रिम अंग उपकरण के वितरण कार्यक्रम संपन्न हुए। भारी संख्या में उन लोगों को जिन लोगों ने कहीं न कही जो इन चीजों से वंचित थे उनको सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। दिव्यांगता, शारीरिक समस्या हो या तत्कालिक समस्या हो यदि उसकी सरकार द्वारा थोड़ी भी प्रोत्साहन दे दिया जाए तो वह बड़ी से बड़ी उपलब्धता हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यंगता को महापुरुषों ने नाकार दिया और अपने दिव्यज्ञान से समाज को अलौकिक प्रदान किया है। कहा कि मध्यकाल में पृष्ठभूमि में सूरदास जैसे ऐसे यशस्वी कवि हुए हैं, जिन्होंने अपनी रचनाओं को समाज का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यंगता को अभिशाप मानने के बजाय उन्हें संबल दिये जाने की आवश्यकता है। कहा कि निराश्रित महिला पेंशन, बुजुर्ग को वृद्धा पेंशन का लाभ, दिव्यांग को दिव्यांगजन पेंशन, आदि पेंशन से जोड़ना और लाभान्वित करना ही डबल इंजन सरकार का कार्य है। किसी जरूरतमंद को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ जोड़ देते हैं, योजना सरकार की है, माध्यम आप बन रहे हैं, स्वाभाविक रूप से पुण्य के भागीदार भी आप बनेगे, क्योंकि आपने उस व्यक्ति को राह दिखाने का कार्य किया है, जिसके माध्यम से योजना का लाभ लिया जा सकता है। यही सरकार की मंशा है कि जब समाज जागरूक होगा तब उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आज केंद्र और राज्य की सरकार ठीक इसी दिशा में प्रयास कर रही है। सीएम ने कहा कि यहां पर एक स्टेडियम की मांग की गई है, लेकिन हम हर जनपद में स्टेडियम देना चाहते हैं, हर विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडियम देना चाहते हैं और हर गांव में खेल के लिए मैदान देना चाहते हैं, हर ब्लॉक स्तर पर यूपी खेलो सेंटर की स्थापना और कोच की नियुक्ति करना चाहते हैं, जिससे प्रधानमंत्री जी के खेलो इंडिया अभियान के प्रति युवाओं को जागरूक किया जा सके। कहा कि भारत को दुनिया के अंदर एक बार युवा खिलाड़ियों के माध्यम से भारत की शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिलवा सके। कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर इस प्रकार की व्यवस्था को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। सरकार कन्नौज के साथ-साथ अन्य जनपद में भी सहयोग करेगी। सीएम ने कहा इंप्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्य सड़कों, पुलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक बनाना चाहते हैं। स्किल डेवलपमेंट से जुड़े केंद्र बनाना चाहते हैं, अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से अपने युवाओं को किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए फिजिकली व ऑनलॉइन से व्यवस्था के साथ जोड़कर के कार्य किया जा रहा है। अटल आवासीय विद्यालय हर जनपद में एक-एक विद्यालय खोलने जा रहे हैं। शिक्षा की महत्वा को बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपदों के माध्यम से जो भी प्रस्ताव आएंगे और प्रस्ताव को हम आपकी सेवा के लिए समर्पित करके तत्काल उसकी सहमति प्रदान करेंगे और विकास के मार्ग में कोई रोड़ा नहीं होगा। सीएम ने कहा कि योजनाओं का लाभ सबको देगें, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति नही करेंगे। कहा कि विकास की योजनाएं हो या आस्था का सम्मान हो या फिर निराश्रित को आगे बढ़ाने का क्रम हो, यह निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम मे जल शक्ति एवं बाढ नियंत्रण मन्त्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री असीम अरुण, कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक, देवेन्द्र सिंह (भोले), सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिह भदौरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, लोक सभा संयोजक नरेंद्र राजपूत, लोक सभा प्रभारी अरूण पाल, जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, जिला प्रभारी औरैया आनंद सिंह, जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, विधायक रसूलाबाद पूनम शंखवार, लोक सभा सह प्रभारी जय प्रकाश, जिला प्रभारी कानपुर देहात राकेश तिवारी, रवि शंकर दीक्षित, अनिल शुक्ला, रिया शाक्य आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

सीएम ने 352 करोड़ रुपये की 59 विकास परियोजनाओ का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

कन्नौज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 352 करोड़ रुपये की 59 विकास परियोजनाओ का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने ज्योति कुशवाहा को उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के अन्तर्गत 40.39 करोड़ की सी0सी0एल चेक, मधु सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के अन्तर्गत आरएफसीआईएफ 07.74 करोड़ की चेक,राजवती को 05 लाख का मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड, शालू एवं शिवा को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 48 हजार की चेक, निशा को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन, सौम्या सिंह को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत वित्तपोषण से 10 लाख रु0 की चेक एवं रचना को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना रिकार्ड अनुदान 06 लाख की चेक व नेकराम मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अर्न्तगत 25 हजार रुपये की एफ0डी0 और कृष्णा देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं गौरी को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा राधा देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को आवास की चाभी व विनीता को पी0एम0 उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर सम्मानित किया।

डबल इंजन की सरकार के कारण बना राम मंदिर

कन्नौज में सीएम योगी ने कहा कि यदि यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार होती तो क्या ये भगवान श्री रामलला का भव्य मंदिर का निर्माण करने देते। सीएम ने कहा कि यहे इसलिए हो पाया, क्योंकि केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार आपकी आस्था का भी सम्मान करती है और आपको सुरक्षा का बेहतर वातावरण देती है। कहा कि सपा के शासन में सुब्रत पाठक और उनके युवा साथियों को जेल में बंद किया, उनको प्रताड़ना झेलनी पड़ी थी।

सपा को महापुरुषों के नाम से चिढ़ है

सीएम योगी ने कहा कि कन्नौज के सरकारी मेडिकल कालेज का नाम पहले बाबा भीमराव अम्बडेकर मेडिकल कालेज था। सपा सरकार को महापुरुषों से पता नहीं क्या चिढ़ है कि उन्होने बाबा भीमराव अंबेडकर साहेब का भी विरोध कर यहां के मेडिकल कालेज का नाम ही बदल दिया। कहा कि वे अयोध्या में भगवान राम मन्दिर का विरोध करते थे,, उन्हें परिवार के बाहर कुछ भी नहीं दिखाई देता है। वे वोट जाति के नाम पर लेते है और काम सिर्फ परिवार के लिए करते हैं। सीएम ने कहा कि हम आपको भरोसा दिलाना चाहते है कि सभी आधुनिक सुविधाओ से जोड़ते हुए कन्नौज का मेडिकल कालेज फिर से बाबा भीमराव अंबेडकर मेडिकल कालेज के नाम से जाना जाएगा।

दिव्यांग को सरेआम मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

विगत दिनों पूर्व चार लोगों द्वारा दिव्यांग को उसके पूर्वजों द्वारा बनवाए गए मंदिर में पूजा करने से रोकने व मारपीट करने सहित धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रूपपुर निवासी दिव्यांग अमरनाथ पुत्र कालिका प्रसाद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गांव में उसके पूर्वजों ने एक शिव व दुर्गा जी का मंदिर बनवाया था जिसमें वह लगातार पूजा अर्चना करता चला रहा है। विगत 19 जनवरी की शाम जब पूजा करने गया तो गांव के ही जितेंद्र, यशेंद्र, स्वर्ण सिंह, अरुणेश आए और पूजा बंद करने की बात कहते हुए कहा कि हम प्रधान हैं। यहां से भाग जाओ उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त गणों ने लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शोर-गुल सुनकर गांव वालों ने बचाया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

10 तक जमा करें अधिवक्ता सदस्यता शुल्क

छिबरामऊ कन्नौज। बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2024-25का वार्षिक चुनाव निकट है।ऐसे मे समस्त अधिवक्ता जो विगत वर्ष बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सदस्य थे और वह सभी नवीनअधिवक्तागण जिन्होने अपना नया सीओपी इस वर्ष ग्रहण किया है।वह सभी अधिवक्ता अपने समस्त विधि संबंधित प्रमाणपत्र संलग्न कर 10 फरवरी तक सदस्यता ग्रहण कर ले।

रोजगार मेले में 413 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन, 152 का हुआ चयन

जलालाबाद समृद्धि न्यूज़

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

शनिवार को विकासखंड गुगरापुर सभागार में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने मेले में उपस्थित युवाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में पहुँची 6 निजी कंपनियां के द्वारा आए हुए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में 413 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। तो वही 152 का अभ्यर्थियों का चयन हुआ। आईआईटी कन्नौज के प्रधानाचार्य परवेश खान ने मुख्य अतिथि के रूप में रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पाठक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यदेशक विशाल श्री वास्तव, सुभाष यादव, शशिकांत मिश्रा, अवनीश दुबे, आकाश अवस्थी, प्रबंधक कौशल विकास संदीप कुमार सहित आदि रहे।

ऑफर लेटर के साथ मौजूद युवा व अन्य समृद्धि न्यूज

आमने-सामने दोनों बाइकों की टक्कर से युवक घायल

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ के अंतर्गत गांव निडोली के पास सामने से आ रही बाइक ने बाइक को टक्कर मार दी इससे भी गंभीर रूप से घायल हो गया रहागीरों ने 108 एंबुलेंस को फोन करके इमरजेंसी गाड़ी आई घायल को सैया अस्पताल एंबुलेंस लेकर गई जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के करने के बाद हालात उसकी गंभीर देखकर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया प्राथमिक देने के बाद घायल की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

आज मनाया जायेगा श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव

उन्नाव। शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित भागीरथ लान में सत्संग अधिवेशन केन्द्र के तहत प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें आयोजक अरूण वर्मा ने बताया कि श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का रविवार को 136वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। सुबह छह बजे से ही भक्त साकेतपुरी स्थित भागीरथ लान में पहुंचने लगेंगे। उन्होंने बताया कि नगर के अलावा अन्य राज्यों से भक्त शामिल होंगे। जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंबुज शुक्ला का हुआ जोरदार स्वागत

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज

पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में माल्यार्पण करके यूथ कांग्रेस के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष सिकंदरपुर निवासी अंबुज शुक्ला का जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला ने कहा लोकसभा चुनाव में कुछ ही समय बचा है। प्रत्याशियों के बारे में हाईकमान जो भी निर्णय करेगा उसका पालन करते हुए पार्टी प्रत्याशी को पूरी दमदारी से चुनाव लड़कर जिताया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे ने कहा उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। क्षेत्रीय दलों से गठबंधन का पार्टी को हमेशा नुकसान हुआ है। इससे कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक भी विपक्षी पार्टियों की तरफ खिसकता जा रहा है और जनता में भी गलत संदेश जाता है। प्रदेश में कई लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां गठबंधन के चलते पिछले कई चुनाव से पार्टी प्रत्याशी नहीं उतारा गया। इसके कारण अधिकांश मतदाता पार्टी का चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा तक भूल चुके हैं। वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह तोमर ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से विनोद दुबे को पार्टी प्रत्याशी घोषित करने की मांग की। इस दौरान देवकीनंदन दुबे मुन्ना, अजय दुबे व आसाराम यादव आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में बीतीशाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। युवक की मौत से तीन मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। वही पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भड़सर नौशहरा के मजरा ग्राम धोबैइया निवासी 35 वर्षीय रामचन्द्र शुक्रवार को बाइक से जाजामऊ क्षेत्र गया था। जहां से दोपहर बाद वापस घर लौटते समय जाजामऊ लवानी मार्ग पर गाँव कोरटखेड़ा के पास उसकी बाइक में सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गम्भीर रूप से घायल रामचन्द्र को ग्रामीणों एवं राहगीरों ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल को फतेहपुर चौरासी सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ से घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल में रामचन्द्र की गंभीर हालत देख उसे ट्रामा सेंटर के लिए भेजा गया। ट्रामा सेन्टर ले जाते समय मार्ग में रामचंद्र की मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक का शव गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। मृतक खेती किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी राखी के साथ तीन मासूम बच्चे पांच वर्षीय अंकुश तीन वर्षीय श्रजल एवं डेढ़ वर्षीय बेटी तेजल को रोता बिलखता छोड़ गया है।

सरकार के इस बजट से जनता को मायूस होना पड़ा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

अंतरिम बजट आने से जनता के हाथ निराशा नजर आ रहे हैंलोगों को इस बार बजट से बहुत आश थी लेकिन बजट आने के बाद लोग निराश हुए हैं जान नहीं रेल मिलने की आस थी वहीं पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक कर्मचारी मांग कर रहे थे साथ ही कैशलेस व्यवस्था को 5 से 10 लख रुपए करने की उम्मीद थी इनकम टैक्स में भी राहत न मिलने से लोगों के हाथ निराशा लगी है

सपा के विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इनकम टैक्स में कोई बदलाव न होने से निराशपंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज में धनराज 5 लाख की जगह 10 लाख होना चाहिए थी क्योंकि 5 लाख में गंभीर बीमारियां ठीक नहीं हो पाती हैं सपा नेता अंकुर यादव ने बताया कि यह दिखावटी बजट है देश की जनता इस बजट को लेकर आस लगाई थी यह बजटआमजन लोगों के आकांक्षाओं पर खड़ा नहीं उतरा है जबकि इस बजट से लोगों को बहुत उम्मीदें थी खास तौर पर व्यापारी वर्गको कोई राहत नहीं दी गई सरकार ने दावा किया था कि जीएसटी की वसूली जबरदस्त हुई है आयकर जमा करने वालों में वृद्धि हुई है इसके बावजूद बेरोजगारी किसने कर्मचारियों के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं मिला सपा नेता अच्छे खान ने बताया कि जनमानस के अलावा महिलाओं को भी बजट में निराशा लगी है जबकि राजस्थान में रसोई गैस सिलेंडर ?400 से में मिल रहा है तो यहां की गैलरियों के लिए ऐसी योजना क्यों नहीं लागू की गई है इससे महिलाओं में भी इस बजट को लेकर निराशा है इस बजट में ना कोई व्यापारियों को लाभ मिला ना अभी ना कोई पेंशन कर्मचारियों को लाभ मिला किसी तरह के से कोई जनता को लाभ न मिलने से जनता निराशा बैठी हुई है।

100 सैया अस्पताल का निर्माण किया, आज चिकित्सकों के अभाव में अस्पताल स्वयं हुआ बीमार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

सपा सुप्रीमो के निर्देशानुसार पीडीए पखवाड़ा विधानसभा छिबरामऊ में ग्राम सभा शिलुआपुर में बैठक आयोजित की गई। छिबरामऊ केपूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा 108 एम्बुलेंस समाजवादी पार्टी की देन है पूर्व विधायक ने समाजवादी पार्टी के सरकार के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कार्यकर्ताओं से कहा सभी लोगों को बताएं सपा के जो विकास कार्य किए है वह जनता तक पहुंचाएं समाजवादी पार्टी सरकार के छिबरामऊ में 100सैया अस्पताल का निर्माण किया 24 घंटे बिजली आती थी छिबरामऊ में 9 बिजली घरों की स्थापना कराई तालग्राम ब्लॉक के सभी गांव में पानी पहुंचाने का निर्माण किया चुनाव सभी कार्यकर्ताओं से कहा चुनाव में लग जाए आपसी मतभेद बुलाकर सब लोग एकजुट हो जाए सरकार के विरोधी कार्य को जनता में बताएं इस मौके विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल पूर्व महासचिव प्रभाकर यादव उर्फ़ वोबी सुगर सिंह पाल रीपू यादव सुमित पारुल अमन खान अर्पित शुक्ला कमलेश यादव पूर्व प सत्येंद्र आशीष पाल डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह यादव शिवम पाल आकाश शाक्य तस्लीम वारसी अंकुर यादव मीडिया सचिव तीर्थराज बौद्ध जितेंद प्रजापति साकेश जाटव जय यादव मुकीम खान सलीम जीतू अजय यादव हिमाशु यादव तमाम लोग मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधानः नवागंतुक डीएम एक्शन में सफाईकर्मी निलंबित, लेखपाल को फटकार

- सभी विभाग पिछले तीन वर्षों की प्रगति रिपोर्ट पॉवर प्वाइंट व टैवुलेटर फार्म में प्रस्तुत करें
- तहसील दिवस में अधिकारी ही बैठेंगे, अधीनस्थ दूसरे कमरे में करेंगे समस्या का निस्तारण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को पिछले तीन वर्ष की प्रगति रिपोर्ट पॉवर पॉइंट पर एवं टैवुलेटर फॉर्म में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि तहसील दिवस में केवल जिलास्तरीय अधिकारी ही बैठेंगे। अधिकारियों के अधीनस्थ दूसरे हाल में बैठकर शिकायतों का निस्तारण करेंगे। भूमि व कब्जे संबंधी विवादों का निस्तारण तहसीलदार मौके पर जाकर करेंगे।

लेखपाल अरुण यादव के क्षेत्र की शिकायतें ज्यादा पाये जाने पर लेखपाल को चेतावनी दी गई कि शिकायतों का निस्तारण तुरंत करा लें अगली बार शिकायत पाये जाने पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी

जिलाधिकारी ने आद्यतन शिकायतकर्ताओं की शिकायत का रजिस्टर बनाकर निस्तारण दर्ज करने के निर्देश दिए। हरी सिंहपुर में तैनात सफाईकर्मी जयपाल पुत्र देशराज को गलत शिकायत करने व बिना छुट्टी लिए तहसील दिवस में आने पर निलंबित करने के लिए जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित किया। सभी अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि वह अपने विभाग से संबंधित शिकायत पत्रों की फोटो खींचकर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं कार्यवाही से शिकायतकर्ता को भी अवगत करायें एवं तहसील दिवस पर आने वाले सभी अधिकारी उस क्षेत्र की शिकायतों की जाँच व निरीक्षण भी उसी दिन कर लें। तहसील दिवस में कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने इस दौरान तहसील का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, डी0एफ0ओ0, सी0एम0ओ0 व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण किया जाये निस्तारणः सीडीओ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 172 शिकायतें आयीं। जिसमें से 9 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधीनस्थों से कहा कि मौके पर जाकर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। फरियादियों को बार-बार सम्पूर्ण समाधान दिवस के चक्कर न लगवाये जायें। सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि से संबंधित आयीं। इस दौरान उपजिलाधिकारी यदुवंश वर्मा, तहसीलदार आलोक कटियार, नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार बिन्द, शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते सीडीओ

खबरें चलते-चलते

बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को नगर पंचायत अध्यक्ष का तुगलकी फरमान जारी

- बोले कामचोरी करने वाले कर्मचारियों का काटा जायेगा वेतन

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह-शाम संचालित विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह फारूकी ने फरमान जारी कर कहा कि नगर पंचायत के अंतर्गत आधा दर्जन विद्युत कर्मचारी जिन्हें इस क्षेत्र में सुबह-शाम विद्युत व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालना है। सुबह को बंद करना और शाम को चालू करना। पत्र में यह भी कहा गया अगर कोई कर्मचारी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही बरतता है,तो उसका उस दिन का वेतन काटकर कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उधर नगर पंचायत अध्यक्ष के फरमान से कर्मचारियों में अफरातफरी का माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों की मानें तो नगर क्षेत्र में दिन के समय स्ट्रीट लाइट के खम्बों पर लाइट जलती रहती और कर्मचारी अनदेखी करते हैं। इस समस्या को लेकर नगर के लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय से शिकायत की थी। नगरवासियों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह फारूकी ने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ नया फरमान जारी करते हुए कहा अब उन कर्मचारियों की खैर नहीं जो नगर क्षेत्र की जनता के जज्बातों से खिलवाड़ करते हैं। समस्याओं का समाधान करने की बजाय उपहास करते हैं। ऐसे लापरवाह कर्मचारियो को आगाह किया गया। कर्मचारियों में उबैर अली, सलमान अली, सैफ अली, गौरव तथा अमित कुमार सहित लगभग आधा दर्जन कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने दी है।

दलित युवक के साथ मारपीट के मामले में छह फंसे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी महेंद्र सिंह ने मारपीट व दलित उत्पीड़न के मामले में महिपाल, जबर सिंह, पुष्पेंद्र, रामभजन, मान सिंह, गुमान सिंह समस्त निवासीगण निसाई कोतवाली मोहम्दाबाद को दो वर्ष की परीविक्षा से दण्डित किया है।

बीते चार वर्षो पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम निसाई निवासी युवती रजनी पत्नी रामबहादुर जाटव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं 30 मई 2020 को सुबह करीब 8 बजे राकेश पुत्र रामचंद्र के घर के बाहर डाले जा रहे खड़ंजे पर मजदूरी करने गयी थी, तभी महिपाल, जबर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रामभजन, मान सिंह व गुमान सिंह आकर जाति सूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिससे मेरे व रानू कठेरिया के भी चोट आई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायधीश महेंद्र सिंह ने महिपाल, जबर सिंह, पुष्पेंद्र, रामभजन, मान सिंह, गुमान सिंह को दो वर्ष की परीविक्षा से दण्डित किया है।

लोहिया अस्पताल के वार्डब्याय की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लोहिया अस्पताल के वार्डब्याय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार को लोहिया अस्पताल में कार्यरत वार्डब्याय भोलेपुर में बेहोश मिला। जिस पर उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं कर्मचारी द्वारा जहरीला पदार्थ खाये जाने की चर्चा है।

सुंदरीकरण में खर्च हो गये 1 करोड़ 29 लाख, फिर भी कुठला झील गंदी

- डीएम ने किया निरीक्षण, जतायी नाराजगी, कमियां दूर करने के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी ने एसपी के साथ बदायूं मार्ग स्थित कुठला झील का औचक निरीक्षण किया। कुठला झील में गंदगी देख डीएम ने नाराजगी जतायी तथा साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को नवागंतुक जिलाधिकारी वी.के. सिंह पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के साथ अमृतपुर के बदायूं मार्ग स्थित कुठला झील का निरीक्षण किया। इस दौरान झील में गंदगी देख डीएम ने नाराजगी जतायी तथा अधीनस्थों को साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिये। डीएम ने जिला पंचायत के एमए और जेई को झील के प्रवेश द्वार पर गेट लगवाने के निर्देश दिये। झील के किनारे पक्की ढलान बनवाने के भी डीएम ने निर्देश दिये। वहीं डीएफओ को झील के चारों तरफ फलदार वृक्ष लगवाने तथा बिजली विभाग के एक्सईएन को झील के अंदर लगे बिजली के पोलों को हटवाने की बात कही। जिलाधिकारी ने बाहर से आने वाले साइबेरियन पक्षियों के प्रवास के संबध में भी जानकारी ली। झील के अंदर बने मिट्टी के टीलों को साफ कराने के निर्देश दिये। बताते चलें कि 1 करोड़ 29 लाख रुपय से झील का सुंदरीकरण कराया गया है। इसके बावजूद झील बदहाल स्थिति में है।

कुठला झील का निरीक्षण करते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

शराब के लिए पैसे न देने पर लेवर ठेकेदार व सहकर्मियों को पीटा, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शराब पीने के लिए पैसे न देने पर दबंगों ने लेवर ठेकेदार व उसके कर्मचारियों के साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पौरुष कुमार पुत्र सदानंद ने पुलिस को दी तहरीरर में कहा है कि वह जनैया सठैया थाना मऊदरवाजा का निवासी है। वह नारायण इंटरप्राइजेज स्थित ग्राम अदिउली हथियापुर में लेवर ठेकेदार है। ग्राम अदिउली के ही राजेश कुमार पुत्र फूल सिंह आये दिन नारायण इंटरप्राइजेज के प्लांट पर आकर अवैध वसूली की कोशिश करता है। 1 फरवरी को वह अपने साथी भूरा पुत्र अमर सिंह, लालू पुत्र प्रबल, जगमोहन पुत्र रघुवीर व पांच अन्य लोग लाठी-डंडा व नाजायज असलाह लेकर प्लांट पर आये और शराब पीने के लिए रुपये मांगे। पीड़ित के विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने जान से मारने की नियत से पीड़ित व उसके सहकर्मी सचिन पुत्र नेकराम, जयदेव पुत्र कालीचरन पर हमला कर दिया और बंधक बनाकर हम लोगों को मारापीटा। मारपीट में हम लोगों के चोटें आयी। मेरे चीखने चिल्लाने पर प्लांट पर मौजूद ह्रदयेश, किशनपाल व पाली आदि ने हम लोगों को बचाया। उपरोक्त लोग भविष्य में अवैध वसूली में पैसा न देने पर मां-बहिन की गालियां देते हुए चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसपी ने ताश के पत्तों की तरह फेंट दिये 25 सिपाही व दीवान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 25 सिपाही व दीवानों की तैनाती में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन से दीवान मनोज कुमार को जनपदीय सम्मन सेल, दीवान आदित्य नारायन की न्यायालय सुरक्षा, दीवान सुमेद्र सिंह की क्षेत्राधिकार नगर कार्यालय, दीवान उदय नारायन की हेड मोहर्रिर क्राइम थाना मऊदरवाजा में तैनाती की गई है। दीवान देव प्रकाश की हेड मोहर्रिर क्राइम थाना कमालगंज, दीवान हरदयाल की हेड मोहर्रिर क्राइम थाना कादरीगेट, दीवान अरविंद सिंह की हेड मोहर्रिर क्राइम थाना जहानगंज, दीवान रोहित कुमार की क्षेत्राधिकार कायमगंज कार्यालय में तैनाती की गई है। दीवान रविंद्र प्रताप सिंह की क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, दीवान साहब सिंह की नैफिस कार्यालय, दीवान राघवेंद्र सिंह भदौरिया की विशेष जांच प्रकोष्ठ, दीवान हरवेद सिंह की अभियोजन कार्यालय, दीवान संजीव कुमार की आंकिक शाखा एवं दीवान कुंवर सिंह को न्यायालय सुरक्षा में भेजा गया। एसपी ने पुलिस लाइन से दीवान अखिलेश कुमार को सीओ कायमगंज कार्यालय, दीवान ओंमकार की अभियोजन कार्यालय, दीवान अरविंद सिंह की न्यायिक सम्मन सेल, दीवान ओमप्रकाश की न्यायालय सुरक्षा, दीवान दिनेश कुमार की न्यायिक सम्मन सेल, सिपाही कुलदीप शुक्ला की जन शिकायत प्रकोष्ठ, दीवान श्याम सुंदर की रिट सेल में तैनाती की गयी है। थाना अमृतपुर के सिपाही विवेक कुमार को कोतवाली कायमगंज, अभियोजन कार्यालय के सिपाही प्रदीप कुमार को न्यायिक सम्मन सेल, एसपी के गोपनीय कार्यालय के सिपाही सोनवीर सिंह की थाना कादरी गेट एवं जनपदीय सम्मन सेल के सिपाही रिंकू चाहर की थाना कादरीगेट में तैनाती की गई है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार

अज्ञात वाहन की टक्कर से साधू की मौत

मृतक का फाइल फोटो

पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से साधू की मौत हो गयी। शिनाख्त ना होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। शनिवार को अखबार में छपी खबर के आधार सुबह मृतक के भाई ने पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के मोहल्ला अशोक नगर निवासी 45 वर्षीय विमल उर्फ सीताराम करीब 15 वर्ष पूर्व साधू हो गया था। जो अपनी पत्नी बिट्टन के साथ मंदिरों में रहकर अपनी गुजर बसर करता था। बीती रात किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। गश्त कर रही पीआरबी को कमालगंज थाना क्षेत्र के एचएम कोल्ड के पास शव पड़ा मिला। पहचान ना होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। जानकारी होने पर सुबह कमल कुमार ने पहुंचकर शव की शिनाख्त अपने भाई विमल के रुप में की। उन्होंने बताया कि शादी होने के बाद बच्चे ना होने पर पत्नी के साथ मन्दिरों में आते जाते रहते थे। दो माह पूर्व पत्नी की मौत हो गयी थी। उन्हें अखबर में छपी खबर के आधार पर जानकारी हुई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां एक को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ज्योनी निवासी रवि पुत्र राम नन्दन अपने साथी उपदेश पुत्र गेंदालाल निवासी फरसोली अलीगंज जनपद एटा तथा मंगल निवासी जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को साथ लेकर अपने बहनोई नरेश निवासी मुड़ौल की बाइक लेकर बरझाला बेकरी पर जा रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग (ग्राम बरझाला) पर स्थित सुबोध नर्सरी थाना कायमगंज के निकट पहुँचे, तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने तीनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर अमरेश कुमार ने तीनों की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में डाक्टर ने मंगल को मृत घोषित कर दिया। इससे पूर्व घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी ने सीएचसी में पहुँचकर घायलों के हालचाल लिये और तीनों को लोहिया अस्पताल भिजवाया।

सीएचसी में भर्ती घायल — समृद्धि न्यूज

आरोप | आवास विकास स्थित एक अस्पताल में बीते दिन कराया था आपरेशन

पति बोला चिकित्सक की लापरवाही से चली गयी पत्नी की जान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ गयी। डाक्टर ने बाहर ले जाने की सलाह दी। परिजन जब उसे कानपुर लेकर एक निजी अस्पताल में पहुंचे, तो डाक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने डाक्टर पर गलत आपरेशन करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सोनू राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष निवासी पपियापुर थाना कादरीगेट ने अपनी पत्नी रीना को 1 फरवरी को आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रीना के पेट में 3 महीने का बच्चा था। जहां उसका डाक्टर मनीष सिंह ने उसका आपरेशन किया। आपरेशन के बाद लेट्रीन के रास्ते से उसके ब्लड आने लगा। जिसकी जानकारी पति ने डाक्टर को दी। जिस पर डाक्टर ने कहा कि बच्चेदानी निकलवा दो। जिस पर सोनू ने हामी भर दी। जब डाक्टर ने चेक किया, तो कहा कि बच्चेदानी नहीं निकल पायेगी, क्योंकि मरीज की हालत ठीक नहीं है। इससे मरीज की जान भी जा सकती है। जब सुबह तबियत ज्यादा खराब हो गई, तो डाक्टर ने बाहर ले जाने की सलाह दी। जिस पर पति उसे लेकर कानपुर के एक निजी अस्पताल में पहुंचा। जहां डाक्टर ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। पति ने कहा कि डाक्टर की लापरवाही से उसकी पत्नी की जान चली गयी। उसने कहा कि वह डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करेगा। सोनू ने बताया कि उसकी शादी करीब 8 साल पहले हुई थी। उसके एक बेटा अनुभव व एक बेटी स्वीटा है। वह ढाबा संचालक है।

अस्पताल जिसमें मृतक का हुआ आपरेशन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो

धरती के भगवान नहीं, धरती के हैवान हैं मसेनी अस्पतालों के डाक्टर

फर्रुखाबाद। मसेनी रोड तथा आवास विकास में करीब आधा सैकड़ा अस्पताल संचालित हैं। इन डाक्टरों के पास न तो कोई डिग्री है और न ही कोई अनुभव। यह लोग अनट्रेंड कर्मचारियों को रखकर उनसे मरीजों का उपचार कराते हैं। सिर्फ पैसों के लालच में मरीजों को अपने जाल में फांस लेते हैं और उनसे पैसे ऐंठते रहते हैं। जब मामला इनके वश का नहीं रहता है, तो मरीज को बाहर ले जाने की सलाह देते हैं। जब बेचारा तीमारदार मरीज को लेकर बाहर जाता है, तो वहां के डाक्टर कह देते हैं कि इसमें कुछ नहीं है। यह तो डेड है। मुख्य चिकित्साधिकारी भी सब जानकर अंजान बने हुए हैं। जब इन पर शिकंजा कसा जाता है, तो यह पैसे खर्च कर मामले को रफादफा कर देते हैं, जिसका खामियाजा बेचारे मरीज को भुगतना पड़ता है। सीएमओ को कुकुरमुत्तों की तरह संचालित ऐसे अस्पताल संचालकों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में पहली बार 17996 युवा मतदाता लेंगे भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- 120 वर्ष की आयु के भी है तीन पुरुष मतदाता
- कुल मतदाता 1382117 है, वर्ष 2019 में थे 1364121



लोकसभा चुनाव में इस बार 17996 नये युवा मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग। तो वहीं 110 वर्ष की आयु पूरी करने वाले 4 मतदाता भी कर सकेंगे मताधिकार का प्रयोग। कुल 1382117 मतदाता इस बार मतदान में हिस्सा लेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 अभियान को गति दी गयी। 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए अभियान 22 जनवरी तक चलाया गया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बूथों पर बीएलओ को लगाया गया। इस तिथि तक नये मतदाता बनाने, नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन के लिए सभी बूथों पर बीएलओ की ड्यूटी लगायी। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 15 मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। जिसके तहत 18 वर्ष से 19 वर्षीय युवा मतदाताओं में कायमगंज विधानसभा में युवा 3202 व युवती 2597 कुल 5799, अमृतपुर विधानसभा में युवा 2223 व युवती 1590, टीजी 1 कुल 3814, सदर विधानसभा में युवा 2259 व युवती 1787 कुल 4046, भोजपुर विधानसभा में युवा 2387 व युवती 1950 कुल 4337 इस प्रकार से अभियान के तहत 10071 युवा, 7925 युवती, टीजी 1 कुल 17996 नये मतदाता बने। तो वहीं 20 से 29 वर्षीय कायमगंज में मेल 40800, फीमेल 39575, कुल 80376, अमृतपुर विधानसभा में मेल 31097, फीमेल 29376, टीजी 3, कुल 60476, सदर विधानसभा में मेल 35362, फीमेल 31471, टीजी 7, कुल मतदाता 66880, भोजपुर विधानसभा में मेल 34128, फीमेल 31182, कुल 65310 है। वहीं 30 से 39 वर्षीय कायमगंज में मेल 57772 व फीमेल 44058 कुल 101831, अमृतपुर विधानसभा में मेल 48043 व फीमेल 36083, टीजी 3 कुल 84129, सदर विधानसभा में मेल 52943 व फीमेल 44963, टीजी 5 कुल 97911, भोजपुर विधानसभा में मेल 48960 व फीमेल 36909 कुल 85869 है। वहीं पूरी लोकसभा में 40 से 49 वर्षीय मेल 163317 व फीमेल 131492, टीजी 4 मतादाता है। वहीं 50 से 59 वर्षीय मेल 113323 व फीमेल 101028, टीजी 5 है। 60 से 69 के आयु मेल 67654 व फीमेल 63130, टीजी 1 है। 70 से 79 वर्ष के मेल 30604 व फीमेल 32056, टीजी 1 है। 80 से 89 वर्ष के मेल 7269 व फीमेल 8895 है। 90 से 99 वर्ष के मेल 890 व फीमेल 1564 मतदाता है। 100 से 109 वर्ष के मेल 63 व फीमेल 76 है। 110 से 119 वर्ष के मतदता मेल 2 व फीमेल 2 है। 120 वर्ष के मतदाता मेल 3 है। इस प्रकार कायमगंज विधानसभा में 385662, अमृतपुर विधानसभा में 313882, सदर में 363656, भोजपुर में 318917 कुल लोकसभा में 1382117 मतदाता है।

कैम्प लगाकर महानगर अध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्यायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से शनिवार को समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा क अध्यक्षता में जन सुनवाई कैम्प का आयोजन नाला मछरट्टा स्थित कैम्प प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में हुआ। कैम्प में रजत क्रांतिकारी, खुर्शीद खान, सत्यम अवस्थी, अमन भारद्वाज आदि पदाधिकारियों ने जनता की समस्यायें सुनी। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा एवं कैम्प प्रभारी अभिषेक सिंह द्वारा सम्बंधित अधिकारी को समाधान हेतु बताया गया। समस्या बताने वालों में लालाराम, शिवम शर्मा, आशिफ, सोनू चौरसिया,

जन समस्यायें सुनते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

सुशील सिंह, संजय शर्मा उर्फ मम्मा, गोपाल गुप्ता, अर्जुन शर्मा, डॉ0 सुरेंद्र कुमार वर्मा, रानू शुक्ला, चंद्र प्रकाश भारद्वाज समेत 33 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। समस्याओं के दौरान नाला मछरट्टा तिराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही नाले की सफाई नहीं होती है। रोडों पर कूड़ा रहता है। नालियां भरी रहती है आदि समस्यायें बतायी गई। नगर पालिका संबंधित समस्याओं का निस्तारण के लिए फोन पर सूचना दी गई। हर हाल में समस्या निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

स्काउट गाइड के प्रथम व द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रथम व द्वितीया सोपान का प्रशिक्षण शुरू हुआ। मां सरस्वती व स्काउट जन्मदाता लॉर्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। स्काउट गाइड के बच्चों को स्काउट गाइड के ध्वज शिष्टाचार के बारे में रोवर लीडर योगेश कुमार आईटी समन्वयक ने जानकारी दी। स्काउट गाइड के नियम व प्रतिज्ञा, झंडा गीत, स्काउट प्रार्थना के बारे में भी लिखाया गया। जिला संगठन आयुक्त चमन शुक्ला ने बच्चों को स्काउट गाइड का संक्षिप्त इतिहास के बारे में बताया कि लार्ड बेडेन पावेल का जन्म कब हुआ था और उनको बचपन में स्टी के नाम से पुकारा जाता था। उन्होंने स्काउट गाइड प्रेरणा गीत गाया और बच्चों में स्काउटिंग भावना के बारे में अवगत कराया। साथ में विद्यालय के स्काउट मास्टर श्रीकृष्ण स्वरूप ने प्रशिक्षण के समय बच्चों को अनुशासन में रहना के बारे में बताया। विद्यालय के स्टाफ विशेष कुमार, सुनील कुमार पाल शिविर के दौरन लोगों का सहयोग रहा। स्काउट मास्टर ने बताया कि विद्यालय से बेसिक कोर्स के लिए विशेष कुमार व गाइड कैप्टन के लिए डा0 सीता सिंह प्रतिभाग करेगी। जो 7 फरवरी से भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड — समृद्धि न्यूज

किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

किशोरी को भगा ले जाने वाले युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया। 30 जनवरी को कोतवाली फतेहगढ़ के ग्रानगंज निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि अभिषेक कुमार उर्फ गोरा पुत्र राजेश कुमार निवासी मानपुर हरी थाना बेवर जिला मैनपुरी अपनी बुआ के यहां रह रहा था वह मेरी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 363/366 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। महिला उपनिरीक्षक रक्षा सिंह ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

खबरें एक नजर में

धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर दंपति सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। धोखाधड़ी के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने दंपति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना मऊदरवाजा के नगला खैरबंदी निवासी राहुल पुत्र श्रीनिवास ने न्यायालय में पुष्पा देवी पत्नी श्याम सिंह यादव व श्याम सिंह पुत्र विश्राम सिंह यादव निवासी ताजपुर टिगड़ा थाना राजा का रामपुर जिला कासगंज, देशराज पुत्र रघुनंदन निवासी नगला खैरबंदी थाना मऊदरवाजा, सर्वेश पुत्र जयवीर सिंह हकीकतपुर थाना कम्पिल व एक अज्ञात के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि गाटा संख्या 155 रखवा 0.0900 हेक्टर स्थित भूमि कुइयांबूट ग्राम पंचायत ढिलावल तहसील सदर अपने ताऊ के लड़के विनोद, देवेश, नंदलाल पुत्रगण बृज किशोर, ताई बेवा शकुंतला देवी के साथ सह खातेदार है। उक्त जमीन पर अन्य सहायक स्वामी अजय, राहुल, रिषि, सुग्रीव पुत्र श्रीनिवास व इनकी माता तारा देवी निवासी नगला खैरबंद है उपरोक्त सभी नौ लोगों ने पैसे की जरूरत अनुसार भूमि से आधा हिस्सा पुष्पा देवी पत्नी श्याम सिंह ताजपुर तिगड़ा को 7लाख 56 हजार में विक्रय तय किया था। जिसमें 1 लाख 90 हजार रुपया नगद दिया गया। शेष अन्य ढाई-ढाई लाख की चेक दी गई तथा 5 फरवरी 2019 को रजिस्ट्री बैनामा के दौरान 66 हजार रुपये दिये गये। इसी दौरान श्याम सिंह ने घर पर अगर कहा कि बैनामा में पते में कुछ गलती हो गई है, तहसील चलकर दोबारा सही करना है। पुराने परिचित होने के नाते विश्वास कर सभी लोग तहसील चले गए। इस दौरान षड्यंत्र के तहत बिना हमारे सहमति के भूमि का फर्जी तरीके से बैनामा अपनी पत्नी पुष्पा देवी के नाम कर लिया। पूर्व में किये विक्रय मूल्य 7 लाख 56 हजार दर्शाया जो पहले दिए गए है। वहीं चेक के नंबर उसमें दशा दिए जो कायमगंज एसबीआई शाखा की थी। प्रतिवादी के साथ गवाहों ने भी इस षड्यंत्र में उनके साथ दिया। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दंपत्ति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

न्यायालय के आदेश पर कार चोरी का मुकदमा दर्ज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। बाजार से अज्ञात चोर कार चुरा ले गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। जानकारी के अनुसार विवेक कुमार पुत्र ब्रह्मानंद निवासी निसाई ने अपनी हुन्डई कार संख्या यू.पी.76टी2331 चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि मै 15 दिसंबर 2023 की दोपहर 2 बजे अपनी कार से कन्हैया मुरहास बाजार घरेलू सामान लेने गया था। एक दुकान के सामने मैंने अपनी कार खड़ी कर दुकान से सौदा लेने चला गया। वापस आया तब तक अज्ञात चोर मेरी कार को चुरा ले गये। पुलिस ने मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रोजगार मेला पांच फरवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन 5 फरवरी प्रातः 10 बजे सोमवार को विकास खण्ड स्तरीय होगा। मेले में 16 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। जिसमें 1500 अभ्यार्थियों का चयन होगा। सभी अभ्यार्थी सभी दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचे। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव कुइयांधीर निवासी संजय कुमार पुत्र विनोद कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चाचा दीपक कुमार पुत्र स्वर्गीय गिरीश चंद्र प्रजापति बीते दिन मंझना कस्बे में बाइक से बाजार करने गये थे। जहां सांड के हमले से उसकी मौत हो गयी थी। जैसे ही बाइक सवार सड़क पर गिरा, तभी उधर से ट्रैक्टर आ गया। जिसकी भी टक्कर लग गयी थी। परिजन घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीड़ित ने थाने में ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर ट्रैक्चर चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

विवाहिता से मारपीट व धमकी देकर बेघर किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। किसी बात को लेकर विवाहिता के साथ उसकी सास एवं देवर ने अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम भैंसियापुर निवासी अंजलि पत्नी विपिन यादव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार को उसके देवर एवं सास ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज के नवीन सत्र का शुभारम्भ

नवीन सत्र के शुभारम्भ पर मौजूद अजय गंगवार सन्नू बाबू व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जसमई पचपुखरा रोड स्थित चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज का मुहूर्त के साथ नवीन सत्र का भण्डारण शनिवार से शुरु हो गया। पूजा अर्चना के साथ कोल्ड स्टोर में नवीन सत्र का भण्डारण प्रारंभ हुआ। संचालक अजय गंगवार सन्नू बाबू ने आये हुए व्यापारियों एवं आढ़तियों एवं व्यापारियों को भोज कराकर मिष्ठान वितरित किया। कोल्ड स्टोरेज के शुभारम्भ पर प्रथम दिन लगभग 15 हजार पैकेट का भण्डारण हुआ। जनपद के विभिन्न कोल्ड स्टोरेज संचालक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भाग लिया। इस मौके पर उमेश अग्रवाल, पप्पू रस्तोगी, महेन्द्र सिंह कटियार, जितेन्द्र यादव, भगवान सिंह गंगवार, अतर सिंह कटियार, अभय गंगवार के अलावा परिवार के लोग मौजूद रहे।

सीडीएस व पुलिस आवास निगम की खराब प्रगति पर डीएम ने लगायी फटकार

- 50 लाख से ऊपर निर्माण कार्यों की डीएम की समीक्षा
- समय पर कार्य पूरा न होने पर कार्यदायी संस्था होगी जिम्मेदार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सी0डी0एस0 व पुलिस आवास निगम की प्रगति सबसे खराब पाई गई। डीएम ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को सभी निर्माण कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट समय पर पूरा न होने पर कार्यदायी संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। डीएम ने निर्देश दिये कि सभी प्रोजेक्ट साइड पर प्रोजेक्ट का नाम और डिटेल लिखा हुआ साइनबोर्ड अवश्य लगाया जाये/सभी अधिशासी अभियंता प्रत्येक सप्ताह निर्माण कार्यों का स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, संबंधित अधिकारी एवं कार्यकारी संस्थाएं उपस्थिति रही।

बैठक लेते डीएम, मौजूद सीडीओ आदि — समृद्धि न्यूज

ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर तंबाकू के खेत में पलटा, चालक बचा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

ढाईघाट-शमशाबाद मार्ग पर स्थित ग्राम कासिमपुर तराई के निकट एक आटा चक्की लेकर जा रहा आयशर ट्रैक्टर उस वक्त तंबाकू के खेत में पलट गया, जब गांव की ओर से एक अन्य ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर कासिमपुर की जा रहा था। घटना के संबंध में बताया गया है शनिवार की दोपहर एक आयशर ट्रैक्टर जिसमें पीछे आटा चक्की लगी हुई थी। यह ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के ग्राम लोदीपुर की ओर जा रहा था। कासिमपुर के पास लोधीपुर जाते समय अचानक गांव की ओर से मुख्य मार्ग की ओर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली को क्रॉस करते समय अचानक संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर तंबाकू के खेत में गिरकर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। घबराए ट्रैक्टर चालक ने बचाव के लिए शोर मचाया, तो मौके पर तमाम लोगों को भीड़ जुट गई। लोगों ने ट्रैक्टर में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। ट्रैक्टर चालक नवाबगंज थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। बताया गया है ट्रैक्टर चालक चक्की के सहारे आटा पिसाई का कार्य करता है। ट्रैक्टर चालक ग्राम लोदीपुर की तरफ जा रहा था। अचानक सामने आए एक अन्य ट्रैक्टर जिसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और तंबाकू के खेत में पलट गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर चालक उपरोक्त घटना में बाल-बाल बच गया।

तम्बाकू के खेत में पलटा पड़ा ट्रैक्टर — समृद्धि न्यूज

दबंगों ने जबरन ग्रामीण की भूमि पर लगायी बाबा साहब की प्रतिमा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

दबंगों ने जबरदस्ती ग्रामीण की भूमि पर बगैर प्रधान की राय लिये बाबा साहब की प्रतिमा लगा दी। ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित नरेंद्र सिंह पुत्र संग्राम सिंह निवासी सहसा जगदीशपुर थाना नवाबगंज ने पुलिस की तहरीर में कहा है कि वह वर्तमान में वह उपरोक्त ग्राम का प्रधान है तथा हमारी ग्रामसभा घमुइया रसूलपुर में खाता संख्या-160 में सतीशचंद्र पुत्र बेचेलाल का यूकेलिप्टस पेड़ों का बाग है। जो कि घमुइया रसूलपुर निवासीगण करन सिंह पुत्र दाताराम, श्याम सिंह पुत्र राम भरोसे व रामऔतार व अमर सिंह पुत्रगण दर्शन सिंह व अमर सिंह पुत्र गुमानी व रामपाल पुत्र गुमानी, शिवनंदन पुत्र खेतल व 15 व्यक्ति अज्ञात लोगों ने जबरन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगा दी। इस कार्य को करने में ग्राम प्रधान से कोई भी सहमति नहीं ली गयी है।

गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी नगर पश्चिम द्वारा गांव चलो अभियान की कार्यशाला जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता जिला महामंत्री डीएस राठौर व विधानसभा संयोजक आदित्य मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चार फरवरी से भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले गांव चलो अभियान में गांव/बूथ के संयोजक व प्रवासियों की टीम बूथ पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर लोगों को सरकार के प्रति जागरूक करेंगे। दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहस्योजक अभिषेक त्रिवेदी ने बताया कि बूथ पर प्रवास के क्रम में वहां निवास करने वाले सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों से राष्ट्रवादी विचारों वाले दल से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का आह्वान भी करेंगे। नगर अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने सभी कार्यकताओ से मन की बात सहित सभी कार्यक्रमों को नमो पर डालने व हर बैठक में शक्ति केन्द्र के प्रभारी को भी उपस्थित रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर पियूष त्रिपाठी, स्वेता दुबे, अनिल श्रीवास्तव, रामकिशन दीक्षित, वीर बहादुर पाल, प्रमोद मिश्रा, राकेश बाथम, विशाल दुबे, हरगोविंद सैनी, बिल्लू सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते नगर अध्यक्ष विकास पाण्डेय

यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध रखने का उत्तम साधन: आचार्य विवेक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में कल्पवासियों को यज्ञ के वैज्ञानिक महत्व के विषय में विस्तार से बताया गया। आचार्य विवेक रीबन ने कहा कि यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध रखने का उत्तम साधन है। यज्ञ की प्रक्रिया हमारे पूर्वजों की देन है। हमारे पूर्वज नित्य प्रति यज्ञ किया करते थे। रामायण में एक वृतांत प्राप्त होता है कि जिस समय राम-लक्ष्मण, सीता वनवास काट रहे हैं एक स्थान से दूसरे स्थान की तरफ जाते हुए लक्ष्मण ने राम को संबोधित करते हुए कहा कि है भैया राम यह आगे मुझे धुयें का पहाड़ सा दिखाई दे रहा है यह क्या है। इस बात को सुनकर के राम ने प्रति उत्तर में कहा भैया लक्ष्मण यह प्रयाग नगरी है और इस प्रयाग नगरी के अंदर ऋषि महर्षि निवास करते हैं। वह प्रतिदिन इतने बड़े पैमाने पर यज्ञ करते हैं कि उसका धुंआ आपको यह पर्वत के रूप में नगरी के बाहर दिखाई दे रहा है। इतने वृतांत से यह पता चलता है कि यज्ञों का प्रचलन हमारे देश में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के समय बहुत बड़े पैमाने पर था। भगवान कृष्ण ने भी अपने जीवन में यज्ञ किया। राजेश आर्य, धनीराम बेधड़क व उदिता आर्या ने यज्ञ महिमा के गीत सुनाकर श्रद्धालुओं को यज्ञ करने का संकल्प कराया। कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री, स्वामी देवानंद, राजकुमार आर्य, उत्कर्ष आर्य, प्रशांत आर्य, शिशुपाल आर्य, लालू, रेनू आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

प्रवचन करते आचार्य विवेक — समृद्धि न्यूज

सेवा पांचाल नगरी कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

4 फरवरी रविवार को सेवा पांचाल नगरी संस्था द्वारा कैम्प में सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष व अपर जिलाधिकारी सुभाष प्रजापति करेंगे। संस्था का उद्देश्य सिर्फ सेवा भावना है। मेला श्रीराम नगरिया में सेवा पांचाल नगरी द्वारा कैम्प कार्यालय का उद्घाटन एडीएम द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी संस्था प्रमुख राहुल वर्मा ने दी है।

दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमटी

कप्तान बेन स्टोक्स ने 47 रनों की तेज पारी खेल जरूर कुछ संघर्ष किया, लेकिन बुमराह ने उन्हें बोल्ड कर भारत को राहत दिलाई

विशाखापत्तनम, एजेंसी।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (15.5 ओवर 45 रन देकर 6 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने यहां दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 253 रनों पर समेट दी। पहली पारी के आधार पर भारत को 143 रनों की बढ़त मिल गई है। भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। पहली पारी में इंग्लैंड के जैकक्रॉली और बेन डकेट ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़े। कुलदीप यादव ने डकेट (21) को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। 114 के कुल स्कोर पर अक्षर पटेल ने अपने शतक की ओर बढ़ रहे क्रॉली को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। क्रॉली ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 76 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 78 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और 2 छक्के लगाए।

विशाखा पट्टनम टेस्ट

बुमराह ने 123 के कुल स्कोर पर जो रूट (05) को स्लीप में शुभमन गिल के हाथों कैच कराकर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया।

पिछली मैच में इंग्लैंड को शतकीय पारी खेल जीत दिलाने वाले ओली पोप को बुमराह ने बोल्ड कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। पोप ने 23 रन बनाए। इसके बाद बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (25)को भी चलता कर इंग्लैंड का स्कोर 159 रन पर 6 विकेट कर दिया।

हालांकि इसके बाद कुलदीप यादव ने अपने स्पिन के जाल में फंसाकर बेन फोक्स (06) और रेहान अहमद (06) को चलता कर इंग्लैंड को दोहरा झटका दिया। कप्तान बेन स्टोक्स ने 47 रनों की तेज पारी खेल जरूर कुछ संघर्ष किया, लेकिन बुमराह ने उन्हें बोल्ड कर भारत को राहत दिलाई। इसके बाद उन्होंने टॉम हार्टले (21) को आउट कर मैच में अपने 5 विकेट पूरे किये। बुमराह ने 253 के कुल स्कोर पर जेम्स एंडरसन (06) को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लिश पारी का अंत किया। शोएब बशीर 8 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 6, कुलदीप यादव ने 3 और अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया।

यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक

इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बेहतरीन दोहरे शतक की बदौलत भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 396 रन बनाए। जायसवाल ने 290 गेंदों का सामना किया और 19 चौके और सात छक्के की ममद से 209 रन बनाए। जायसवाल के अलावा शुभमन गिल (34), रजत पाटीदार (32), श्रेयस अय्यर (27), अक्षर पटेल (27) और रविचंद्रन अश्विन (20) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिये। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर, रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन ने 3-3 व टॉम हार्टले ने 1 विकेट लिया।

इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने पर यशस्वी के घर जश्न

भदोही, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के जनपद भदोही के युवा क्रिकेट यशस्वी जायसवाल की सफलता में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। भारत-इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट मैच में युवा फ़िरकी यशस्वी ने दोहरा शतक लगाया है। जायसवाल की बल्लेबाजी को लेकर गृहनगर और घर पर जश्न का माहौल है। लोगों ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटने के साथ भांगड़ा डांस भी किया। भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल भदोही जिले के सुरियावांनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने इंग्लैंड टीम के विरुद्ध शानदार लम्बी पारी खेलते हुए टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ा है। इसके बाद उनके घर पर खुशी का माहौल है।यशस्वी के पिता भूपेंद्र जायसवाल ने कहा कि मेरे परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है, यह उनके लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है कि उनके बेटे ने दोहरा शतक जड़ा। वह बेटे के बेहतरीन प्रदर्शन से बेहद खुश हैं। अपनी पेंट की दुकान में बैठ कर पिता मोबाइल पर खुद बेटे का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन देख रहे थे। भूपेंद्र ने कहा कि हमारे उप्र के लिए यह गौरव की बात है कि एक हीरा मिला है। यशस्वी प्रदेश और भदोही नाम रौशन कर रहा है। हमारे जनपद और घर में उसकी इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है।

राष्ट्रपति ने सात उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की नियुक्त की

- केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालयों के उन सात न्यायाधीशों और कार्यवाहक न्यायाधीशों की पदोन्नति संबंधी घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सात उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और कार्यवाहक न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। केंद्र सरकार ने अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर विभिन्न उच्च न्यायालयों के उन सात न्यायाधीशों और कार्यवाहक न्यायाधीशों की पदोन्नति संबंधी घोषणा की है।केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह को पदोन्नत कर उड़ीसा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई को पदोन्नत कर गौहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश? किया गया है। इसी प्रकार राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को पदोन्नत कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन को पदोन्नत कर मेघालय उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति (कुमारी) रितु बाहरी को पदोन्नत कर उत्तराखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति कई है। राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को पदोन्नत कर इसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया को पदोन्नति कर इसी उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

श्रमिकों के सौ दिन के काम के बकाए का भुगतान करेगी ममता सरकार

कोलकाता, एजेंसी।

कोलकाता के रेड रोड पर बंगाल के प्रति केंद्र सरकार के कथित उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ दो दिनों से धरने पर बैठीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल के मजदूरों को 100 दिनों के काम के बकाए का भुगतान करेगी। 21 फरवरी को 21 लाख वंचित लोगों के खाते में पैसे आएंगे।ममता बनर्जी ने कहा कि जिन 21 लाख श्रमिकों का पैसा केंद्र सरकार ने नहीं दिया है, उनका पैसा 21 फरवरी को उनके बैंक खाते में चला जाएगा। राज्य सरकार यह धनराशि भेजेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल से केंद्र ने मजदूरों को 100 दिनों का पैसा नहीं दिया है। बंगाल सरकार उस बकाए का भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि 11 लाख आवास को अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है। आवास के विषय पर वह बाद में बात करेंगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के साथ राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। भाजपा सांसद दिलीप घोष ने कहा कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र से अलग-अलग समय पर 2 लाख 29 हजार करोड़ रुपये आए लेकिन राज्य ने इसका कोई हिसाब नहीं दिया। आपातकालीन निधि का भी हिसाब नहीं है। अगर पैसे थे तो पहले ही दिए जा सकते थे।

उपराष्ट्रपति ने किया पुस्तक का विमोचन भारत का अमृतकाल आज गौरव काल



फरीदाबाद,एजेंसी

फरीदाबाद। भारत के उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को यहां हरियाणा सरकार के नौ वर्षों पर आधारित नये एवं जीवंत हरियाणा का उदय शीर्षक नामक पुस्तक का विमोचन किया और कहा कि भारत का अमृतकाल आज गौरव काल है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्मयंत्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पुस्तक का विमोचन करने के बाद उपराष्ट्रपति ने हरियाणा को देश के लिए रोल मॉडल बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की दूरदर्शी सोच के अनुरूप व्यवस्था परिवर्तन और सुशासन को लेकर किया गया कार्य आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश के ट्रांसपेरेंट-अकाउंटेबल-ऑनेस्ट रिक्रूटमेंट प्रोसेस की चर्चा पूरे देश में होती है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह से बदल रहा है। आज के दिन उभरते हुए भारत को आप देखेंगे तो जो परिकल्पना हमारी सांस्कृतिक विरासत में है वो हमारी तरक्की में पूरी तरह झलक रही है।

केजरीवाल को क्राइम ब्रांच का नोटिस

आप विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में जवाब मांगा

नयी दिल्ली,एजेंसी

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार 3 फरवरी को करीब 5 घंटे तक सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर इंतजार करने के बाद नोटिस दिया। क्राइम ब्रांच ने आप विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामले में केजरीवाल से 3 दिन में जवाब मांगा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम कल (4 फरवरी को) मंत्री आतिशी को नोटिस देने जाएगी। दिल्ली सीएमओ के सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल आवास पर नहीं थे। उनकी गैरमौजूदगी में सीएमओ नोटिस लेने के लिए तैयार थे, लेकिन क्राइम ब्रांच के अधिकारी उन्हें रिसीविंग नहीं दे रहे थे। इसे लेकर दोपहर क्राइम ब्रांच और सीएमओ के अफसरों के बीच लंबे समय तक बहस होती रही। आप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा-मोदी ने केजरीवाल के घर तमाशा करने के लिए पुलिस भेजी है। भाजपाई पुलिस एक सवाल का जवाब भी नहीं दे पाई। किस कानून में लिखा है नोटिस सिर्फ मुख्यमंत्री को पर्सनली दिया जा सकता है? केजरीवाल ने 27 जनवरी को आरोप लगाया था कि भाजपा ने आप के 7 विधायकों को पार्टी छोड़ने के लिए 25-25 करोड़ रुपए की पेशकश की है। साथ ही केजरीवाल सरकार को गिराने की धमकी भी दी है। केजरीवाल के मुताबिक, भाजपा ने आप के 7 विधायकों से कहा कि 21 एमएलए से बात हो गई है। बाकी विधायकों से भी बात कर रहे हैं। आप आ जाओ। 25 करोड़ रुपए देंगे और भाजपा की टिकट से चुनाव लड़वा देंगे। दिल्ली भाजपा इकाई ने 30 जनवरी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को एक शिकायत सौंपी और आप के आरोपों की जांच करने को कहा।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इस मामले में केजरीवाल को नोटिस देकर जांच में शामिल होने और सबूत देने की मांग कर रही है। क्राइम ब्रांच की टीम शुक्रवार (2 फरवरी) को भी केजरीवाल और मंत्री आतिशी को नोटिस देने गई थी। हालांकि, दोनों अपने आवास पर नहीं थे, जिसके कारण पुलिस बिना नोटिस दिए लौट गई। दिल्ली पुलिस ने बताया कि किसी ने नोटिस नहीं लिया। हालांकि, सीएमओ ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस बिना नोटिस दिए ही चली गई थी।

बयान | **कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस हुई,पीएम बोले**

21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता

- पिछले कुछ महीनों में मैंने कई अवसरों पर कानूनी बिरादरी के साथ बातचीत की। इस तरह की बातचीत बेहतर और तेज न्याय वितरण के समाधान के अवसर लाती है

नयी दिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल रहे।कॉन्फ्रेंस की थीम क्रॉस-बॉर्डर चौलेंजेस इन जस्टिस डिलीवरी रही, जो न्यायिक परिवर्तन, कानूनी अभ्यास के नैतिक आयाम, कार्यकारी जवाबदेही और कानूनी शिक्षा के आधुनिकीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित है। पीएम ने कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन और कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ के जी20 का हिस्सा बनने पर गर्व होने की बात कही। टेटर फंडिंग, देशों के बीच संबंध, 21वीं सदी की चुनौतियों पर भी चर्चा की। पीएम ने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की ओर से मैं अपने सभी अंतरराष्ट्रीय मेहमानों का स्वागत करता हूं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप अविश्वसनीय भारत का पूरा अनुभव लें। अफ्रीकी संघ के साथ भारत का विशेष संबंध हैं। हमें गर्व है कि अफ्रीकी संघ भारत के दौरान जी20 का हिस्सा बना। क्रिमिनल्स का कई देशों और क्षेत्रों में बड़ा नेटवर्क है। वे फंडिंग और ऑपरेशन्स को अंजाम देने लिए हाई-टेक्निक अपना रहे हैं। क्रिप्टो करेंसी के बढ़ने और साइबर खतरों के कारण नई चुनौतियां सामने आ रही हैं।

भारत को औपनिवेशिक काल से कानूनी व्यवस्था विरासत में मिली है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में हमने इसमें कई सुधार किए हैं। औपनिवेशिक काल के हजारों अप्रचलित कानूनों को खत्म कर दिया है। पहले सजा और दंडात्मक पहलुओं पर ध्यान दिया जाता था, लेकिन अब न्याय को प्रोत्साहित करने पर ध्यान है। 21वीं सदी की चुनौतियों से 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं लड़ा जा सकता है। पुनर्विचार, पुनर्कल्पना और सुधार की आवश्यकता है। इसमें न्याय प्रदान करने वाली कानूनी प्रणालियों का आधुनिकीकरण शामिल है। इसमें हमारे सिस्टम को अधिक फ्लैगजिबल और व्यवस्थित बनाना भी शामिल है। देशों को जांच और न्याय वितरण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए भी सहयोग हो सकता है। जब हम साथ मिलकर काम करते हैं, तो क्षेत्राधिकार न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। जब हम सहयोग करते हैं, तो हम एक-दूसरे के सिस्टम को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। बेहतर समझ बेहतर तालमेल लाती है और तालमेल बेहतर और तेज न्याय वितरण को बढ़ावा देता है। पीएम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में मैंने कई अवसरों पर कानूनी बिरादरी के साथ बातचीत की। इस तरह की बातचीत बेहतर और तेज न्याय वितरण के समाधान के अवसर लाती है। भारतीय चिंतन में न्याय को बहुत महत्व दिया गया है।

खबरें एक नजर में

मलाबार ने आलमबाग में स्टोर का किया उद्घाटन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रमुख रिटेल आभूषण विक्रता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लखनऊ के आलमबाग में अपना नया स्टोर खोला, जिससे विश्वस्तरीय आभूषण खरीदारी अनुभव प्रदान करने की अपनी पहुंच और प्रतिबद्धता का और विस्तार हुआ। ए-100, सेक्टर-बी, कानपुर रोड, एलडीए कॉलोनी, आलमबाग, लखनऊ में स्थित 5844 वर्ग फुट के विशाल स्टोर का उद्घाटन समारोह 3 फरवरी, 2024 को हुआ। उद्घाटन में भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर की गरिमामयी उपस्थिति रही। नए स्टोर की शुरुआत को लेकर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, हम मलाबार अनुभव को आलमबाग, लखनऊ में लाने के लिए उत्साहित हैं। हमारा नया स्टोर सिर्फ आभूषण बेचने के बारे में नहीं है बल्कि हमारे ग्राहकों के लिए यादगार पल बनाने के बारे में भी है।

तमाशा करने के मकसद से केजरीवाल के घर गईं पुलिस

नयी दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि तमाशा करने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पुलिस भेजी है। आप ने एक्स पर कहा, ÷एक सवाल का जवाब भी नहीं दे पाई भाजपाई पुलिस इसलिए तमाशा करने के मकसद से श्री मोदी ने श्री केजरीवाल के घर पुलिस भेजी है। यह किस कानून में लिखा है नोटिस सिर्फ मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत रूप से दिया जा सकता है? इससे साफ है भाजपा को सिर्फ तमाशा करना है।÷ आप नेता और राज्यसभा संसद संदीप पाठक ने कहा, एक-एक करके देश की सारी संस्थाएँ मोदी जी बर्बाद कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस को अब अपने नौटंकी का हिस्सा बना लिये हैं । सभी अधिकारियों को अब नहीं कहना सीखना पड़ेगा चाहे जितना भी दबाव आये। उन्होंने कहा कि इतना कुछ काम है देश में जो करना है पर भाजपा सिर्फ़ स्लोगन और नाटक में लगी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर दिल्ली पुलिस की टीम एक मामले में नोटिस देने पहुंची है।

सीबीआई ने आठ स्थानों पर तलाशी ली

नई दिल्ली, एजेंसी। जाली अधिवास प्रमाणपत्र रैकेट मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को कोलकाता और 24 उत्तरी परगना जिले में 8 स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई की यह कार्रवाई जाली अधिवास प्रमाण पत्र जारी करने वाले सक्रिय गिरोह के खिलाफ है। जाली अधिवास प्रमाण पत्रों का उपयोग सेना व अर्द्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए किया जा रहा था। सीबीआई की यह कार्रवाई कलकत्ता हाई कोर्ट के बुधवार को उस आदेश के साथ जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें हाई कोर्ट ने सीबीआई को भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में अनियमित भर्तियों के आरोपों की जांच शुरू करने का आदेश दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस जय सेनगुप्ता ने सीबीआई को तुरंत एफआईआर दर्ज़ कर आरोपों की जांच शुरू करने को कहा था। शिकायत के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हुगली जिले के निवासी एक याचिकाकर्ता ने इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित एक पत्र लिखा था।

एनआईए ने तस्करी मामले में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली,एजेंसी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही मामले में एनआईए ने एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मिजोरम के ममित इलाके के रहने वाले लालनगाइहौमा के रूप में हुई है। एनआईए के मुताबिक भारत के कुछ उत्तर पूर्वी राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद आपूर्ति नेटवर्क के संचालन के बारे में इनपुट के बाद मुख्य आरोपित लालनगाइहौमा आइजोल मिजोरम से पकड़ा गया। आरोपित की गिरफ्तारी गुरुवार को हुई थी। एनआईए ने अपने बयान में कहा है कि यह मुख्य आरोपित अन्य लोगों के साथ न केवल उत्तर-पूर्वी राज्यों में बल्कि सीमा पार भी हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की तस्करी में लगा हुआ था। वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पार स्थित विद्रोही समूहों सहित विभिन्न गुर्गों के साथ मिलकर काम कर रहा था।

पीएम 6 फरवरी को एनआईटी गोवा परिसर का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 फरवरी को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) गोवा के स्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार इस मौके पर गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग और पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक और दक्षिण गोवा से सांसद फ्रांसिस्को सरदिन्हा आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

देश में नफ़रत फैला रही है केन्द्र सरकार : राहुल

दुमका, एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बड़े पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रही है लेकिन किसानों के छोटे ऋण को माफ करने से कतरा रही है। गांधी भारत न्याय यात्रा के क्रम में झारखंड दौरे के दूसरे दिन दुमका जिले के सरैयाहाट में शनिवार को आयोजित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और आर एस एस के लोग देश में हिंसा और नफ़रत फैला रहे हैं। जबकि कांग्रेस देश मोहब्बत की दुकान के माध्यम से भाई के भाई को दिल जोड़ने में जुटी है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में केन्द्र में जब हमारी सरकार आएगी तो समूचे देश में जाति जनगणना को लागू किया जाएगा।श्री गांधी ने कहा कि आरएसएस और भाजपा के लोग देश में जहां भी हिंसा और फैलाने में लगे है।

बिहार में विभागों का बंटवारा, जेडीयू से ज्यादा बीजेपी के पास

नीतीश ने अपने पास रखा गृह विभाग, तेजस्वी के विभाग सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को दिए

पटना,एजेंसी

पटना बिहार में एनडीए सरकार बनने के 6 दिन बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सीएम नीतीश पहले की तरह ही गृह विभाग संभालेंगे। तेजस्वी यादव के विभागों को दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के बीच बांटा गया है। बंटवारे में सबसे ज्यादा बीजेपी को 23, जदयू को 19, हम को 2 और निर्दलीय को एक विभाग मिला है।बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को वित्त विभाग और डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को पथ निर्माण और कृषि विभाग की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, मंत्री विजय चौधरी को जल संसाधन संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, गृह विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन एवं ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के पास वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु एवं मत्स्य संसाधन, विधि विभाग की जिम्मेदारी रहेगी। विजय कुमार सिन्हा के जिम्मे कृषि, पथ निर्माण, राजस्व एवं भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खनन एवं भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति एवं युवा, लघु जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी रहेगी।(देहरादून) अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए यूसीसी की बात कर रही है बीजेपी, हरीश रावत का आरोप देहरादून वरिष्ठ कांग्रेस नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र और राज्यों की सरकार अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए बार-बार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की बात कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित कानून को समान नागरिक संहिता कहना सही नहीं है क्योंकि इसका दायरा केवल एक राज्य तक सीमित होगा। हरीश रावत ने कहा, एक संहिता जिसके लागू होने का दायरा एक राज्य तक सीमित होगा, उसे यूनीफॉर्म कैसे कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाओं से बाहर यूसीसी का कोई अर्थ ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि ''भाजपा यूसीसी का इस्तेमाल महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के नीचे दबी जनता का ध्यान हटाने के लिए कर रही है। न तो केंद्र सरकार ने और न ही उत्तराखंड की धामी सरकार ने कोई विकास कार्य किया है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर कानून बन जाता है तो भी प्रदेश की जनता को इससे कुछ हासिल नहीं होने वाले हैं। उन्होंने इस कवायद में करोड़ों रुपए बर्बाद किए जाने को उचित ठहराए जाने पर भी सवाल उठाए। यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति ने मसौदे का दस्तावेज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा था। यूसीसी पर विधेयक लाने के लिए 5 फरवरी से राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है।